उपचुनाव

## डुमरी उपचुनाव से उभरे दो किस्म के राजनीतिक संदेश

# झामुमो की जीत पर आजसू की चुनौती

- भाजपा के सारे नेताओँ की आलोचना
- कोरोना काल में भी सक्रिय थे सुदेश
- रघुवर दास के काल में बिगड़े रिश्ते



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** डुमरी विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव में राज्य की मंत्री बेबी देवी ने जीत दर्ज कर ली है। यह कहा जा सकता है कि यह चुनाव हर चक्र की गिनती के साथ ही उतार चढ़ाव वाला बना रहा। ब्चुनाव परिणाम ने एक नहीं दो संकेत साफ कर दिये हैं। इनमें से एक का उल्लेख झामुमो के नेताओं ने अपने बयान में भी किया है। झामुमो नेताओँ ने कहा है कि भाजपा के तीन पूर्व मुख्यमंत्री और आजसू का एक पूर्व उप मुख्यमंत्री भी एनडीए प्रत्याशी की जीत में कोई भूमिका निभा नहीं पाया। लेकिन इसके साथ जो मुद्दा जुड़ा है वह स्वर्गीय जगरनाथ महतो की लोकप्रियता की रही है। उन्हें श्रद्धांजलि देने के बहाने उनके परिवार को समर्थन देने की होती है, यह भी जगजाहिर बात है। अगले चुनाव में यह सोच शायद काम नहीं कर पायेगी। इसके बाद से नवनिर्वाचित विधायक को अपने बलबूते पर अपनी जमीन बनाने की जरूरत कहीं न कहीं हेमंत सोरेन की भी एक भावी चुनौती के भंवर में डालने जा रही है। अब दूसरी तरफ की बात करें तो आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने यह साबित कर दिया है कि कोरोना काल से ही चुपचाप अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करने का परिणाम अब सामने आने लगा है। इस बात को लेकर बहस की कोई गुंजाइश नहीं है कि वह एकमात्र नेता रहे, जिन्होंने कोरोना लॉकडाउन के दौरान भी लगातार अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम किया। डुमरी का चुनाव भी इसी प्रयास का एक छोटा सा नतीजा है। इसलिए आने वाले दिनों की चुनावी राजनीति पर आकलन करें तो यह स्पष्ट होता जा रहा है कि किसी भी दल के लिए आजसू का निरंतर बढ़ता संगठन एक बड़ी चुनौती बनकर उभर सकता है।

सुदेश महतो की कार्यशैली पर गौर करें तो बसपा नेता स्वर्गीय कांसी राम की बात याद आती है। उन्होंने यह मंत्र दिया था कि पहले हारो, फिर हराओ तब जीतो। घोसी में मायावती का चुप्पी साध लेना भी इसका एक नमूना भर है। यह माना जाना चाहिए कि आने वाले दिनों में सुदेश महतो चाहे वह एनडीए हो अथवा इंडिया हो, सभी के बीच एक नई ताकत के साथ उभरते चले जा रहे हैं। इसके बीच सुदेश महतो अपने ही राजनीतिक गठबंधन यानी एनडीए के शीर्ष नेतृत्व को भी यह संदेश देने में कामयाब रहे हैं कि भाजपा के कद्दावर नेताओँ के मुकाबले जमीनी स्तर पर उनकी पकड़ मजबूत है। दरअसल रघुवर दास के शासनकाल में भी सुदेश महतो के साथ रघुवर दास के रिश्ते इतने कड़वे हो चुके थे कि आम तौर पर सुदेश भाजपा के रघुवर दास समर्थ गुट से दूरी बनाकर चलते हैं। पिछले चुनाव के दौरान भी उन्होंने सीटों का फैसला दिल्ली जाकर किया था। इससे साफ है कि राज्य के युवा नेताओं में हेमंत सोरेन के लिए अब सुदेश महतो एक बड़ी चुनौती बनकर उभर रहे हैं।

## न्यूज फटाफट

### झारखंड में शुरू होगी अबुआ भाषा सिनेमा : केंद्रीय सरना समिति



रांची :करम टोली चौक स्थित केंद्रीय धुमकुड़िया भवन में शनिवार को झारखंड सिनेमा व कलाकार कल्याण संस्था द्वारा केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अध्यक्षता में की गयी। उन्होंने कहा कि झारखंड में विलुप्त हो रही भाषा एवं कला संस्कृति को संरक्षित करने के लिए अबुआ भाषा सिनेमा की शुरूआत की जायेगी। सभी सिनेमा घरों में स्थानीय भाषाओं की फिल्मों को दिखाने का प्रयास किया जाएगा। झारखंडी कलाकारों द्वारा बनाई गई फिल्मों को पंचायत भवन में दिखाने का प्रयास किया जाएगा।केंद्रीय आदिवासी मूलवासी सदान मोर्चा के अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा कि हमारा समाज अपनी भाषा एवं अपनी संस्कृति को भूलता जा रहा है। इसलिए झारखंडी कला संस्कृति को ज्यादा से ज्यादा फिल्मों में दिखाने का प्रयास किया जाये, ताकि अपनापन दिख सके। फिल्म निर्देशक रंजू मिंज ने कहा कि शहर से लेकर गांव तक झारखंड में बनी फिल्मों को दिखाने का प्रयास किया जाए। इसके लिए झारखंड के सभी कलाकारों को सिनेमा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर कलाकार डॉ युगल किशोर मिश्रा, राजीव सिन्हा, अनिल सिकदर, आनंद जलान, पंकज पाठक, कृष्णा सारथी, मनोज चंचल, दशरथ हांसदा, मनोज तिवारी, विजय आनंद, अमित मुंडा, रविंद्र पांडे, ऋषि प्रकाश मिश्रा,अश्वनी कुमार,दीपक लोहार, विनोद महली शामिल है।

## बेबी देवी ने बेटे संग रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में लगाई हाजिरी



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**मद्य निषेध मंत्री व डुमरी उपचुनाव में मिली जीत के बाद नवनिर्वाचित विधायक बेबी देवी शनिवार को रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में अपनी हाजिरी लगाई और पूजा अर्चना कर मां से आशीर्वाद मांगा। बेटे अखिलेश महतो संग मंदिर पहुंची बेबी देवी का स्वागत पूर्व विधायक ममता देवी, कांग्रेस नेता बजरंग महतो व अन्य नेताओं ने बेहद गर्मजोशी के साथ किया। सभी नेताओं ने उन्हें जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बता दें कि शुक्रवार को हुए डुमरी उपचुनाव के मतगणना में बेबी देवी ने एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी को 17 हजार से अधिक मतों से हराकर विधानसभा की सदस्य बनी हैं। इससे पहले उनके पति और पूर्व मंत्री स्व। जगरनाथ महतो इस सीट से चार बार विधायक रहे हैं। बेबी देवी के मंदिर आने की सूचना पर उन्हें देखने के लिए मौके पर भारी भीड़ जुट गई थी।

### सरयू राय ने सीएम से की रांची और पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी के ट्रांसफर में

# सिविल सर्विसेज बोर्ड के प्रावधानों की अवहेलना की शिकायत

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** विधायक सरयू राय ने भारतीय प्रशासनिक और पुलिस सेवा के अधिकारियों के समय पूर्व ट्रांसफर, पोस्टिंग को लेकर सवाल उठाया है। उस संबंध में उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन को शनिवार को लेटर भी लिखा। मुख्य सचिव से भी सवाल करते यह जानना चाहा है कि अपने पद पर न्यूनतम निर्धारित अवधि पूरा करने के काफी पहले पूर्वी सिंहभूम के डीसी, एसएसपी जैसे अधिकारियों के स्थानांतरण करने के बारे में सिविल सर्विसेज बोर्ड की मीटिंग में क्या कारण अंकित किया गया है।मॉनसून सत्र 2023 के दौरान विधानसभा में उन्हें जानकारी दी गयी थी कि वर्ष 2020 में 65, 2021 मे 69 और 2022 में 80 प्रशासनिक पदाधिकारियों का स्थानांतरण राज्य सरकार ने उनके कार्यकाल की निर्धारित न्यूनतम अवधि पूरा होने के पहले किया है। ये स्थानांतरण सिविल सर्विसेज बोर्ड में समीक्षोपरांत किये गये। इसके कुछ दिन पहले कार्यकाल की निर्धारित अवधि पूरा होने के काफी पहले पूर्वी सिंहभूम के डीसी का ट्रांसफर भी सरकार ने कर दिया था।अब 8 सितंबर को इसी जिले के एसएसपी और रांची के एसएसपी का स्थानांतरण भी उनके कार्यकाल की न्यूनतम निर्धारित अवधि पूरा होने के पहले कर दिया गया। सरकार का यह निर्णय एक केन्द्रीय अधिनियम के तहत जारी भारत सरकार की अधिसूचना 28.01.2014 और इसके आलोक में झारखंड सरकार द्वारा दिनांक 24.02.2015 को निर्गत अधिसूचना के तहत गठित सिविल सर्विसेज बोर्ड के प्रावधानों का उल्लंघन है।सरयू राय के मुताबिक हालिया ट्रांसफर, पोस्टिंग में सिविल सर्विसेज बोर्ड के प्रावधानों को दरकिनार किया गया है। जिस भावना से ये अधिसूचनाएँ निर्गत की गई हैं, उस भावना के भी विपरीत है। दो जिलों के एसएसपी के स्थानांतरण में राजनीतिक हस्तक्षेप की बू आती है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अनुचित एवं मनमाना राजनीतिक हस्तक्षेप से संरक्षण देना और उन्हें विधि सम्मत दायित्व का निर्वहन करने का अवसर देना ही केन्द्र द्वारा प्रासंगिक अधिनियम को पारित करने एवं जारी अधिसूचनाओं को निर्गत करने का उद्देश्य है। अफसोस है कि राज्य सरकार एतदसंबंधी दायित्व का पालन करने के प्रति गंभीर नहीं है। इससे पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों का मनोबल टूटेगा, वे हतोत्साहित होंगे जिसका प्रतिकूल प्रभाव जनहित पर होगा।

## रांची के हरमू में भाजपा का मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी संग्रह अभियान शुरू

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** भारतीय जनता पार्टी हरमू मंडल के द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी को नमन एवम वीरों को वंदन राष्ट्र के बलिदान देने वाले वीरों को समर्पित अभियान का मंगलारंभ विद्यानगर हरमू से हुआ इस कार्यक्रम के हरमू मंडल प्रभारी दीनदयाल बरनवाल ने कहां की दिल्ली में अमृत वन का निर्माण हो रहा है , जिसमें देश के हर घर से एक चुटकी , मिट्टी या चावल या 5 तुलसी के पत्ते लेना है और इसे संग्रहित कर दिल्ली जाया जाएगा। पूरे देशवासी के सहयोग से भव्य अमृत वन का निर्माण होगा।रांची महानगर अध्यक्ष के के गुप्ता ने कहा कि आज भारतवर्ष में सभी घरों से एक चुटकी माटी या तुलसी पत्ता या एक मुट्ठी चावल संग्रह करके देश की राजधानी दिल्ली में अमृत वन का निर्माण हो रहा है। जिसमें हम सभी के घरों का कुछ ना कुछ हिस्सा उसमें लगेगा और यह हम सभी के लिए गौरव का बात है। मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य अरुण कुमार झा, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता दीनदयाल बरनवाल, वार्ड 34 के पार्षद विनोद सिंह मंडल उपाध्यक्ष संजू देवी संजय यादव अमित सिंह महामंत्री अनुज शर्मा महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन सिंह , मोर्चा महामंत्री निधि पटेल वीरेंद्र सिंह राकेश सिंह विनोद सिंह गोपाल कुमार मुरारी प्रसाद, सूरज कुमार बरनवाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## 10 सितंबर को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी आएंगे देवघर

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव 10 सितंबर को देवघर आएंगे। उनके साथ उनकी पत्नी और पूर्व सीएम राबड़ी देवी भी रहेंगी। देवघर में बाबा बैद्यनाथ मेंदिर में दोनों पूजा अर्चना करेंगे। इस संबंध में पार्टी प्रवक्ता अनिता यादव ने कहा कि लालू प्रसाद का यह कार्यक्रम बेहद निजी और पारिवारिक है। लालू यादव बाबा भोले नाथ का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक करेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि उनके द्वारा इस दौरान कोई भी राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होगा। हालांकि चर्चा यह भी है कि इस दौरान झारखंड राजद के कई सीनियर नेता उस दौरान देवघर में रह सकते हैं। और पार्टी सुप्रीमो से मिशन 2024 के तहत लोकसभा चुनाव को लेकर संभावित सीटों पर कोई चर्चा हो। डुमरी उपचुनाव की जीत के बाद आगामी लोकसभा चुनाव में राजद की ताकत का एक अनुमान भी लगाया जाएगा।

आह्वान

### भ्रष्टाचार मुक्त और विकास युक्त झारखंड केलिए भाजपा को समर्थन देने का किया आह्वान

# हेमंत सरकार की नीयत साफ नहीं,नीति ऐसी बनाते हैं जो न्यायालय में फंस जाए: बाबूलाल मरांडी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** संकल्प यात्रा हजारीबाग पहुंची। हजारीबाग जिला स्कूल मैदान में विधानसभा क्षेत्र की विशाल संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मरांडी ने हेमंत सरकार के सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार,अपराध ,लूट एवम वादा खिलाफी को उजागर किया। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार की न नीति साफ है और न नीयत। यह सरकार जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले पौने चार वर्षों से मुख्यमंत्री झूठा प्रचार कर रहे है। यह सरकार स्थानीय नीति और नियोजन नीति के नाम पर युवाओं को सिर्फ बहला रही है।सरकार ऐसी ही नीति बनाती है जो न्यायालय में जाकर फंस जाए। हेमंत सरकार ने पिछड़े वर्ग को भी धोखा दिया ।पंचायत चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण से वंचित किया।और अब निकाय चुनाव केलिए ट्रिपल टेस्ट का कोई काम शुरू नही हुआ।

पिछड़ा वर्ग आयोग भी फंक्शन में नही। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार से विकास की उम्मीद बेमानी है। यह सरकार जनता की सेवा केलिए नही बनी। कहा कि सरकार का कार्य अपराध ,भ्रष्टाचार रोकना है लेकिन हेमंत सरकार अपराध भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही अपराधियों भ्रष्टाचारियों ,दलालों,बिचौलियों का संरक्षण कर रही।

उन्होंने कहा कि राज्य में खान ,खनिज ,कोयला,लोहा,पत्थर , बालू की लूट मची है।झारखंड के लोगों को घरेलू उपयोग केलिए नदी सेबालू लेने पर पुलिस पकड़ती है।जबकि दलाल बिचौलिए बिहार बंगाल, दिल्ली मुंबई तक बालू ले जा रहे।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और उनका परिवार नाम बदलकर गरीब आदिवासी का जमीन लूट रहे।कहा कि जब जांच एजेंसियां कारवाई करती है तो मुख्यमंत्री अपराधियों को बचाने केलिए सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करते हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम हैं। बहन बेटियां सुरक्षित नहीं।राज्य में अपराधी बेटियों को पेट्रोल छिड़क कर जला रहे।बेटियों को टुकड़ों में काट रहे।बलात्कार के बाद हत्या कर पेड़ में टांग दे रहे। व्यवसायियों को मोबाइल पर धमकी देते है।जेल से धमकी देते है। यह सरकार के संरक्षण के बिना संभव नहीं।इसीलिए अब राज्य की जनता कहती है हेमंत है तो अपराधियों को हिम्मत है।

कहा कि पुलिस अपराधियों पर कार्रवाई की जगह वसूली में लगी है।आज बिना पैसे दिए मृत्य प्रमाणपत्र भी नही बनता।राशन कार्ड में नाम नही जुड़ते। पदाधिकारी खुलेआम बोलते हैं देकर आए हैं तो लेंगे ही।कहा कि सरकार में पद पोस्ट को मोबाइल की तरह समय समय पर रिचार्ज कराना पड़ता है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास की चर्चा होती है जबकि कांग्रेस झामुमो सरकार में लूट भ्रष्टाचार की चर्चा होती है।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गांव गरीब किसान के विकास केलिए समर्पित है। झारखंड राज्य भाजपा सरकार की देन है।

अटल जी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव गांव तक सड़क पहुंचाई। पुल पुलिया निर्माण कराया। हाईवे बनाया। और आज मोदी सरकार पिछले 9वर्षों से तीव्र विकास कर रही। कोरोना संकट से देश को उबारा। गरीबों के खाने की चिंता की। जनधन खाता में पैसे भेजे।झारखंड में 5मेडिकल कॉलेज, देवघर में एम्स ,हवाई अड्डा मोदी सरकार की देन है।

## पेज एक का शेष

### अब जमीन पर टमाटर फेंक .. ..

मदनपल्ले बाजार में भी कीमतों में गिरावट आई है। गौरतलब है कि जुलाई-अगस्त में टमाटर की कीमतों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी के कारण तेलुगु राज्यों के कुछ किसान करोड़पति बन गए। चित्तूर जिले के एक टमाटर किसान ने 45 दिनों में 4 करोड़ रुपये कमाकर सचमुच जैकपॉट हासिल कर लिया है। 48 वर्षीय व्यक्ति ने न केवल मदनपल्ले के टमाटर बाजार में अपनी उपज बेची, बल्कि फसल को पड़ोसी राज्य कर्नाटक में भी पहुंचाया क्योंकि वहां इसकी कीमत अधिक थी।

### लोकसभा चुनाव के पूर्व येदियुरप्पा .. ..

था कि अगले साल के लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ समझौते की कोई संभावना नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनावों में, जेडीएस ने कांग्रेस के सहयोगी के रूप में 7 सीटों में से एक पर जीत हासिल की। कांग्रेस ने 21 में से एक सीट जीती। वहीं, भाजपा 25 और भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार ने एक सीट जीती है।

### और अधिक शक्तिशाली .. .. ..

प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पैदा करते हैं।सहायक अणु आमतौर पर टीकों के प्रति प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को बढ़ाने के लिए उपयोग किए जाते हैं, लेकिन आरएनए टीकों में उनका उपयोग अभी तक नहीं किया गया है। इस अध्ययन में, एमआईटी शोधकर्ताओं ने एक अलग सहायक की आवश्यकता के बिना, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को बढ़ावा देने के लिए, कोविद -19 एंटीजन और एंटीजन को वितरित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले दोनों नैनो कणों को तैयार किया। यदि मनुष्यों में उपयोग के लिए इसे और विकसित किया जाता है, तो इस प्रकार का आरएनए टीका लागत कम करने, आवश्यक खुराक को कम करने और संभावित रूप से लंबे समय तक चलने वाली प्रतिरक्षा को जन्म देने में मदद कर सकता है। शोधकर्ताओं के परीक्षणों से यह भी पता चला कि जब इंट्रानैसल रूप से दिया जाता है, तो पारंपरिक, इंट्रामस्क्युलर टीकाकरण से प्राप्त प्रतिक्रिया की तुलना में टीका एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न करता है।

शोधकर्ताओं ने सी3डी नामक प्रोटीन पर ध्यान केंद्रित किया, जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की एक शाखा का हिस्सा है जिसे पूरक प्रणाली के रूप में जाना जाता है। प्रोटीन का यह सेट शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करता है, और सी3डी की भूमिका एंटीजन से जुड़ना और उन एंटीजन के प्रति एंटीबॉडी प्रतिक्रिया को बढ़ाना है। कई वर्षों से, वैज्ञानिक डीपीटी वैक्सीन जैसे प्रोटीन से बने टीकों के लिए आणविक सहायक के रूप में सी3डी के उपयोग का मूल्यांकन कर रहे हैं। शोधकर्ताओं ने एंटीजन से जुड़े सी3डी प्रोटीन को एनकोड करने के लिए एमआरएनए को इंजीनियर किया, ताकि टीका प्राप्त करने वाली कोशिकाओं द्वारा दोनों घटकों को एक प्रोटीन के रूप में उत्पादित किया जा सके। शोधकर्ताओं ने विभिन्न प्रकार के रसायन विज्ञान के साथ 480 लिपिड नैनोकणों की एक लाइब्रेरी बनाई। ये सभी आयनीकरण योग्य लिपिड हैं, जो अम्लीय वातावरण में प्रवेश करने पर सकारात्मक रूप से चार्ज हो जाते हैं। मूल कोविड आरएनए टीकों में कुछ आयनीकृत लिपिड भी शामिल थे क्योंकि वे नैनोकणों को आरएनए के साथ स्वयं-इकट्ठा होने में मदद करते हैं और वे लक्ष्य कोशिकाओं को टीका लेने में मदद करते हैं।

शोधकर्ताओं ने अपने नए टीके का परीक्षण किया, जिसमें चूहों में आरएनए-एनकोडेड सी3डी और उनकी लाइब्रेरी स्क्रीन से पहचाने जाने वाले शीर्ष प्रदर्शन करने वाले आयनीकरण योग्य लिपिड दोनों शामिल थे। उन्होंने पाया कि जिन चूहों को यह टीका लगाया गया, उन चूहों में उन चूहों की तुलना में 10 गुना अधिक एंटीबॉडी का उत्पादन हुआ, जिन्हें बिना एडजुवेंटेड कोविड आरएनए टीके दिए गए थे। जब शोधकर्ताओं ने वैक्सीन को नाक के अंदर पहुंचाया, तो उन्होंने चूहों में भी इसी तरह की मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया देखी। यदि लोगों में उपयोग के लिए विकसित किया जाता है, तो एक इंट्रानैसल टीका संभावित रूप से संक्रमण के खिलाफ बढ़ी हुई सुरक्षा प्रदान कर सकता है क्योंकि यह नाक के मार्ग और फेफड़ों को लाइन करने वाले म्यूकोसल ऊतकों के भीतर एक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न करेगा।

### बाढ़ प्रभावित इलाकों का .. ..

एक जगह मुसीबत आती है तो हर तरफ से मदद मिलती है और राज्य अपना पूरा सहयोग देता है। पिछले महीने राजधानी के पास रहने वाले कुछ लोगों ने शी की आलोचना की थी, उन्हें संदेह था कि अधिकारियों ने चीनी नेता के लिए महत्वपूर्ण परियोजनाओं की रक्षा के लिए बाढ़ के पानी को उनकी ओर मोड़ दिया है, अर्थात बीजिंग के पास एक नया हवाई अड्डा अ

शी की पूर्वोत्तर यात्रा ऐसे समय हो रही है जब हांगकांग और दक्षिणी प्रांत ग्वांगडोंग मूसलाधार बारिश से जूझ रहे हैं। 1884 में रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश को सबसे भारी बारिश का सामना करना पड़ा, जिससे शहर का अधिकांश हिस्सा ठप हो गया और शेयर बाजार को शुक्रवार को कारोबार रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा। जीडीपी के हिसाब से सबसे बड़े चीनी प्रांत गुआंगडोंग ने बाढ़ के लिए अपना दूसरा सबसे बड़ा अलर्ट जारी किया। शुक्रवार सुबह 9 बजे के बाद कहा गया कि टाइफून हाइकुई के अवशेष लगभग 36 घंटों तक बने रहने की उम्मीद है। शेन्जेन ने कहा कि 1952 के आंकड़ों के अनुसार 12 घंटे की अवधि में सबसे अधिक बारिश हुई और शहर में कुछ ट्रेन सेवाएं रोक दी गईं, जो टेनसेंट होल्डिंग्स लिमिटेड का घर है। जैसे ही पानी अपनी सीमा के करीब पहुंचा, अधिकारियों ने जलाशय से पानी छोड़ना शुरू कर दिया। निकटवर्ती गुआंगजौ और झुहाई में भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

## उपचुनाव के नतीजों ने खोली भाजपा की : अली

**नासरीगंज(रोहतास) :** विभिन्न राज्यों में हुए विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत पर नगर के कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता की गई। कार्यकताओं के जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया के नारों के साथ वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष बख्शी जौहर अली ने कहा कि विभिन्न राज्यों में हुए उपचुनाव के नतीजों ने मोदी सरकार और भाजपा की पोल खोल दी। और सात में चार विधानसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन की जीत ने देश का मूड बता दिया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सफलता पर भाजपा पूरी तरह बौखलाई हुई है। जिसके चलते मुंबई में होने वाली दूसरी बैठक से ठीक पहले केंद्र सरकार ने विवश होकर रसोई गैस के दाम दो सौ रुपए घटा दिये। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, प्रखंड महासचिव विनोद कुमार सिंह, मिंटू उपाध्याय, तैयब हुसैन, एकरामुल हक, नंदलाल कुमार, तबरेज आलम, आमिर अली सहित अन्य उपस्थित थे।

# बिहार बंगाली समिति अपने अधिकारों के लिए करेगी आंदोलन

### अल्पसंख्यक आयोग में एक बांग्ला भाषी सेल की स्थापना हो : सिन्हा



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** बिहार बंगाली समिति अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करेगी। यदि हम अल्पसंख्यक है तो अल्पसंख्यक आयोग में एक बांग्ला भाषी सेल होना चाहिए। उक्त बातें शनिवार को स्थानीय बंगाली कॉलोनी स्थित रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर स्कूल के सभागार में बिहार बंगाली समिति सह पूर्व उपाध्यक्ष बिहार अल्पसंख्यक आयोग पटना के डॉ. कप्तान दिलीप कुमार सिन्हा ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि एक भाषा प्रकोष्ठ बनेगा, किंतु आज तक कोई बातचीत नहीं हुई। बंगला की किताबें भी स्कूलों में नहीं है और ना ही शिक्षक भी बहाल किए गए हैं, जबकि बिहार में लगभग 13 लाख बांग्ला भाषी है। इस समिति का पंजीकरण 7 अप्रैल 1938 को हुआ था।पटना के उच्च न्यायालय के प्रख्यात वकील बैरिस्टर प्रफुल्ल रंजन दास समिति के पहले सभापति थे। आज से 14 साल बाद 2037 में इस समिति के 100 साल पूरे होंगे। समिति का मुख्य उद्देश्य बिहार के बंगला भाषाओं के साथ अन्य भाषा की एकता सामान्य और सहयोगिता का प्रचार और प्रचार व बांग्ला भाषा और बांग्ला संस्कृति का संरक्षण करना था। भारत के संविधान और बिहार राज्य में कानून के अनुसार बांग्ला भाषियों की भाषा ही अल्पसंख्यक के रूप में उनके अधिकारों की रक्षा करना है। इस अवसर पर विद्युत पाल प्रदेश सचिव, बिहार बंगाली समिति सदस्य बांग्ला साहित्य कोलकाता बुद्धदेव घोष सदस्य विद्यासागर स्मृति रक्षा समिति बिहार-झारखंड पुष्कर बनर्जी केंद्रीय उपाध्यक्ष, बिहार बंगाली समिति मदन बनीक जिला अध्यक्ष, बिहार बंगाली समिति बेतियां, राधाकांत देवनाथ जिला सचिव बिहार बंगाली समिति बेतियां सहित कई अन्य उपस्थित रहे। वहीं इसमें मोतिहारी, बगहा, योगापट्टी, गोपालगंज, बैरिया बगहा आदि के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। वहीं मंच का संचालन हरेंद्र पोद्दार ने किया।

## बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े युवक को मारी गोली, पीएमसीएच रेफर



राष्ट्रीय खबर

**पटना :** राजधानी के पटना सिटी में क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है। बेखौफ अपराधियों ने शनिवार को दिनदहाड़े एक युवक को गोली मारकर इलाके में सनसनी फैला दी। घटना पटना सिटी क्षेत्र के आलमगंज थाना अंतर्गत सादिकपुर का है। जहां स्थानीय मोहम्मद शानू को अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मारकर फरार हो गए। जिससे वह गंभीर स्थिति में इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया। बताया जाता है शुक्रवार की रात में उसका मोहल्ले में किसी से बात विवाद हुआ था। उसके बाद शानू सुबह ही घर से तैयार होकर गोरखपुर के लिए निकला हीं था कि किसी ने उसे गोली मार दी। गोरखपुर में वह वह दफ्तरी का काम करता था।

घटना के बाद पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। सिटी के एएसपीघटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन करते दिखे। इधर घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और आगजनी कर विरोध-प्रदर्शन किया। मौके पर सिटी एसपी ने सीसीटीवी जांच कर जल्दी अपराधियों की गिरफ्तारी की बात कही है।

## दांतों की सुरक्षा के लिए मीठा और जंक फूड खाने से बचें : डॉ अमिताभ

**गया :** दांतों की देखभाल करना बेहद आवश्यक है, क्योंकि दांत हमारे शरीर के बहुत ही सेंसिटिव और नाजुक हिस्सों में से एक है। दांतों की सफाई पर समुचित देखभाल नहीं करने के कारण छोटी-बड़ी कई समस्याएं हमें घेर लेती है ,सही जानकारी और इलाज के अभाव में यह छोटी-छोटी समस्याएं एक दिन बड़ी बन जाती हैं। रोटरी क्लब ऑफ गया द्वारा फतेह बहादुर शिवाला रोड स्थित भदानी नर्सिंग होम के भदानी डेंटल क्लीनिक में प्रत्येक महीने की दूसरी और चौथे शनिवार को फ्री डेंटल चेकअप शहर के जाने-माने दंत चिकित्सक डॉ अमिताभ भदानी द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें अध्यक्ष राखी भदानी, कोषाध्यक्ष सुमित भदानी, नीरज गुप्ता, मनीष अग्रवाल, संदीप कुमार, मिनी प्रकाश, शीतल गुप्ता उपस्थित थे।

## पुरैनिया-हरसरी पंचायत में डोर टू डोर कचरे का उठाव नहीं

**नरकटियागंज :** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कचरा उठाव कार्य ठप्प होने के कगार पर है। कुछ पंचायतों में डोर टू डोर कचरा उठाने का काम अभी रुक-रुक संचालित है। कुछ पंचायतों में यह कार्य ठप्प होने की स्थिति में है। डोर टू डोर कचरा उठाने वाले स्वच्छता कर्मियों को ससमय से मानदेय नहीं मिलने से कचरा उठाने में उनका मन नहीं लग रहा है। पुरैनिया हरसरी पंचायत में छह माह से कचरा उठाव ठप पड़ा हुआ है, क्योंकि काम करने के बाद भी उनकी पारिश्रमिक नहीं मिले तो, शाम को मजदूर खाएंगे क्या? इससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। गांव घर की साफ सफाई बुरी तरह से प्रभावित है। मुखिया अजीत कुमार उर्फ बाला दूबे ने बताया कि पंचायत के सभी 32 सफाई कर्मी 6 माह से हड़ताल पर हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत के सफाई कर्मियों का मानदेय भुगतान नहीं हुआ है। इससे नाराज होकर सफाईकर्मी 6 माह से हड़ताल पर हैं। सभी सफाई कर्मियों ने जिला पदाधिकारी को भी पत्र देकर अपनी कर्जशैली से अवगत करा दिया है।

# मौसम ने किया जनता दरबार को प्रभावित, कम पहुंचे फरियादी

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू, चः** राजस्व पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नेहा कुमारी ने जमीनी विवादों को निपटाने के लिए शनिवार को थाना परिसर में जनता दरबार लगाया। जहां बारिश की वजह से फरियादियों की संख्या कम रही। थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा के सामने क्षेत्र से आए दोनो पक्षों के लोगों ने अपनी-अपनी जमीन से जुड़ी समस्याएं रखी जिसकी सुनवाई की गई। प्रभारी नेहा कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के सुकुल पाकड़ पंचायत से सतेन्द्र किशोर सिन्हा और रमेश पासवान के बीच और हीरा साह और नरेश साह के बीच जमीन से जुड़ी मामलों की सुनवाई की गई। वहीं एक अन्य मामले की



सुनवाई के दौरान पक्षकारों ने बताया कि वह मामला न्यायालय में चल रहा था। इस परिस्थिति में दोनों पक्षों को उस मामले को न्यायालय से हीं निपटने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने बताया कि जनता दरबार में आने वाले मामलों में दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर समाधान कराने का प्रयास किया जाता है।

## मंडल रेल प्रबंधक ने अमृत भारत योजना के तहत चयनित स्टेशनों का किया निरक्षण

राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी, पू.च :** रेलवे बोर्ड रूप नारायण सोनकर ने बाल्मीकि नगर मुजफ्फरपुर खंड का विंडोट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में नरकटियागंज, कुमार बाग, तथा बापू धाम मोतिहारी स्टेशन पर उनकी गाड़ी रूकी तथा स्पेशल ट्रेन से उतरकर उनके द्वारा निरीक्षण किया गया। कुमार बाग में डब्लिंग के लिए बनाए जा रहे ब्लैंकेटिंग मेटेरियल को चेक कर उन्होंने देखा कि प्रावधान के अनुसार मेटेरियल दिया गया है कि नहीं। मोतिहारी में स्टेशन का निरीक्षण कर नये प्रस्तावित स्टेशन का मॉडल देखकर उन्होंने खुशी जाहिर की तथा प्लान को अपर मंडल रेल प्रबंधक जे के सिंह से समझा। उन्होंने यार्ड के रिमाडलिंग प्लान की जानकारी स्टेशन अधीक्षक दिलीप कुमार से ली। महात्मा गांधी



के आंदोलन से संबंधित जितने भी पोस्टर लगाए गये हैं उसको ध्यान से पढ़ा, तथा स्टेशन अधीक्षक को निर्देश दिया कि यह बहुत सुन्दर धरोहर हैं इन्हें बचा कर रखना चाहिए। गांधीजी को जो सकुर्लेटिंग एरिया में ट्रेन से उतरते हुए प्रदर्शित किया गया है। साथ ही वहां खडा. होकर उन्होंने स्टेशन अधीक्षक के साथ तस्वीर खिंचवायी। उनके आने का मुख्य उद्देश्य डब्लिंग के काम में तेजी लाना तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाना है तथा अमृत स्टेशनों के काम में तेजी लाना है। जिससे तय समय में कार्य पूरा हो सके। उनके साथ निरीक्षण के क्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक जे के सिंह,वरीय मंडल ईंजीनियर,समन्वय संजय कुमार,वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक डॉ नीलेश कुमार सहित निर्माण विभाग जोन के तथा मंडल के अधिकारी मौजूद थे।

# चीनी मिल कर्मी की मौत पर शोक सभा आयोजित

### खाकी वर्दी और कंधे पर झोला थी अजय पांडेय की पहचान

राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया, प च :** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को सेवानिवृत्त सिपाही अजय कुमार पाण्डेय की मौत हृदय गति रुकने से उनके पैतृक निवास पकड़ीदयाल में हो गयी। 65 वर्षीय स्व. पांडेय अपने पीछे एक भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। पूरे दिन स्थानीय बाजार में उनकी व्यवहार कुशलता तथा नेकदिली की चर्चा होती रही। उनकी मौत पर चीनी मिल में मानव संसाधन विभाग के वरीय प्रबंधक रमाकांत मिश्रा की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मौके पर डिप्टी जीएम कमर्शियल यूएन राय, एजीएम कमर्शियल विजय आनंद, मुख्य रोकड़पाल राज कुमार झुनझुनवाला, नितेश छापोलिया, उमाशंकर सिंह, मनोज कुमार, धनजीव कुमार, राकेश कुमार ,बीरेंद्र सिंह, नवल किशोर सिंह, सत्येंद्र श्रीवास्तव, बृजेश कुमार गौरांग चक्रवर्ती, मृत्युंजय पांडेय आदि शामिल रहे। सबो ने कहा कि स्व. पांडेय सामाजिक सरोकार से जुड़े व्यक्ति थे।उनकी कुशलता के कारण ही प्रबंधन ने सेवानिवृति के पांच वर्षों बाद तक नियोजन में रखा। खाकी वर्दी और कंधे पर झोला लगाए प्रतिदिन बेतिया जाना और बैंकिंग कार्यो को निपटारा करते हुए आने की याद लोगों के दिल में है।

## राधाकृष्ण का मूर्ति विसर्जन संपन्न

**मधुबनी :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में रखे गए राधाकृष्ण के मूर्ति का गाजे-बाजे के साथ विसर्जन शनिवार को किया गया। धनहा थाना क्षेत्र कई जगहों हनुमान मंदिर तमकुहा खलवापट्टी, देवीपुर, तूनिहवा मधुबनी सहित कई जगहों से गाजे बाजे के साथ जुलुस निकलकर अपने अपने निर्धारित जगहों पर मूर्ति विषर्जन किया गया। जिसको लेकर थानाध्यक्ष अजय कुमार सुबह से ही अपने दलबल के साथ तैनात दिखे। मौके पर मुखिया राजेश गुप्ता, तमकुहा मुखिया फारूक अंसारी, अजमल अंसारी, भरत यादव, तूफानी गुप्ता, उमेश लाल, संजीव जितेंद्र यादव मदेशिया सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# नियोजित शिक्षकों ने किया सीएम का पुतला दहन

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च :** प्रखंड के बीआरसी में एक सूत्री मांग बिना कोई शर्त सभी नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी की मांग को लेकर नियोजित शिक्षकों ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अभय सिंह ने बताया कि सूबे की सरकार नियोजित शिक्षकों के साथ सौतेलापन व्यवहार कर रही है। जब तक सभी नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा नही मिल जाता है तब तक सभी शिक्षक सरकार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक चरणवध आंदोलन करते रहेंगे। सरकार के खिलाफ शिक्षकों ने मोर्चा खोल



लिया है। चाहे इसके लिए जो भी कष्ट झेलना पड़े, उसकी कोई फिक्र नही है। मौके पर खुर्शीद आलम, अभय सिंह, महेश कुमार, रामनरेश राम, रूपेश मिश्र, राकेश कुमार, दशरथ राय, ब्रजेश झा, नीतीश कुमार, राजीव सहनी, अजय सिंह, फिरोज आलम, पप्पू सर्राफ सहित कई शिक्षक शामिल थे।

## नगर आयुक्त की अध्यक्षता में जल-जमाव से स्थायी समाधान को विशेष बैठक सम्पन्न

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** नगर निगम कार्यालय के आयुक्त कक्ष में शनिवार को नगर आयुक्त की अध्यक्षता में जलजमाव की समस्या को लेकर विभिन्न वार्डों के पार्षद और उप मेयर प्रतिनिधि रमन गुप्ता के साथ बैठक सम्पन्न हुई। हालाकि उपर्युक्त विशेष बैठक में महापौर की उपस्थिति नहीं दिखी। उपर्युक्त बैठक में लंबी चर्चा के बाद मुख्यतः जो निर्णय लिये गए, उसमें विवादित भूमि की पैमाईश कर बुधवार तक कार्यालय को रिपोर्ट सौंपी जाये। तब तक जमीन मालिक से आग्रह कर उक्त बन्द पड़े नाले को खुलवाया जाए। पूर्व से पथ निर्माण विभाग के बनाये गए उपर्युक्त नाला को जो सडक से ऊंची बनाई गई है, उसे तोड़ी जाए। इसी बीच जिस नाला निर्माण योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है। विशेष बैठक की निर्णयों पर सर्वसम्मति



से उपस्थित सभी पार्षद प्रतिनिधिगण नगर आयुक्त व उप मेयर प्रतिनिधि ने अपनी सहमति व्यक्त किया। उसके बाद नगर निगम आयुक्त व उप मेयर प्रतिनिधि के नेतृत्व में सभी लोग वही से उठकर तत्काल विवादित स्थल स्थित नाला तक पहुचें और जमीन मालिक को बैठक कार्यवाही की एक प्रति उपलब्ध कराते हुए, उनकी देखरेख में नाला को खोला। मौके पर ई. सहमत अली, इंद्रजीत यादव, सुदामा साह, पार्षद प्रतिनिधि संजय शर्मा, सरफराज अहमद, चुन्नु ,मनोज कुमार, कुणाल कुमार, अनुराग बर्णवाल, विनय कुमार, रिंकी गुप्ता, अभिषेक पाण्डे, विनय बागी, कृष्णा बाबा, नंदलाल प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, मो. एनाम, केशव राज, सोनालाल गुप्ता, प्रकाश राम व अन्य उपस्थित रहे ।

## जिला स्तरीय युवा महोत्सव आयोजि, दीप प्रज्वलित कर हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ



राष्ट्रीय खबर

**शिवहर :** कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन स्थानीय महात्मा गांधी नगर भवन में किया गया। जिसका उद्घाटन जिला पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, नजारत उप समाहर्ता उपस्थित थे। मंच का संचालन विजय आनंद कुमार ने किया। इस दौरान सभी प्रखंड से 15 से 35 आयु वर्ग के चयनित महिला-पुरुष कलाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में समूह गायन, लोक नृत्य, चित्रकला का आयोजन किया गया। उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन में कार्यालय कर्मी एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पुरनहिया के सहयोग की प्रशंसा की गई।

## मुआवजा को किसान महासभा का एसडीएम के समक्ष धरना-प्रदर्शन

### हरिनगर चीनी मिल प्रबंधन पर कानूनी कार्रवाई की मांग

राष्ट्रीय खबर

**नरकटियागंज :** अनुमंडल अंतर्गत चतुर्भुजवा बनवरिया गांवों में हरिनगर चीनी मिल द्वारा छोड़ी गई जहरीली पानी से पांच सौ किसानों के करोड़ों की क्षति के विरुद्ध क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर भाकपा-माले का अखिल भारतीय किसान महासभा ने अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र में किसान नेताओं ने बर्बाद फसल का मुआवजा देने, केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले चीनी मिलों पर कार्रवाई की मांग, चीनी मिलों द्वारा रामरेखा नदी को कब्जा कर जहरीली पानी में बदलने पर रोक लगाने। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए, भाकपा-माले केन्द्रीय कमेटी सदस्य सह सिकटा विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि रामरेखा नदी में हरिनगर चीनी मिल प्रबंधन द्वारा चीनी मिल के टेमा का पानी छोड़ा गया। जिसके कारण नदी का पानी जहरीला हो गया और बनवरिया, बेलवा, लाकड़ गांवों के खेतों में फैलकर करीब 500 से भी अधिक किसानों के खेतों में लगी करोड़ों रुपये के फसल को बर्बाद कर दिया है। उपर्युक्त जहरीली पानी ने फसलों के साथ जलीय जीव को भी अपने चपेट में लिया है। प्रधानमंत्री फासल बीमा योजना के बावजूद, बाढ़-सुखाड़, ओलावृष्टि, जहरीले पानी से फसल क्षति और लंपी बीमारी से पशुओं की मृत्यु, जंगली जानवरों से जान-माल की क्षति के बावजूद कोई मुआवजा नहीं मिल पाता है। किसानों के लिए मुआवजा पैकेज देने के लिए आकलन कमेटी का गठन कराकर मुआवजा देने की व्यवस्था किया जाना चाहिए। जिससे किसान भविष्य की खेती करने में सक्षम हो सकें। इनके अलावा केदार राम, सुरेश दुबे, नजरें आलम नेताओं ने भी सभा को सम्बोधित किया।

# नाचते हुए शहर में निकले मंगलामुखियों ने शहरवासियों को दी दुआएं

### ज्ञान एवं मोक्ष की भूमि गया में देश भर से आये किन्नरों का हुआ महाजुटान

राष्ट्रीय खबर

**गया :** मानपुर में गत दिनों से किन्नर समाज का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत देश भर के किन्नरों ने इस सम्मेलन में अपनी सहभागिता दिखाई।किन्नर समुदाय की कलश यात्रा मानपुर में निकाली गई। जहां मौजूद लोगों ने किन्नरों से आशीर्वाद लिया। अखिल भारतीय किन्नर सम्मेलन के आठवें दिन पूरे गाजे- बाजे के साथ शोभायात्रा में किन्नरों ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य कर राहगीरों का मन मोह लिया। मंगलमुखी पारंपरिक रूप से अपने माथे पर स्वर्ण कलश धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुई। रथ पर शारदा गुरु, ललन नाईक, इकबाल नाईक सहित पांच किन्नर सवार थी। किन्नरों का यह



जुलूस मुफस्सिल मोड़ के पास देवी स्थान पहुंच कर विधि विधान से देवी जी की पूजा अर्चना कर मंदिर में एक घंटा दान किया। इस अवसर पर गया की पूजा किन्नर ने कहा कि विशेष पूजा कार्यक्रम में समस्त प्राणियों के सुखी एवं बिहार के सलामती और खुशहाली की दुआ मांग रही हूं। मेरा बिहार तरक्की करें और विकास के रास्ते पर चले। मंगल मुखियों ने उमड़े हजार लोगों में दुआएं बांटी और देश में एकता, भाईचारे, सुख- समृद्धि की मंगल कामना की। राहगीरों को दिल खोलकर दुआएं बांटी। शोभा यात्रा में कोमल किन्नर, पूजा किन्नर, चंचल किन्नर, नीतू किन्नर, जयपुर की काजल किन्नर, सदाबहार किन्नर संघ के अध्यक्ष सुरेश किन्नर, रेखा किन्नर सहित बड़ी संख्या में देश के विभिन्न राज्यों से आए किन्नरों ने हिस्सा लिया। भारतीय किन्नर सदाबहार विकास समिति के कोषाध्यक्ष सुरेश किन्नर ने बताया कि गया मोक्ष और ज्ञान की भूमि है। इसलिए अखिल भारतीय किन्नर सदाबहार विकास समिति की ओर से गया में 11 दिनों से किन्नर सम्मेलन चल रहा है,जिसमें पूरे भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में किन्नर समुदाय अपने सदाबहार में किन्नर दादी गुरु के बरसी पर उनके आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

## 20 हजार नये वोटरों का नाम मतदाता सूची में जोड़वाना है लक्ष्य : कृष्णनंदन

**तुरकौलिया, पू.च.:** भाजपा उत्तरी मंडल द्वारा वोटर चेतना अभियान कार्यक्रम के तहत बेलवाराय पंचायत में मिथलेश सिंह के आवास पर शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उत्तरी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा व संचालन संजय चौधरी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में 20 हजार नये वोटरों का नाम मतदाता सूची में जोड़वाना है। इसके लिए सभी कार्यकताओं को मिशन मोड में काम करना होगा। ताकि निर्धारित समय के भीतर लक्ष्य को पुरा किया जा सके। विधायक ने कहा कि जिस तरह से जी 20 सम्मेलन भारत में हो रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत इस सम्मेलन का नेतृत्व कर रहा है, इससे देश का सीना चौड़ा हुआ है। भारत के लोग इसपर गर्व कर रहे हैं। मौके पर विधानसभा प्रभारी प्रमानंद पाण्डेय, मंडल प्रभारी संजय प्रसाद साह, राजेश्वर साह, पूर्व मुखिया बाबुलाल साह, श्रीकांत सिंह, प्रमोद कुशवाहा, मदन साह, बचनदेव पासवान, हरिशंकर प्रसाद, अजय कुमार सिंह, मार्कंडेय पाण्डेय, पवन कुमार आदि शामिल थे।

## हत्यारोपी गिरफ्तार, न्यायालय को सौंपा गया

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला के बेतिया पुलिस अंतर्गत मनुआपुल थाना ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना पर हत्याकांड के फरार नामजद अभियुक्त को उसके घर से दबोच लिया है। ओपी थानाध्यक्ष मोहम्मद अलाउद्दीन ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त राय धुर्वा गांव निवासी बिहारी राउत उर्फ. लाल बिहारी पटेल है। हत्याकांड का नामजद अभियुक्त लाल बिहारी पुलिस को चकमा देकर ठिकाना बदलता रहा। पुलिस टीम ने जाल बिछाया और उसे दबोच लिया है। थानाध्यक्ष के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# जलस्तर गिरने के बाद भी गंडक का कटाव जारी, भयभीत हुए ग्रामीण

### निचले इलाके के कई गांवो पर मंडरा रहा खतरा

▶▶ विभागीय लापरवाही से सौ एकड़ भूमि हुई नदी में विलीन

राष्ट्रीय खबर

**बगहा/मधुबनी :** गंडक नदी के जलस्तर काफी गिरने के बाद भी कटाव थामने का नाम नही ले रही है। गदानी टोला गांव के सामने नदी का तेज कटाव जारी है। जानकारी के अनुसार गद्यानी टोला में शनिवार के सुबह नदी में तेज कटाव शुरू है, जिसकी धार अपीपी तक पहुंच तक पहुंच गई है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भय का माहौल है।



इस कटाव को लेकर रंगला सहित निचले हिस्से के 10 गांव के लोग भयभीत हैं। हालांकि, विभाग पीपी तटबंध को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। ग्रामीण सुनील सिंह, राकेश सिंह, सुभाष सिंह सहित अन्य ने बताया कि जल संसाधन विभाग के अधिकारी की लापरवाही के कारण लगभग एक महीने में लोगो का 100 एकड़ फसल सहित भूमि नदी में विलीन हो चुका है। साथ ही नदी की धारा का कटाव थामने का नाम नहीं ले रहा है, जिसको लेकर आसपास के गांव के लोगों में काफी चिंता व भय का माहौल देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि कटाव की रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो पीपी तटबंध को भी काटने में समय में नहीं लगेगा। इसके बाद कई गांवों में तबाही हीं तबाही होगी।

# न्यूज फटाफट

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद 42 मोबाइलों का हुआ वितरण



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** पुलिस जिला बल द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुए मोबाइलों का वैज्ञानिक तरीके से खोज की गई। जिसमें 42 मोबाइल बरामद किये गए।जिसका अनुमानित मुल्य करीब सात लाख रुपए है। उक्त बरामद 42 मोबाइलों को उनके धारको की पहचान कर उन्हें जिला पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक ने वापस किया। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान को लेकर आमजनो ने काफी उत्साह एवं संतोष व्यक्त किया। तथा, पुलिस के इस कार्य की सराहना की।

## बारिश से धान की खेती करने वाले किसानों को लाभ

**चौतरवा :** किसान कई दिनों से बारिश का बाट जोह रहे थे, इसी दौरान शनिवार को झमाझम बारिश से किसान हर्षित हो गए। चौतरवा थाना क्षेत्र के किसान बारिश का इंतजार का रहे थे। इस क्षेत्र में अधिकतर किसान धान की खेती करते हैं। शनिवार को हुई बारिश से यहां पर अधिकतर किसानों को फायदा ही हुआ है। हरपुर के किसान योगेंद्र यादव, माधव यादव, जयकांत यादव, महेंद्र यादव, आदि दर्जनों किसानों ने बताया कि इस बारिश से धान की फसल की पैदावार अच्छी होगी और हम सब किसान बारिश से बहुत खुश है।

## अचानक लगी आग से लाखों का नुकसान

**बगहा/रामनगर :** थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव में स्थित एक घर में आग लगने के कारण लाखों का नुकसान बताया जा रहा है। आग बुझाने की कोशिश में एक बुजुर्ग भी झुलस गया है, जिसका इलाज पीएचसी रामनगर में चल रहा है। दो मवेशी झुलस गये जिसमें एक की मौत हो गई। घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार पकड़ी निवासी फर्जन अंसारी के घर में मच्छरों को भगाने के लिए आग जलाई गई थी। इसी आग से निकली चिंगारी ने घर को जला दिया। घटना में फरजान अंसारी आग बुझाने के दौरान खुद ही जख्मी हो गए हैं। पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है क्योंकि घर पर कुछ भी नहीं बचा है। बारिश के दिनों में रहने की चिंता सता रही है। हालांकि बरसात होने की वजह से आग एक ही घर तक सीमित होकर रह गई जिसके कारण बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया ।

# एसडीएम ने गदीयानी टोला तटबंध का निरीक्षण कर दिया कई निर्देश

### पीपी तटबंध सुरक्षित रखने के लिए युद्ध स्तर पर जारी हुआ कार्य

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** अनुमंडल के मधुबनी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज मधुबनी रंगललही गदीयानी टोला के पास पीपी तटबंध के 16.2 से 16.5 किमी के समीप गण्डक नदी के द्वारा हो रहे कटाव का निरीक्षण शनिवार को अनुमंडलाधिकारी डॉ. अनुपमा सिंह ने किया। इस दौरान गंडक विभाग के अभियंता सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने उपस्थित गंडक विभाग के अभियंता से कहा की जहां पानी का दबाव ज्यादा है उस जगह पर हाथी पांव कटाव रोधी कार्य,



जिओ बैग बनवाये। एवं जहां पानी का कम दबाव है वहां जिओ बैग से एनसी करवाये। काम की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रहे। पी0पी0 तटबंध को वर्षा एवं बाढ़ के पानी से बचाने के लिए बोल्डर का भी प्रयोग किया जाए। कटावस्थल पर ग्रामीणों को जाने से रोका जाय, जिससे कोई अनहोनी नही हो सके। कार्यस्थल पर धनहा थाना द्वारा एक सेक्शन पुलिस बल प्रतिनियुक्त रखने का आदेश दिया ताकि कटाव रोधी कार्य और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित हो सके।अंचल अधिकारी मधुबनी को निर्देशित किया गया कि गांव के सभी परिवार को सूचीबद्ध करके रखें ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनको रिलीफ फंड उपलब्ध कराया जा सके। अनुमंडल पदाधिकारी बगहा ने बताया कि पीपी तटबंध सुरक्षित रखने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है और पी तटबंध अभी सुरक्षित है। एसडीएम द्वारा एफसीडी 2 पडरौना अंतर्गत 16.5 किमी पीपीई पर स्थल निरीक्षण करते हुए स्थल स्थिति नियंत्रण में होने की बात कही गई।

## लोकसभा प्रवास कार्यक्रम के तहत भाजपा की नजर ग्रामीण क्षेत्रों पर

▶▶ 14-15 सितांबर को पुर्व उपमुख्यमंत्री व रास सांसद सहित कई भाजपाई मैदान में

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** लोकसभा प्रवास कार्यक्रम के तहत पूर्व उप मुख्यमंत्री रेणु देवी, राज्य सभा सांसद सतीश चन्द्र दुबे सहित जिला के तमाम भाजपा नेता व कार्यकर्ता वाल्मीकिनगर विधान सभा अन्तर्गत बगहा दो प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जन संपर्क अभियान चलायेंगे।

जिसकी शुरूआत आगामी 14 सितंबर को वाल्मीकि नगर में रात्रि विश्राम से होगी।

इसकी जानकारी देते हुए वाल्मीकिनगर विधानसभा संयोजक ओमनिधी वत्स ने बताया कि रात्रि विश्राम के पश्चात 15 सितंबर की सुबह नरदेवी माँ के दर्शन के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इस दौरान वाल्मीकिनगर मुखिया पन्ना लाल साह के घर नाश्ता, लक्ष्मीपुर में सेवानिवृत शिक्षक रामकेश्वर बैठा के घर भोजन और ग्रामीणों से मुलाकात करेंगे। दोपहर हरनाटांड स्थित संघ भवन में थारु समुदाय के लोगों से भेट वार्ता के बाद जरार, सुरवाबारी, यमुनापुर टइवलिया आदि में भाजपा कार्यकताओं सहित स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात के पश्चात नयागाँव रामपुर शक्ति केन्द्र की बैठक होगी। उसके बाद वाल्मीकिनगर विधान सभा कोर कमिटी कि बैठक जिला कार्यालय बगहा-2 मे प्रस्तावित है। इस दौरान जनसंपर्क कर पार्टी की मजबूती पर विशेष बल दिया जायेगा।

## भीलोरवा में अज्ञात बीमारी से एक हीं परिवार के तीन सदस्यों की मौत

पीएससी प्रभारी ने की झोलाछाप चिकित्सकों से दूर रहने की अपील

राष्ट्रीय खबर

**बगहा/पिपरासी :** भीलोरवा टोला गांव में अज्ञात बीमारी से मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। तीनों मृतक एक ही परिवार के सदस्य हैं। वही भीलोरवा टोला गांव में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ब्लीचिंग पाउडर आदि का छिड़काव करने के साथ ही मेडिकल टीम निगरानी कर रही है। मृतकों के परिजनों का ब्लड सैंपल जांच के लिए भेजा गया था, जिसकी रिपोर्ट नेगेटिव है।

पीएससी प्रभारी रविंद्र कुमार मिश्रा ने बताया की लोगों को बुखार आने पर तुरंत सुई लेने से मना किया गया है। तथा झोला छाप चिकित्सकों से दूर रहने की अपील करते हुए उन्होंने जल्दबाजी नहीं करने की नसीहत दी। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा पीएचसी के अन्य क्षेत्रों में भी जागरूकता फैलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि झोलाछाप चिकित्सकों के द्वारा हार्ड एंटीबायोटिक का डोज देकर बीमारी को बढ़ा दिया जा रहा है।



पीएससी प्रभारी ने बताया की पीएचसी अंतर्गत अगर किसी को बुखार या अन्य मौसमी बीमारियां होती है तो वह स्थानीय स्तर पर एएनएम, सीएचओ या पीएचसी में आकर अपना इलाज करावे। पीएचसी द्वारा झोलाछाप चिकित्सकों पर लगाम कसने की तैयारी की जा रही है। पीएचसी प्रभारी ने पोषक क्षेत्र के सभी नागरिकों से बुखार होने पर तुरंत सूई नहीं लेने की अपील की है। दो से चार दिन तक गोली खाने की सलाह दी गई है। उसके बाद बीमारी से अगर राहत नहीं मिलती है तो वह तुरंत पीएससी से संपर्क कर अपना इलाज करावे।

## सीओ सहित दो पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने का कोर्ट ने दिया आदेश

### पोस्टमार्टम के बहाने दाह संस्कार कर साक्ष्य छुपाने का है मामला

आरोप : सीओ के धक्का देने से हुई बुजुर्ग की मौत

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** स्थानीय व्यवहार न्यायालय द्वारा अंचलाधिकारी बगहा दो दीपक कुमार व बैरागी सोनवर्षा निवासी जब्बार खान पर पटखौली थाना को गैर-इरादतन हत्या की प्राथमिक दर्ज करने का निर्देश दिया है। न्यायालय द्वारा यह आदेश केस संख्या 831/ 2023 में लक्ष्मण राम के मामले में दिया है। व्यवहार न्यायालय के सीजीएम फर्स्ट की अदालत ने लक्ष्मण राम बनाम सीओ बगहा-दो व जब्बार खान वैरागी सोनबरसा के केस में सुनवाई के दौरान दिया है। जिसमें लक्ष्मण राम के द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि उनके पिता बच्चा राम को इसी 21 जून को बगहा सीओ कार्यालय में अंचल अधिकारी द्वारा डांट डपट कर धक्का दिए, जिस दौरान हार्ट अटैक हो जाने से मृत्यु हो गई थी। इसके बाद अंचल कार्यालय से कुर्सी सहित उनके पिता को पास के पीएचसी में ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद सुचना पर पहुंची पठखौली पुलिस उनके बहनो से सादा कागज पर निशान ले लिए। उसके बाद शव को बगहा पोस्टमार्टम कराने के लिए ले गए। लेकिन बिना पोस्टमार्टम कराए ही अन्यत्र जगह पर दाहसंस्कार कर दिया गया। जिसके बाद लक्ष्मण राम के द्वारा बगहा एसपी को डाक द्वारा पत्र भेजकर प्राथमिक की दर्ज करने की गुहार लगाई गई थी। लेकिन प्राथमिक की दर्ज नहीं की गई, जिसके बाद लक्ष्मण राम ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। जिस पर न्यायालय ने 8 सितंबर को पटखौली थाना को निर्देश दिया कि लक्ष्मण राम के आवेदन के आधार पर बगहा दो सीओ दीपक कुमार बैरागी सोनबरसा निवासी जब्बार खान पर गैर-इरादतन हत्या की प्राथमिक की दर्ज कर अविलंब न्यायालय को समर्पित करें।

## देवी स्थान मंदिर शारदीय दुर्गा पूजा समिति की बैठक संपन्न

सागर राज अध्यक्ष व सन्नी बने महासचिव

मंजय लाल सत्यम

**नरकटियागंज, प च :** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 14 स्थित देवी स्थान मंदिर के नवनिर्मित कार्यालय में देवी स्थान मंदिर दुर्गा पूजा समिति की बैठक शुक्रवार को सम्पन्न हुई। आसन्न शारदीय दुर्गा पूजा को लेकर हुई बैठक की अध्यक्षता सागर राज ने किया। जिसमें प्रत्येक वर्ष की भांति इस 2023 वर्ष में देवी स्थान मंदिर पूजा समिति नगरवासियों के धार्मिक आस्था के अनरूप पूजा सम्पन्न कराने की विधिवत व्यवस्था करने को तत्पर है। उपर्युक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि देवी स्थान पूजा समिति पूजा पंडाल को हाईटेक व्यवस्था अंतर्गत विविध रूप से सजाने



का कार्य करेगी। पूजा को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए नई समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सागर राज, उपाध्यक्ष मनोज बाबा, रमण गुप्ता, राजू सोनी, नीतेश जायसवाल, महासचिव सन्नी केसरी, सचिव अटल भारती उर्फ मुन्ना एवं मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष सौरभ बिहारी, कार्यकारिणी के सदस्यों में मनोज वर्मा, संदीप कुमार, दीपक चौधरी, किशन वर्णवाल, चंदन राज, सुरज वर्णवाल, किशन कुमार, गौतम कुमार, धनराज कुमार, सोनू प्रजापति, गोलू कुमार, कृष्णा कुमार उर्फ भीखू, पिन्टू साहू, मनोज कुमार, मिलन तिवारी, राजेश पांडेय मुख्य है। उपर्युक्त समिति के सफल संचालन के लिए संरक्षक मण्डल में रामश्रय यादव (थानाध्यक्ष) अवधकिशोर सिन्हा, बसंती देवी (नगर पार्षद), कन्हैया अग्रवाल उर्फ गुड्डु, अवधेश कुमार शर्मा, देवेंद्र कुमार गुप्ता, रवींद्र प्रसाद, मुकुल कुमार गुप्ता शामिल किये गए हैं।

## राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत गर्भवतियों को दी गई जानकारी

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** आईसीडीएस कार्यालय बगहा दो मे शुक्रवार को राष्ट्रीय पोषण माह पखवारा के तहत कार्यक्रम आयोजित कर सेविकाओं, महिला पर्यवेक्षिकाओं व स्वास्थ्य कर्मियों को इस अभियान के सफल संचालन के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ जयराम चौरसिया, पीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश सिंह नीरज व सीडीपीओ सावित्री दास ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सेविकाओं ने रंगोली के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पोषण से संबंधित चित्र प्रदर्शित किया। उपस्थित अधिकारियों ने रंगोली बनाने में सेविकाओं की दक्षता की सराहना की। सीडीपीओ ने बताया कि आईसीडीएस निदेशालय के निर्देश के आलोक में 1 से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह पखवारा चलाया जाता है। इस दौरान केंद्र की सेविका व महिला पर्यवेक्षिका पोषक क्षेत्र की गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा किशोरियों को स्वास्थ्य व पोषण संबंधित जानकारियां देकर उन्हें जागरूक करती हैं। बच्चों को पौष्टिक आहार से संबंधित सलाह दी जाती है। इस दौरान गोद भराई, अन्नप्राशन पौधरोपण समेत अन्य विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। ताकि गर्भवती, धात्री व किशोरियों को जागरूक किया जा सके। यह कार्यक्रम एक माह तक संचालित होता है, जिसमें स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों का भी सहयोग लिया जाता है। कार्यक्रम के दौरान सेविकाओं व महिला पर्यवेक्षिकाओं समेत स्वास्थ्य कर्मियों व कार्यालय कर्मियों ने पोषण पोषण माह पखवारा को शत प्रतिशत सफल बनाने की शपथ ली।

# बेतिया अंचल कार्यालय में उमड़ रही है फरियादियों की भीड़

▶▶ कभी सीओ तो कभी बाड़ाबाबू तो कभी कर्मचारी के गायब रहने से बढ़ रही आक्रोश

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** नगर स्थित अंचल कार्यालय में फरियादियों की भीड़ उमड़ रही है। आये दिन देखने को यह मिल रहा है कि लोग अतिआवश्यक दाखिल खारिज, घर का रसीद, परिमार्जन तथा अन्य जमीन सम्बंधित कार्यों को लेकर बेतिया अंचल कार्यालय में लोग पहुंच रहे हैं। लोगों की भीड़ कार्य निष्पादन में विलम्ब से लोग बेहद परेशान दिख रहे हैं। अंचल कार्यालय पहुंचे अधिकांश लोगों ने बताया कि वे




अंचल कार्यालय में कार्य सम्पादन को पहुंचते हैं लेकिन यहां का आलम कुछ और है, वहां पहुंचने पर पता चलता है कि कभी अंचल पदाधिकारी नहीं हैं, तो कभी कार्यालय के बड़ा बाबू नहीं, तो कभी कर्मचारी नदारद हैं। ऐसे में छोटे-छोटे काम से लेकर बड़े कार्य सम्पादन के लिए लोग महीनों से अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। बावजूद इसके कार्य निष्पादन अधर में लटका हुआ है। कुछ लोगों ने बताया कि इस कार्यालय पर बिचौलिए हावी है। बिचौलियों के माध्यम से दिया गया काम जल्दी हो जाता है,लेकिन स्वयं लेकर जाने पर मामले को कार्यालय कर्मी ही उलझा देते है। यहां बैठे कर्मचारी सीधी बात तक नहीं करते, आखिर आम पब्लिक अपना काम कैसे और कहां करवाए, यह यक्ष प्रश्न है। ऐसे में पब्लिक की परेशानी कम होती, दृष्टिगोचर नहीं हो रही है।

## कवयित्री डॉ. रश्मि के चौथे काव्य संग्रह उस पार क्षितिज के जाना है का लोकार्पण आज

राष्ट्रीय खबर

**गया :** राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता-सह-प्रसारण प्रभारी एवं जीबीएम कॉलेज अंग्रेजी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी की एक और नयी पुस्तक का लोकार्पण आज रविवार को राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर के मंच से होना है। यह उनकी चौथी साहित्यिक कृति है। इससे पूर्व 2022 में भी डॉ रश्मि के तीन काव्य रचना संग्रहों का लोकार्पण हो चुका है। रविवार को लोकार्पण समारोह विष्णुपद मन्दिर के निकट एक निजी सभागार में होना तय हुआ है। इसके पश्चात इसी समारोह में शब्दाक्षर की प्रदेश इकाई के तत्वावधान में एक कवि सम्मेलन होना है, जिसमें प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से आये कवि-




कवयित्री अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। शब्दाक्षर के केन्द्रीय पेज से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जायेगा। यह जानकारी शब्दाक्षर बिहार के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने दी। शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डॉ. रश्मि तथा शब्दाक्षर बिहार को अग्रिम शुभकामनाएं भेजी है।

## शहर >> अपडेट

### कृष्ण-राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

**बेरमो :** शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कृष्ण एवं राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से पांच तक के भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष ओम शंकर सिंह, सचिव सुमित बंसल, उपस्थित थे। विद्यालय के आचार्य जी ने भगवान कृष्ण के जीवन के बारे में बताया कि भगवान कृष्ण का प्रभाव हमारे जीवन में किस प्रकार पड़ता है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### भारतीय वायु सेना ने निकाली चिकित्सा सहायक ट्रेडों के लिए भर्ती रैली

**पाकुड़ :** 12वीं पास छात्रों के लिए भारतीय वायु सेना ने चिकित्सा सहायक ट्रेडों के लिए भर्ती रैली निकाली है। इच्छुक उम्मीदवार 15 और 18 सितंबर को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में स्थित भारतीय वायु सेना स्टेशन के भर्ती रैली में शामिल हो सकते है। उपायुक्त ने बताया कि जिले के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर से शुरू होने वाले पहले चक्र, में 26 दिसंबर 2002 और 26 दिसंबर 2006 के बीच जन्मे अभ्यर्थी होंगे, जिनके पास 10+2 के जीव विज्ञान व अंग्रेजी में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होनी चाहिए। वहीं 18 सितंबर से शुरू होने वाली रैली के अंतिम चक्र में 26 दिसंबर 1999 और 26 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे अभ्यर्थी किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से फामेर्सी में डिप्लोमा या डिग्री की अतिरिक्त योग्यता रखने वाले होंगे। बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग का समय सुबह के 6:00 से सुबह के 10:00 बजे तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार पोर्टल पर जाकर भी जानकारी हासिल कर सकते है। उपायुक्त ने कहा कि जिले के युवाओं के लिए यह बेहतर अवसर है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 63,913 मामलों का हुआ निष्पादन

**तेनुघाट :** माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश बोकारो रंजना अस्थाना के निदेर्शानुसार शनिवार 9 सितंबर को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में लगे राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 63,913 मामलों का निष्पादन और लगभग 14,86,00,000 समझौता राशि वसूल किया गया। इस तरह तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के लंबित मामलों एवं एसडीओ कोर्ट के मामलों में 2,465 मामले एवं प्री लिटिगेशन के लगभग 61,000 मामलों का निष्पादन हुआ । वही सरकारी योजनाओं का लाभ लगभग 2,07,000 लाभार्थियों को पूरे बेरमो अनुमंडल के लोगों को दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से जिला जज प्रथम राजेश कुमार सिन्हा, कुटुंब न्यायालय राजीव रंजन, जिला जज द्वितीय अनिल कुमार, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्र, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वसिष्ठ नारायण सिंह, एसीजेएम विशाल गौरव, सब जज द्वितीय राजेश रंजन कुमार, एसडीजेएम दीपक कुमार साहू ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रथम राजेश कुमार सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नालसा और झालसा के तत्वाधान पूरे भारत में किया जा रहा है । आपकी उपस्थिति या बताती है कि आप लोक अदालत के कार्य कलाप से काफी प्रभावित है । आपके लिए लोक अदालत नई चीज नहीं है । जैसा कि आप जानते हैं लोक अदालत में सुलहनीय मामलों का निष्पादन होता है । इस राष्ट्रीय लोक अदालत में जितने भी लोग कार्य कर रहे हैं वह सभी पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत के समाप्ति के बाद से ही इस राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता के लिए कार्य करने लगे थे और इस तरह राष्ट्रीय लोक अदालत में काफी मामले की निष्पादन होने की उम्मीद है ।

**डुमरी उपचुनाव** सहानुभूति के बल पर उपचुनाव जितना महज एक झांकी, 2024 असली परीक्षा बाकी

# हफीजुल हसन अंसारी, कुमार जयमंगल सिंह और बेबी देवी की होगी कड़ी परीक्षा

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** झारखंड के मधुपुर, बेरमो और डुमरी उपचुनाव सहानुभूति के बल पर झामुमो और कांग्रेस ने जीत जरूर दर्ज कर ली है, लेकिन यह महज एक झांकी है। चुनाव जीतने वाले हफीजुल हसन अंसारी, कुमार जयमंगल सिंह और बेवी देवी के लिए 2024 की असली परीक्षा बाकी है। विदित हो कि तत्कालीन मंत्री और मधुपुर के विधायक हाजी हुसैन अंसारी के निधन के बाद मधुपुर में उपचुनाव हुआ था। जिसमें उपचुनाव से पूर्व ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाजी हुसैन अंसारी के पुत्र हफीजुल हसन अंसारी को मंत्री बना दिया था। इस उपचुनाव में झामुमो का प्रत्याशी उसे ही बनाया गया। हफिजुल हसन अंसारी ने 5,292 जीत दर्ज की थी। उसने भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह को हराया। हफीजुल हसन अंसारी



को.1,10812 वोट मिले जबकि भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह को1,05565 वोट मिले थे। मधुपुर विघान सभा क्षेत्र मे हफीजुल हसन अंसारी को सहानुभूति वोट प्राप्त हुआ जिसके कारण जीत हुई। इसी तरह पूर्व मंत्री और बेरमो विधायक राजेंद्र प्रसाद सिंह के निधन के बाद बेरमो में उपचुनाव हुआ। जिसमें कांग्रेस ने स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह के पुत्र कुमार



जय मंगल सिंह को प्रत्याशी बनाया।

इस चुनाव में कुमार जयमंगल सिंह ने भाजपा प्रत्याशी योगेश्वर महतो बाटुल को 14,225 वोट से हराकर चुनाव जीता था। इस उपचुनाव मे भी बेरमो मे सहानुभूति की लहर थी। कांग्रेस प्रत्याशी कुमार जय मंगल को 94,022 वोट मिले,जबकि भाजपा प्रत्याशी



को 79,797 वोट मिले थे। मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन के बाद डुमरी में भी उपचुनाव हुआ। जिसमें स्वर्गीय जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को झामुमो प्रत्याशी बनाया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के फामूर्ला को डुमरी में भी लागू किया। उसने बेबी देवी को चुनाव के पहले ही मंत्री बना दिया लेकिन डुमरी विधानसभा क्षेत्र में सहानुभूति का सर्वाधिक असर रहा। इसके कारण बेबी देवी ने आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी को 17153 वोट से हरा दिया।

बेबी देवी को 100317 और यशोदा देवी को 83164 वोट प्राप्त हुए। इस तीनों उपचुनाव में जीत दर्ज करना तो महज एक झांकी है। जीत दर्ज करने वाले विधायकों के लिए 2024 के चुनाव में असली परीक्षा बाकी है। ज्ञातव्य है कि 2024 के चुनाव में राज्य के नेताओं के पास उतना समय नहीं रहेगा कि वह किसी खास विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की तरह समय दे सकेगे। ऐसे में चुनाव जीतने वाले को अपने कार्य, बोलचाल और व्यवहार से ही 2024 का चुनाव जीतने का प्रयास करना होगा।

### डी के गुप्ता के नेतृत्व में होने लगा कथारा क्षेत्र का कायाकल्प



**बेरमो :** सीसीएल के कथारा क्षेत्र में दिनेश कुमार गुप्ता ने अप्रैल 2023 में महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया था। उस वक्त कथारा क्षेत्र में उत्पादन जड़ता की स्थिति से गुजर रही थी। क्षेत्र के अधिकारियों और कामगारों का मनोबल बूस्टर की उम्मीद लगाए हुए था। उन्हें जबरदस्त मोटिवेशन की जरूरत थी। श्री गुप्ता उच्च अधिकारियों के साथ-साथ कथारा क्षेत्र के अधिकारियों और कामगारों की उम्मीद पर बिल्कुल खड़ा उतरे। श्री गुप्ता ने सबसे सलाह और सहयोग से कथारा क्षेत्र में बेहतरीन कार्य संस्कृति युक्त टीम वर्क की बदौलत उत्पादन की गति तेज करनी शुरू कर दी,नतीजतन आज कथारा क्षेत्र में महाप्रबंधक डी के गुप्ता के नेतृत्व में उत्पादन में ग्रोथ का शिलशिला जारी है। कथारा क्षेत्र में 31अगस्त 2023 तक कोयला उत्पादन में 207%,डिस्पैच में179% और ओबीआर में 9% ग्रोथ हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्पादन के साथ साथ वेलफेयर कार्यों पर ध्यान दिया जाता है।

### बेबी देवी कि जीत पर झारखंड की जनता को बधाई

**गुमला :** डुमरी उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की टीम इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बेबी देवी के प्रचंड जीत पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद उमर फारूक अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर डुमरी विधानसभा की जनता के साथ साथ पूरे झारखंड की जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह जनता की उम्मीद और प्रेम की जीत है जनता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया की हमारे आईकॉन युवा मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी पर झारखंड की जनता पूरी तरह विश्वास करती है इस जीत के बाद झामुमो के कार्यकताओं का उत्साह और भी बढ़ गया है।डुमरी विधानसभा की जनता ने आज हमारे पूर्व शिक्षा मंत्री टाइगर स्वर्ग जगन्नाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि आज दे दी।

## रंगदारी के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



राष्ट्रीय खबर

**तेनुघाट :** गोमियां प्रखंड अंतर्गत उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र चतरो चट्टी कतवारी टोहरा में पानी टंकी निर्माण कर रही निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारि से हथियार दिखा कर अपराधियों ने बीते 31अगस्त को रंगदारी की मांग की थी। एवं हथियार का भय दिखाकर पानी टंकी के सुरक्षा गार्ड से छः हजार रुपए नगद एवं मोबाईल लूट लिये थे। रंगदारी नहीं देने पर अपराधियों ने अंजाम भुगतने की भी धमकी दी थी। पीड़ितों ने इसकी चतरो चट्टी थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए गुहार लगाई थी। इस सबंध में चतरो चट्टी थाना में कांड संख्या 19/23 दिनांक 1-9-2023 धारा 392 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया । बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बी एन सिंह के दिशा निर्देश पर गोमियां अंचल पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह एवं चतरो चट्टी थाना प्रभारी ने टीम गठित कर घटना में संलिप्त दो अभियुक्त अंकुर पांडेय एवं प्रेमचंद महतो हुरलुगं पंचायत से पकड़ा गया। साथ ही घटनाक्रम में उपयोग की गई हथियार एक देशी रिवाल्वर,एक खोखा, एक डिस्कवर मोटरसाइकिल बरामद किया गया। पकड़े गए एक अभियुक्त प्रेमचंद महतो का नावाडीह थाना एवं विशनुगढ़ थाना में कई अपराधिक में मामला में भी अभियुक्त है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा 11 सितंबर को



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :**किसान मजदूर इंटर कॉलेज बलसगरा में भाजपा डाड़ी मंडल के प्रखंड कार्यसमिति के सभी सदस्यों एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ में तैयारी समिति की बैठक मंडल अध्यक्ष वकील कुमार महतो की अध्यक्षता में किया गया।जबकि संचालन महामंत्री सर्वेश कुमार सिंह ने किया।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल शामिल हुए। जयप्रकाश भाई पटेल द्वारा डाड़ी प्रखंड के सभी कार्यकताओं से आगामी 11 सितंबर को दोहपर 3:00 बजे दिन सोमवार को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को बलसगरा में आयोजित जनसभा को सफल बनाने के लिए भारी संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया। उक्त जनसभा में डाड़ी मंडल से 5000 लोगों की उपस्थिति निश्चित करने की बात कही गई है।इस बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन मंडल महामंत्री गुलचंद महतो द्वारा किया गया।इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजूरंजन तिवारी, हुकुमनाथ महतो,राकेश सिंह, सेवालाल महतो,प्रभात कुमार सिंह, डॉ.रामसेवक प्रसाद, प्रमोद कुमार महतो,राजदीप प्रसाद, प्रितलाल महतो,उमेश प्रकाश सिंह, गणेश साहु, बंसत प्रजापति, बृजकिशोर पाठक, गिरजा सिंह, मंगलदेव महतो,नमिता कुमारी, बिहारी प्रजापति, बाबूचरण बेदिया, नकुल महतो,सुदीप चौधरी, सुदय कुमार महतो,नंदकुमार महतो,अमृत महतो,लालदेव महतो,मनिकचंद प्रजापति, भुनेश्वर ठाकुर, पिंटू साव,अनिल अग्रवाल, सुदर्शन महतो,लालदेव महतो,बालदेव राम,भोला महतो,गिरधारी महतो,जगरनाथ महतो,बासुदेव प्रजापति,हसनैन अंसारी, केतर महतो,अशोक कुमार,कृष्ण कुमार,बासुलाल महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में हुआ पोषण रंगोली कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरे देश में 1 सितंबर 2023 से 30 सितंबर 2023 तक की अवधि को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोषण रंगोली कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इस दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं द्वारा ग्रामीणों को राष्ट्रीय पोषण में मनाए जाने के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही सभी को अपने-अपने क्षेत्र में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, शौचालय का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, अंडा सहित अन्य प्रोटीन युक्त सामग्रियां शामिल करने, नवजात बच्चों के पोषण हेतु शुरूआत के हजार दिनों में ध्यान देने योग्य बातों आदि के संबंध में जानकारी देते हुए सभी को जागरूक किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की कई दुविधाओं को भी दूर किया गया।

### झामुमो के प्रत्याशी बेबी देवी के विजयी होने पर झामुमो ने मनाया जश्न

**पाकुड़ :** डुमरी उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी बेबी देवी के ऐतिहासिक जीत को लेकर पाकुड़ में दर्जनों झामुमो कार्यकताओं के द्वारा जिला अध्यक्ष श्री श्याम यादव के नेतृत्व में बिरसा चौक पर विजय उत्सव एवं जश्न मनाया गया कार्यकताओं के द्वारा पटाखे फोड़े गए एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी गई इसके साथ-साथ वीर शिवू जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, डुमरी विधानसभा की जनता जिंदाबाद, श्रीमती वेवी देवी जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। मोके पर श्याम यादव ने कहा कि डुमरी उपचुनाव के जीत से यह सिद्ध हो गया कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार सशक्त और मजबूत है और आने वाला लोकसभा एवं विधानसभा में भी इसका सकारात्मक परिणाम होगा। डुमरी विधानसभा की जनता को झामुमो पार्टी के कैंडिडेट एवं पूर्व शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो की पत्नी श्रीमती देवी देवी को अप्रत्याशित मतों से विजय बनाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामना।

बोकारो थर्मल : डीवीसी प्लांट में गिरकर मजदूर की मौत

## शव को प्लांट में रखकर यूनियन कर रही नौकरी और मुआवजा की मांग



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** डीवीसी के बोकारो थर्मल प्लांट परिसर में आज यानी 9 सितंबर को एक सप्लाई मजदूर रामनरेश सिंह की फिसल कर गिरने से मौके पर ही मौत हो गई. मृतक मजदूर सीएचपी प्लांट के डोजर सेक्शन में कार्यरत था. वह प्रथम पाली में ड्यूटी पहुंचा था. इसी दौरान सीएचपी के समीप रास्ते में वह फिसलकर गिर गया और उसकी मौत हो गयी. कुछ देर बाद जब अन्य मजदूरों ने रामनरेश सिंह को जमीन पर पड़ा हुआ देखा तो प्रबंधन व अन्य लोगों को इसकी सूचना दी. मौके पर उसकी जांच की गई तो उसकी मौत हो गई थी. इस बात की जानकारी मिलने के बाद सहकर्मी मजदूर और यूनियन के नेता मौके पर पहुंचे और प्रबंधन को घटना की जानकारी दी. यूनियन के प्रतिनिधि व मजदूर मृतक के शव को प्लांट में रखकर उसके आश्रित को नौकरी सहित अन्य मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं. इधर, समाचार लिखे जाने तक मामले को सुलझाने के लिए प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच वार्ता चल रही थी।

**छापेमारी** सरकारी शराब दुकान में आबकारी विभाग ने की छापेमारी

# दो पेटी में 40 नीप, 8 पीस हाफ नकली दारु किया बरामद, तीन स्टाफ गिरफ्तार,मचा हड़कंप

- छापेमारी चार घंटे तक चली
- काम करने वाले तीन स्टाफ को गिरफ्तार किया गया है

राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी:** अरगड्डा रोलर चौक स्थित सरकारी शराब दुकान में अचानक आबकारी विभाग की टीम द्वारा छापेमारी की गयी। छापेमारी चार घंटे तक चली। टीम द्वारा स्टॉक की जांच पड़ताल के बाद नकली शराब की 40 बोतल नीभ, 8 पीस हॉफ सहित 48 बोतल बरामद की गई। जबकि वहां पर काम करने वाले तीन स्टाफ को गिरफ्तार



किया गया है। इस संबंध में आबकारी विभाग के दारोगा कांग्रेस कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई है।

सुचना मिली थी कि अरगड्डा सरकारी शराब दुकान में नकली शराब की खेप पहुंचाई गई है। इसे लेकर छापामारी कर दो पेटी में 40 बोतल नीभ और 8 बोतल हाफ, कुल मिलाकर 48 बोतल बरामद हुआ। जिसमें मैकडावल न. वन 350 एमएल 3 लीटर, मेकडावल वन के 180 एमएल 31 पीस 5.58 लीटर, स्ट्रिंग बी7 180 एमएल 8 पीस 1.44 लीटर, रॉयल चैलेंज 375 एमएल एक पीस 0.375 लीटर कुल 28 बोतल है। इस मामले में शराब दुकान के तीन स्टाफ विक्की कुमार मेहता, सुजल सोनकर, जय कुमार को हिरासत में लिया गया है। जबकि नकली शराब की खेप पहुंचाने वाले राजू कुमार (कैथा) निवासी को ढूंढा जा रहा है। आबकारी विभाग की छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

प्रत्याशी के जीत पर गठबंधन के नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया

## धनबल पर जनबल की हुई जीत : शहजादा अनवर



राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा:** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में मिली हार से मायुस हुए इंडिया गठबंधन के दलों में डुमरी विधानसभा उपचुनाव में मिले जीत से एक नई उर्जा भर दी है। पुरे रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में गठबंधन के दलों द्वारा हर्ष के साथ साथ रंग-गुलाल, मिठाईयां तथा आतीशबाजी की गई। इस संबंध में झारखंड प्रदेश काँग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि डुमरी विधानसभा के मतदाताओं ने दिखा दिया कि जनबल पर धनबल हावी नहीं हो सकता। इसी के परिणामस्वरूप इंडिया गठबंधन की झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजग गठबंधन की आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी को 17 हजार से अधिक मतों से पराजित किया।



रजत कुमार गुप्ता

विदेशी मेहमानों के स्वागत पर जो अरबों रुपये खर्च होंगे, वह किसकी जेब से जाएगा, यह भी अब समझने लायक बात है। देश की चुनौतियों के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और कद्दावर बनाने के जुगाड़ में मोदी जी अच्छी चालें चल लेते हैं। यह अलग बात है कि अपने अपने कारणों से दो बड़े नेता ब्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग इसमें नहीं आये हैं। फिर भी असली सवाल यही है कि देश के आम आदमी यानी मैंगों मैन को इससे क्या फायदा।

# घूमेंगे, फिरेंगे, नाचेंगे, गायेंगे, ऐश .. ..



सोना और चांदी के बरतन में खायेंगे। गप शप भी होगी और फिर शानदार टूर कर वापस लौट जाएंगे। दरअसल कूटनीतिक स्तर पर जी 20 के आयोजनों का इससे अलग कोई महत्व है या नहीं यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। अगर ऐसा होता तो इतने देशों के आग्रह के बाद भी रूस और यूक्रेन का युद्ध जारी नहीं रहता। चीन में उइगर मुसलमानों का दमन जारी नहीं रहता और अफगानिस्तान में महिलाओं को कुछ तो आजादी मिल ही जाती। लेकिन ऐसा होता तो नहीं है। ऊपर से अफ्रीका पर नजर डालें तो गरीबी से तंगहाल देश लगातार सैन्य शासन के अधीन चले जा रहे हैं। पाकिस्तान की दयनीय आर्थिक हालात के बीच वहां से सैन्य शासकों की जीवनशैली भी अचरज मे डालती है। इसलिए लगता है कि समय समय पर तमाम राजनेताओं को पर्यटन का आनंद दिलाने के लिए ऐसी आयोजन किये जाते हैं। इससे देश को या यूं कहें कि देश की जनता को क्या फायदा होगा, यह समझ से परे है।

विदेशी मेहमानों के स्वागत पर जो अरबों रुपये खर्च होंगे, वह किसकी जेब से जाएगा, यह भी अब समझने लायक बात है। देश की चुनौतियों के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और कद्दावर बनाने के जुगाड़ में मोदी जी अच्छी चालें चल लेते हैं। यह अलग बात है कि अपने अपने कारणों से दो बड़े नेता ब्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग इसमें नहीं आये हैं। फिर भी असली सवाल यही है कि देश के आम आदमी यानी मैंगों मैन को इससे क्या फायदा। इससे पहले भी अनेक विदेश दौरों से विदेशी पूंजीनिवेश का कोई खास परिणाम आता तो नहीं दिखता। इसी बात पर एक चर्चित फिल्म गुलाम का यह गीत याद आ रहा है। इस गीत को लिखा था नीतिन राइकवर ने और संगीत में ढाला था जतिन और ललित ने। यह गीत इसलिए भी ज्यादा लोकप्रिय हुआ क्योंकि इस गीत में अलका याज्ञिक के साथ खुद आमिर खान ने स्वर दिया था। गीत के बोल कुछ इस तरह हैं।

*ऐ, क्या बोलती तू, ऐ, क्या मैं बोलूँ*
*सुन - सुना - आती क्या खंडाला*
*क्या करूँ, आके मैं खंडाला*
*घूमेंगे, फिरेंगे, नाचेंगे, गायेंगे*
*ऐश करेंगे और क्या*
*ऐ, क्या बोलती तू ...*
*बरसात का सीजन है*
*खंडाला जाके क्या करना*
*बरसात के सीजन में ही तो, मजा है मेरी मैना*
*भीगूँगी मैं, सर्दी खाँसी हो जायेगी मुझको*
*चद्दर लेके जायेन.गे, पागल समझी क्या मुझको*
*क्या करूँ, समझ में आये न*
*क्या कहूँ, तुझसे में जानूँ न*
*अरे इतना तू क्यों सोचे, मैं आगे तू पीछे*
*बस अब निकलते और क्या*
*ऐ, क्या बोलती तू ...*
*लोनवला में चिक्की खायेंगे, वाटर फॉल पे जायेंगे*
*खंडाला के गार्ड के ऊपर, फोटू खींच के आयेंगे*
*हाँ भी करता, न भी करता, दिल मेरा दीवाना*
*दिल भी साला, #परत्य# बदले, कैसा है जमाना*
*फोने लगा, तू अपने दिल को जरा*
*पूछ ले, आखिर है क्या मजरा*
*अरे पल में फिसलता है, पल में सम्भलता है*
*कनफ्यूज करता है बस क्या*
*ऐ, क्या बोलती तू ...*

*खैर मेहमान भगवान होता है। आये हैं तो अच्छा स्वागत होना ही चाहिए। उससे आगे की भी बात कर लें। उसके तुरंत बाद संसद का वह सत्र प्रारंभ होना है, जिसमें किन मुद्दों पर चर्चा होगी, यह साफ नहीं है। पहले से ही भारत और इंडिया का बहस पैदा किया गया था। बीच में सनातन और द्रविड का मसला उलझा है। अपने मोदी जी भी कमाल के हैं। विपक्ष को एक के बाद एक नये नये जाल में उलझाते रहते हैं। यह अलग बात है कि विदेश से राहुल गांधी ने फिर से ढोल फोड़ दिया है और साफ कहा है कि यह भटकाने की पुरानी चाल है।*

अब संसद में जो कुछ होना था, उसमें कुछ न कुछ तो बदल ही गया है क्योंकि घोसी की जनता ने डबल इंजन सरकार को घास नहीं डाला है। जिन तिकड़मों से जीत का दावा किया गया था, वे बेकार साबित हुए।

ऊपर से मायावती की माया ने भी कमल पर ग्रहण लगा दिया। बाकी अब पंद्रह तारीख के बाद ईडी में क्या कुछ होता है, यह देखने वाली बात होगी जबकि कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को लपेट मे लेने की चाल अब जगजाहिर हो चुकी है। इतना के बाद भी इंडिया वनाम एनडीए की लड़ाई में भारत वनाम इंडिया अथवा सनातन धर्म या फिर राम मंदिर का पुराना मुद्दा कितना कारगर होगा, यह देखने वाली बात होगी। जनता के जख्मों पर मरहम लगाने में रसोई गैस की कीमतों में दो सौ रुपये की कमी तो शायद उल्टी पड़ गयी और लोग नौ साल बाद चुनाव आने के पहले इस दरियादिली पर ही सवाल उठाने लगे। इसलिए हुजूर पानी किस तरफ बह रहा है, इस पर नजर रखने की जरूरत है। यह इंडियन पॉलिटिक्स है, जहां चाय की प्याली में उठा तूफान भी सरकार गिरा दिया करता है।

# 56 वर्ष के हुये अक्षय कुमार

बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता अक्षय कुमार आज 56 वर्ष के हो गये। अक्षय कुमार (मूल नाम राजीव भाटिया) का जन्म 09 सितंबर 1967 को पंजाब के अमृतसर में एक मध्यम वर्गीय पंजाबी परिवार में हुआ था। उनका बचपन दिल्ली में बीता। पढ़ाई पूरी करने के बाद अक्षय बैंकाक चले गये और वहां बावर्ची का काम करने लगे। इस दौरान वह वहां मार्शल आर्ट सीखा करते थे। बैंकाक से लौटने के बाद अक्षय कुमार मुंबई आ गए और मार्शल आर्ट ट्रेनर का काम करने लगे। इसी दौरान अक्षय की मुलाकात फिल्मकार प्रमोद चक्रवर्ती से हुई। प्रमोद चकवर्ती ने उनसे अपनी फिल्म दीदार में काम करने की पेशकश की। इससे पहले हालांकि उनकी फिल्म सौगंध प्रदर्शित हो गयी। इस बीच निर्देशक अब्बास मस्तान की नजर अक्षय कुमार पर पड़ी। उन्होंने उनसे अपनी फिल्म खिलाड़ी में काम करने का प्रस्ताव किया। वर्ष 1992 में प्रदर्शित रहस्य और रोमांच से भरी यह फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी और वह काफी हद तक इंडस्ट्री में पहचान बनाने में कामयाब हो गये। फिल्म खिलाड़ी की सफलता के बाद अक्षय फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गये। खिलाड़ी के बाद अक्षय कुमार फिल्म इंडस्ट्री में खिलाड़ी कुमार के नाम से मशहूर हो गये। इसके बाद फिल्मकारों ने उन्हें लेकर खिलाड़ी टाइटल वाली कई फिल्मों का निर्माण किया। इनमें मै खिलाड़ी तू अनाड़ी, सबसे



बडा खिलाड़ी, खिलाड़ियों का खिलाड़ी, मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी, इंटरनेशनल खिलाड़ी, खिलाड़ी 420 आदि है। वर्ष 1994 अक्षय कुमार के सिने कैरियर के लिये अहम वर्ष साबित हुआ। इसी वर्ष उनकी ये दिल्लगी, मोहरा, सुहाग, एलान और मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुयी। फिल्म ये दिल्लगी में उन्हें निर्माता निर्देशक यश चोपड़ा के साथ पहली बार काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये वह पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित भी किये गये। वर्ष 1994 में ही प्रदर्शित फिल्म मोहरा सिने करियर की सर्वाधिक सुपरहिट फिल्म साबित हुयी।

वर्ष 1994 में ही अक्षय कुमार की फिल्म मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी भी प्रदर्शित हुयी। इस फिल्म में उन्होंने सैफ अली खान के साथ मिलकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस फिल्म में उन पर फिल्माया गीत मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी दर्शको के बीच काफी लोकप्रिय हुआ। इन फिल्मों की सफलता के अक्षय कुमार फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित हो गये।वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म दिल तो पागल है अक्षय कुमार की सुपरहिट फिल्म में शुमार की जाती है। इस फिल्म में उन्हें एक बार फिर से निर्माता, निर्देशक यश चोपड़ा के साथ काम करने का अवसर मिला। इसमें उनके सामने शाहरूख खान थे, इसके बावजूद अक्षय कुमार छोटी सी भूमिका के जरिये दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहे। फिल्म में दमदार अभिनय के लिये वह सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये नामांकित भी किये गये। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म हेराफेरी अक्षय कुमार की महत्वपूर्ण फिल्म में शुमार की जाती है। प्रियदर्शन निर्देशित इस फिल्म से पहले लोगो की धारणा थी कि अक्षय कुमार केवल मारधाड से परिपूर्ण अभिनय ही कर सकते हैं, लेकिन इस अक्षय कुमार ने फिल्म में परेश रावल और सुनील शेट्टी के साथ मिलकर उन्होंने अपने कारनामों से दर्शको को हंसाते-हंसाते लोटपोट कर दिया। फिल्म की सफलता को देखते हुये 2006 में इसका सीक्वल फिर हेराफेरी बनाया गया। वर्ष 2001 में अक्षय ने अभिनेत्री टिवकल खन्ना से शादी कर ली। वर्ष 2001 में अक्षय कुमार को निर्माता-निर्देशक अब्बास मस्तान के साथ एक बार फिर से फिल्म अजनबी में काम करने का अवसर मिला। फिल्म में उनका यह किरदार ग्रे शेडस लिये हुये था। इसके बावजूद वह दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे।

# आदमी रिपेयर सेंटर

## ››व्यंग्य ›› अनूप शुक्ल



हमारा मोबाइल महीने भर से रिपेयरिंग के लिये 'मोबाइल अस्पताल' में भर्ती है। पानी चला जाने के चलते उसकी चार्जिंग होना बन्द हो गया था। अन्धा, गूँगा, बहरा हो गया है मोबाइल। रिपेयरिंग सेंटर वालों ने बताया कि चार्जिंग होने लगी, रोशनी भी आ गयी लेकिन आवाज अभी नदारद है। मदरबोर्ड बदलना पडेगा।

हमने कहा- बदल दो। बताया गया कि रिपेयरिंग के पहले आधे पैसे जमा करवाने होंगे। हमें लगा कि मोबाइल न हुआ आईसीयू में भर्ती आदमी हो गया। आपरेशन तभी होगा जब एडवांस पैसा जमा करोगे। अस्पताल का डर होता होगा कि आदमी ठीक होकर फूट लिया तो पैसे डूब जायेंगे। लेकिन मोबाइल के तो पैर नहीं है। रिपेयरिंग चार्ज से कई गुने ज्यादा का मोबाइल जमा है लेकिन आधा पैसा एडवांस में चाहिये।

खैर, गये। मोबाइल देखा। कमर में कागज बंधा था, पट्टी की तरह। आन किया तो सब डाटा, फोटो दिखे। लेकिन आवाज गोल। मोबाइल बेचारा न बोल पा रहा था न सुन पा रहा था। लेकिन ऐसा लग रहा था हमें यहां से ले चलो। हमने उसको प्यार से सहलाते हुये दिलासा दिया- 'ले चलेंगे बेटा, बस जरा ठीक हो जाओ।' ये तो हुई मोबाइल की बात। जो पार्ट खराब हुआ बदल दिया गया। फिर से टनाटन चलने लगेगा। बड़ी बात नहीं कल को आदमी की रिपेयरिंग भी इसी तरह होने लगे। आदमियों के भी रिपेयर सेंटर खुल जायें।

आदमी रिपेयर सेंटर में हर अंग को बदलने की सुविधा होगी। आदमी मोटा हो गया लेकिन टाँगें पतली हैं तो टांगें बदल जाएँगी। साँस की तकलीफ है, फेफड़े नये डाल देंगे। नजर कमजोर है, नई आँख लगवा लो। चेहरे पर दाग हैं, स्किन बदलवा लो। कोई महिला अपने बच्चे को ले जायेगी और कहेगी- 'भाई साहब बेटे को चीजें जल्दी याद नहीं होती। इसकी मेमोरी चिप बदल दो।

पिता लोग अपनी बेटियों को जमा कराएंगें- इसके दिमाग से प्यार का भूत इरेज कर दो। खानदान की इज्जत का सवाल है। मुकदमों में फंसे लोग अपने खिलाफ गवाह की मेमोरी चिप में अपने हिसाब से यादें ठेल देंगे। बच जायेंगे।

कोई आदमी अपनी औरत के चेहरे की स्किन चमकदार करवाने के भर्ती करायेगा और बाद में फोन करके उसकी आवाज भी थोड़ा धीमे कर देना। चिल्लाती बहुत है। पैसे की चिन्ता न करो। मैं दे दूँगा। कोई औरत अपने आदमी को लेकर आएगी -'इनकी खाँसी ठीक ही नहीं हो रही। फेफड़े बदल दो।' अलग से कहेगी - 'भाई साहब इनकी मेमोरी फाइल से इनकी प्रेमिका का नाम डिलीट कर दो। जब देखो तब उसी को पढ़ते रहते हैं।' कोई नेता सैकडों लोगों को लिये आयेगा और कहेगा- ' इनके दिमाग में हमारी पार्टी की विचारधारा और हमारे नेता की जयकार फीड कर दो। चुनाव आने वाले हैं।' फिर तो स्कीम भी चलेंगी। पुराना आदमी लाओ, नया ले जाओ। आफर सीमित। भुगतान किस्तों में।

एक्सीडेंट में बहुत टूट फूट हो गयी तो नया शरीर मिल जायेगा अस्पताल में। आदमियों की कास्टिंग , फोरजिंग मौजूद होंगे अस्पतालों में। आदमी के हिसाब से शरीर की मशीनिंग हो जायेगी। मेमोरी और दीगर चीजें चिप में कापी करके फिट कर दी जायेंगी। पता चला रिपेयर होने के बाद आदमी के स्वभाव में कोई बदलाव आया तो परिवार वाले कहेंगे- 'जब से रिपेयर होकर आये हैं तबसे चिड़चिड़े हो गये हैं। पहले शांत रहते थे! या फिर यह कि-' रिपेयर होने के बाद सुधर गये हैं। सारे खुराफाती वायरस निकल गये!'

कभी-कभी कुछ बवाल भी हो शायद। पता चला कि डाक्टर ने तमाम हिन्दू आदमियों के दिमाग में कुरान डाउनलोड कर दीं। मुसलमान लोगों के दिमाग में गीता के श्लोक जमा हो गए । पता चला कोई मार्क्सवादी आदमी रिपेयर होकर आया तो उसके दिमाग से 'दास कैपिटल' गायब है और उसकी जगह 'एक के बदले चार फ्री' तथा 'आफर सीमित जल्दी करें' की तमाम स्कीमें भरी हैं। मुक्त अर्थव्यवस्था के हिमायती के दिमाग में लाइसेंसी जमाने की योजनाएं कब्जा किए हैं।

सरकारों को भी सुविधा होगी। नयी सरकार के आने पर राज्यपाल बदलने नहीं पड़ेंगे। केवल पुरानी पार्टी की चिप निकालकर अपनी पार्टी की चिप लगवा देंगे। अफसरों के तबादलों की जगह उनकी चिपों के तबादले होंगे। सब लोग नयी सरकार के मसौदे के हिसाब से काम करने लगेंगे। सरकारों को सहूलियत होगी कि वे अपने हिसाब से मीडिया और बुद्धिजीवियों के दिमाग में अपने हिसाब से चिपें फिट करवा लेगें। देश चाहे बरबाद हो रहा हो लेकिन वे देश को बताते रहेंगे- ' देश का विकास हो रहा है। सबके अच्छे दिन आ रहे हैं।'

हम भी क्या-क्या फालतू सोचने लगे हैं आजकल। लगता है दिमाग खराब हो रहा है। रिपेयरिंग करवानी पड़ेगी।

# गणेश भगवान क्यों वंदनीय हैं?



उज्जवल भास्कर



संस्कृत में एक श्लोक है- प्रसन्न वदनां ध्यायेत, सर्व विघ्नोप शान्तये, जिसका अर्थ है, 'जब आप शांतिपूर्ण और आनंदमय लोगों को याद करते हैं, तो सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं।' यही कारण है कि हर पूजा के आरंभ में भगवान गणपति का आह्वान किया जाता है। भगवान गणेश सर्वाधिक प्रसन्नचित्त देवता माने जाते हैं।

आदि शंकराचार्य ने अपने एक श्लोक 'अजम निर्विकल्पम' में भगवान गणेश को अजन्मा, निराकार, गुणहीन, निर्विकल्प, चिदानंद तथा सर्वव्यापी ऊर्जा के रूप में वर्णित किया है, जो हर आनंद के आरंभ में उपस्थित हैं। वे न केवल आनंद में उपस्थित रहते हैं, बल्कि निरानंद में भी उपस्थित हैं। संत ध्यान करते समय जिसका अनुभव करते हैं वे वही शून्य स्थान हैं। वे सृष्टि के बीज हैं और ब्रह्मांड के सभी गणों के स्वामी हैं। वे एक सार्वभौमिक चेतना हैं जिसे ज्ञान के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

गणपति जीवन का आधार हैं, इसीलिए ऋषियों ने साधारण लोगों के लिए गणेश चतुर्थी पर एक विशेष अनुष्ठान के आयोजन का सुझाव दिया ताकि वे गणपति के साकार रूप की पूजा के माध्यम से उनके निराकार स्वरुप तक पहुँच सकें।

हम अपने हृदय में निवास करने वाले, सर्वव्यापी भगवान गणेश का पवित्र मंत्रों के साथ एक मूर्ति में आह्वान करते हैं। इस प्रकार मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठित की जाती है। उत्सव समाप्त होने के बाद, हम भगवान से, हमारे हृदय में वापस आने की विनती करते हैं और फिर हम मूर्ति को, प्रेम के प्रतीक, जल में विसर्जित कर देते हैं।

आपको परमात्मा की पूजा कैसे करनी चाहिए? आपका भाव क्या होना चाहिए? मूर्ति को ईश्वर के रूप में देखें, न कि केवल एक मूर्ति के रूप में। तब हमारे हृदय में भक्ति खिलती है और हम स्वयं को शुद्ध भक्ति सागर में डुबाने में सक्षम हो पाते हैं। जब हम भगवान गणेश की पूजा करते हैं तब क्या होता है?

भगवान गणेश जिन गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं, वे हमारी चेतना में प्रकट होने लगते हैं। उनके गज समान मस्तक का बल, सहनशक्ति और साहस, उनके विशाल उदर की प्रतीक उदारता तथा स्वीकार्यता, और उनके एक दांत की प्रतीक एकाग्रता, ये सभी गुण हैं जो जीवन को और अधिक संतोषप्रद बनाते हैं। भगवान गणेश अपने ऊपर उठे हाथ से रक्षा करते हैं और नीचे कि ओर इंगित करने वाले हाथ से आशीर्वाद प्रदान करते हैं। 'रिद्धि' जो बुद्धि की प्रतीक हैं और 'सिद्धि' जो विशेष क्षमताओं की प्रतीक है, ज्ञान के देवता भगवान गणेश की पत्नियां हैं। जब आप गणेश जी की पूजा करते हैं, तो आपको ज्ञान, बुद्धिमत्ता, विशेष योग्यतायें और सिद्धियां प्राप्त होती हैं। योगी मूलाधार चक्र या रीढ़ के आधार पर भगवान गणेश की उपस्थिति या ऊर्जा का अनुभव करते हैं।

उनके हाथ में 'मोदक' परमानन्द की प्राप्ति को दशार्ता है। 'अंकुश'जागरण का प्रतीक है और 'पाश' नियंत्रण के लिए है, जिसका अर्थ है कि आंतरिक जागरण द्वारा निकलने वाली अथाह ऊर्जा को उचित मार्गदर्शन द्वारा प्रसारित करने की आवश्यकता है।

परम सत्य की अज्ञानता, हमें संसार से बांधती है। भगवान गणेश का वाहन 'मूषक' अज्ञान की उन रस्सियों को काट देता है जो हमें असत्य से बांधती हैं।

इस गणेश चतुर्थी पर यह जान लें कि भगवान गणेश आपके हृदय में विराजमान हैं। और एक शिशु की तरह, भोलेभाव से, भगवान गणेश की आराधना करें तथा उनके आशीर्वाद के रूप में सुख, समृद्धि और परमानन्द का आनंद लें।

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### ठगी का मामला पहुंचा थाना

**बेरमो :** सुभाषनगर निवासी सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के अंतर्गत बोकारो कोलियरी के डीडीमाइंस मे कार्यरत बुंदेशवर उर्फ टिंकू ने आधा दर्जन सूदखोरो पर 28 लाख रुपया की ठगी करने की शिकायत बेरमो थाना मे की है। इस संबंध में आदिवासी सीसीएल कर्मी बुंदेशवर से ठकी के मामले मे पूछताछ करने पर बेरमो थाना प्रभारी सह आरक्षी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया।

## सिटी अपडेट्स >>

### रक्तदान शिविर आयोजित

**जमशेदपुर :** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम से जुड़े रक्तदाताओं ने संकल्प लिया है कि वे हर हाल में डेंगु या अन्य रोगों के प्रभारी प्लेटलेंट्स जरूरतमंदों के लिए आरडीपी एवं एसडीपी उपलब्ध करवायेंगे, इस कड़ी में रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह की सक्रियता एवं रेड क्रॉस कार्यकताओं की जागरुकता के कारण पिछले 24 घंटे में रेड क्रॉस से जुड़े 11 कार्यकताओं एवं रक्तदाताओं ने अपना एसडीपी दान किया। टाटा स्टील कर्मी दीप नारायण सिंह ने दूसरी बार, टाटा स्टील कर्मी व यूनियन कमिटी मेम्बर कृष्णा पाण्डे ने भी दूसरी बार, टाटा स्टील कर्मी सुजीत कुमार पाणिग्रही ने 8वीं बार, टाटा स्टील कर्मी अरुण कुमार सिंह ने 14वीं बार, शाहनवाज आलम ने 3सरी बार, जयवर्धन ने दूसरी बार, कमल कृष्ण ने पहली बार, पी. आनन्द ने 13वीं बार एसडीपी दान किया। अपने मामा व एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह की प्रेरणा से उनके भगिना व नियमित रक्तदाता अमित चौधरी एवं विनित चौधरी ने अपना पहला एसडीपी दिया, इनका उत्साह बढाने के लिए परिवार के सदस्य भी जमशेदपुर ब्लड़ सेन्टर में उपस्थित थें।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का एसीएमओ ने की समीक्षा

**देवघर :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सीके शाही की अध्यक्षता में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर मे पीएसआई इंडिया के तत्वाधान मे टीसीआई समीक्षा सह कार्य योजना पर बैठक की गई। जिसमे देवघर जिले की शहरी प्राथमिक स्वास्थ केंद्रो मे दी जाने वाली सेवाओं मे पीएस आई के द्वारा किये जाने वाले सहयोग पर विस्तृत चर्चा की गयी। डॉ सीके शाही के द्वारा निर्देश दिया गया की देवघर शहरी क्षेत्र अंतर्गत सभी योग्य दम्पति तक परिवार नियोजन की सेवा उपलब्ध कराई जाये तथा सभी स्वास्थ्य कर्मी लोगो को गुणवक्ता युक्त सेवा प्रदान करे।साथ ही नेत्रदान के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगो को प्रेरित किया जाये,स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही कार्यो का प्रचार प्रसार व्यापक रूप से की जाये। शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक सुनील मणि त्रिपाठी ने बताया की सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे स्टाफ की कमी होने के बावजूद हमें बेहतर स्वास्थ सेवा लोगो को प्रदान करनी है एवं सुनिश्चित दिन सेवा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उनके द्वारा टीसीआई इंडिया के द्वारा प्रदान की जा रही सहयोग की सराहना की। पीसीआई इंडिया के प्रबंधक कार्यक्रम इम्प्लीमेंटेशन देवराज चौधरी ने पीसीआई इंडिया के द्वारा की जाने वाले कार्यो तथा आगामी योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताया। जिला यक्षमा नियंत्रण कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम समन्वयक मृगेंद्र कुमार एवं संतोष कुमार के द्वारा टीबी निश्चय पोर्टल के विषय मे जानकारी साझा किया गया, जिन लोगो को दो सप्ताह से ज्यादा खासी हो उनकी बलगाम की जांच मे सहिया सहयोग करे।

**परीक्षा**

### परीक्षा प्रपत्र 11 सितंबर से 20 सितंबर तक भरे जाएंगे

# जेनेरिक विषय की परीक्षा लेगा विभावि: सुमन

- 36 अभ्यर्थियों के पीएचडी परीक्षा फल को स्वीकृति प्रदान की गई
- 12 अन्य शोधार्थियों का पीएचडी परीक्षाफल प्रकाशन पर स्वीकृति प्रदान की गई



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के कुल सचिव के पत्र पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्नातक सत्र 2015-18 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का जेनेरिक विषय की परीक्षा विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग द्वारा लिया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के कुल सचिव को पत्र प्रेषित कर आग्रह किया जाएगा कि वह अपने विश्वविद्यालय के अधीन महाविद्यालय में परीक्षा आयोजित करवाएंगे यद्यपि इससे संबंधित सारी प्रक्रिया विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा संपन्न कराया जाएगा। इस विषय पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ गौरी शंकर तिवारी ने बताया कि इससे संबंधित परीक्षा प्रपत्र 11 सितंबर से 20 सितंबर तक भरवाए जाएंगे। बैठक में पीएचडी शोध से संबंधित 36 अभ्यर्थियों के पीएचडी परीक्षा फल को घाटनोंत्तर स्वीकृति प्रदान की गई एवं 12 अन्य शोधार्थियों का पीएचडी परीक्षाफल प्रकाशन पर स्वीकृति प्रदान की गई। यह भी प्रस्ताव लिया गया की विज्ञान संकाय के संकायअध्यक्ष डॉ आरके द्विवेदी को अभियंत्रण संकाय के संकायअध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार दिया जाएगा। बैठक में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायअध्यक्ष सह मानवी के संकायअध्यक्ष प्रो मिथिलेश कुमार सिंह, संकायअध्यक्ष विज्ञान डॉ राजीव कुमार द्विवेदी, संकायअध्यक्ष सामाजिक डॉ प्रकाश चंद्र देवघरिया, संकायअध्यक्ष वाणिज्य डॉ मोख्तार आलम के अलावे विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ कौशलेंद्र कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक बैठक में उपस्थित थे। इंटीग्रेटेड बीएड सेमेस्टर 5 (सत्र 2020-24) की परीक्षा में प्रथम पत्र के प्रश्न पाठ्यक्रम के बाहर से होने के कारण भूगोल विभाग के अध्यक्ष के प्रस्ताव पर प्रथम पत्र की परीक्षा लेने का निर्णय भी लिया गया। परीक्षा परिषद की बैठक में लिए गए प्रस्ताव पर कुलपति के हस्ताक्षर नहीं होने के कारण पूर्व में यह समाचार मुझे उपलब्ध नहीं कराया जा सका। इसी कारण इसे आज रिलीज किया जा रहा है। विलंब के लिए क्षमा करेंगे।

## डुमरी की जनता बधाई के पात्र: मुन्ना सिंह



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग डुमरी उपचुनाव आईएनडीआईए के प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व प्रखर समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कहा कि बेबी देवी की जीत स्वर्गीय टाइगर जगन्नाथ महतो द्वारा किए गए कुशल कार्यो का परिणाम है। उन्होंने कहा कि डुमरी विधान सभा की जनता ने जगन्नाथ महतो के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए उनकी पत्नी और आईएनडीआईए के प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में मतदान किया। इसके लिए डुमरी विधान सभा क्षेत्र की जनता बधाई के पात्र है। जीत के देर संध्या पर मुन्ना सिंह ने बलियंद खेल मैदान में एक दुसरे को मिठाईयां खिलाकर तथा आतिशबाजी जलाकर अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी के द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा मील का पत्थर साबित हुए है और इसका लाभ 2024 लोकसभा के चुनाव में आईएनडीआईए गठबंधन के प्रताशियों को निश्चित रूप मिलेगा और 2024 की लोकसभा चुनाव पूर्ण बहुमत से जीत कर केन्द्र में आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनेगी। मौके पर प्रखर वक्ता साजिद अली खान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता निसार खान शिक्षक प्रदीप कुमार दास, बाबर अंसारी, बबलू सिंह, अरविंद कुमार, इमरान खान, दिनेश कुमार, सुभानी अंसारी, लीलाधर, अजहर खान के अतिरिक्त कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आयोजित हुआ हाड़ी विकास मंच का जिला सम्मेलन

## हांडी जाति के उत्थान के लिए सरकार को करनी चाहिए मदद: अनंत ओझा



राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज:** शहर के स्टेडियम रोड स्थित विवाह भवन में शनिवार को हाड़ी विकास मंच का जिला सम्मेलन आयोजित की गई। उद्घाटन मुख्य अतिथि सह राजमहल विधायक अनंत ओझा द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित तथा दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विधायक अनंत उज्ज्वल ने कहा कि हाड़ी समाज के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार को आगे आनी चाहिए, ताकि हाल समाज के बच्चे भी पढ़ लिखकर देश के विकास में अपने भागीदारी मजबूती से निभा सके। वही मंच के प्रदेश अध्यक्ष अनूप लाल हरी ने कहा कि हमारा समाज आज भी वंचित समाज है। समाज को उत्थान के लिए एकत्रित और संगठित होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज के लोग पुश्तैनी सरकारी जमीन पर निवास करते आ रहे हैं। जिनका जाति निवास नहीं बन पाता है क्योंकि प्रखंड कार्यालय में 32 का खतियान मांगा जाता है। हमारे समाज के लोगों के पास जमीन ही नहीं है तो वे कहां से खतियान लाकर दे सकेंगे। उन्होंने सरकार से मांग किया कि वो भी लोग यहां बरसों से रह रहे हैं, उन लोगों की जाति को निवास मुहैया कराया जाए, ताकि यह लोग भी पढ़ लिख कर आगे बढ़ सके। सम्मेलन में जिला अध्यक्ष जिला सचिव तथा कोषाध्यक्ष तथा उपकोषाध्यक्ष का चुनाव कराया गया। जिसमें शिवकुमार हरि निर्विरोध जिला अध्यक्ष तथा सुबोध कुमार हरी निर्विरोध सचिव के रूप में निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष पद के लिए विक्की हरि तथा विक्रम हरि ने नामांकन भरा था। चुनाव में विक्की हरि 53 मत प्राप्त कर कोषाध्यक्ष बने जबकि 50 मत प्राप्त करने वाले विक्रम हरि को उपकोष अध्यक्ष मनोनीत कर दिया गया। सम्मेलन में प्रदेश सचिव नगीना हरि, बिहार के कैलाश हरी, रघुवीर हरि, विशाल हरि, मंटु राम आदि मौजूद थे।

## शिक्षा विभाग ने हड़प ली खतियानी भूमि



राष्ट्रीय खबर

**केरेडारी :** केरेडारी में एक दलित परिवार की खतियानी भूमि को शिक्षा विभाग द्वारा हड़प लिया गया है। जिससे वह अपने ही जमीन से बेदखल हो गया है। यह मामला इसी प्रखंड के कराली गांव निवासी वकील भुइयां पिता स्वर्गीय दसवा भुइयां के परिवार की है। यह परिवार बेहद ही गरीब है। परिवार के लोग दिहाड़ी मजदूरी करके किसी तरह जीविकोपार्जन करते हैं। वकील भुइयां ने अपने जमीन के बारे में बताते हुए कहा की मध्य विद्यालय कराली और हाई स्कूल केरेडारी (कराली) में तकरीबन 1.73 एकड़ भूभाग दोनों स्कूल के कब्जा में है। मेरे द्वारा अथवा मेरे पूर्वजों के द्वारा जमीन को कभी भी स्कूल में दान के तौर पर नही दिया गया है। इसके बाद भी स्कूल प्रबंधन के द्वारा हमारे भूमि पर चहारदिवारी करके कब्जा कर लिया गया है। यह चहारदिवारी हाई स्कूल केरेडारी द्वारा किया गया है। जबकि मध्य विद्यालय कराली में 61 डिसमिल जमीन को कब्जा किया गया है जो वर्तमान में खाली परती भूमि है।

जिस पर हम कई सालों से खेती भी कर रहे हैं और एक सरकारी आवास का निर्माण भी मेरे द्वारा किया जा रहा था। जिसमें स्कूल के प्रधानाध्यापक के द्वारा वर्तमान में रोक लगा दिया गया है। प्रधानाध्यापक के द्वारा रोक लगाने के बाद अभी आवास का काम बाधित हो चुका है और केरेडारी के प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा द्वारा आवास पूर्ण नहीं करने का आरोप मढ़कर स्थानीय थाना में मेरे विरुद्ध केस करके राशि वापस करने अथवा आवास पूर्ण करने की वैधानिक चेतावनी नोटिस के माध्यम से लिखित में दी गई है। मेरे पास पहले से मिट्टी का एक छोटा मकान है।

जिसमे मेरे दोनों बेटे पतोहु अपने बच्चे के साथ रहते हैं जिसे तोड़कर नया मकान बनाना संभव भी नहीं है। वकील भुइयां ने अपने इस मामले को लेकर पंचायत के मुखिया जिला परिषद प्रखंड प्रशासन एवं अन्य कई लोगों से मिलकर अपनी समस्या से निजात पाने की गुहार की है लेकिन किसी ने भी इस दलित परिवार के लिए सहानुभूति की हाथ भी नहीं बढ़ाया। नतीजा यह परिवार अपने ही खतियानी भूमि से खुद को बेदखल महसूस कर रहा है।

## फरार अभियुक्त तेलांगना से गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**इचाक :** इचाक अंचल कार्यालय से पंजी टू की चोरी समेत विभिन्न कांडों के वांछित अभियुक्त कुटुमसुकारी गांव निवासी मुकेश राम को तेलांगना से पुलिस गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। इस सम्बंध में इचाक थाना कांड संख्या 181/ 12 में धारा 364, 34 आईपीसी में कुमुमसुकरी एवं पंचहमन्दिर से अपहरण, कांड संख्या 9/17 धारा 341, 323, 324, 307, 452, 427, 379 दरिया गांव में मारपीट एवं चोरी, कांड संख्या 10/17 धारा 302 श्याल कला मोमारक टोला में हत्या, कांड संख्या 212/19 धारा 461, 379 में अंचल कार्यालय ताला तोड़कर 34 पंजी टू की चोरी एवं कांड संख्या 120/19 धारा 461, 379 में अंचल कार्यालय से दूसरी बार दरवाजा तोड़कर 31 पंजी की चोरी कर लिया था। इस मामले में आज तक फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तारी के लिए थाना में पदस्थापित प्रशिक्षु आईपीएस कुमार शिवाशिष एवं थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम में पुलिस अवर निरीक्षक टीनू कुमार, अवर निरीक्षक जितेंद्र सिंह एवं आलोक सिंह को गिरफ्तारी के लिए अल्मेलो सुबाष पल्ली, मण्डल शिवम पेट, जिला मेदक तेलांगना भेजा गया। जिसके उपरांत छापामारी के क्रम में अभियुक्त मुकेश रविदास उर्फ मुकेश कुमार रविदास 32 वर्ष पिता राजेन्द्र रविदास को गिरफ्तार कर लिया गया। जहां पूछ ताछ के क्रम में सभी मामले में संलिप्ता का स्वीकार किया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

**बैठक**

### डेंगू मलेरिया, चिकनगुनिया के बढ़ते मामलों पर उपायुक्त ने की बैठक

# फॉगिंग व एण्टी लार्वा केमिकल का छिड़काव करें: विशाल

▶▶ गंदगी फैलाने वालों से वसूला जायेगा जुर्माना

राष्ट्रीय खबर



**देवघर :** जिले में लागातार सामने आ रहे डेंगू और चिकनगुनिया के मामलों को देखते हुए देवघर उपायुक्त ने इसके रोकथाम को लेकर अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कीया गया। इस दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा करने के अलावा विशेष साफ-सफाई अभियान, एण्टी लार्वा केमिकल का छिड़काव व वार्ड वाईज फॉगिंग कराने का निदेश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया। उपायुक्त विशाल सागर ने सदर अस्पताल में डैंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया को लेकर बनाये गये स्पेशल वार्ड में बेड की उपलब्धता एवं आवश्यक सुविधाओं को चौबिसों घंटे दुरूस्त रखने का निदेश सिविल सर्जन को दिया। साथ ही जिले में डैंगू से जुड़े मरीजों को दी जा रही सुविधाओं एवं इससे निपटने हेतु किये जा रहे कार्यों की स्थिति से अवगत हुए। संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि यह पूर्ण रूप से सुनिश्चित करें कि कहीं भी जल जमाव, कचड़ा का ढेर एकत्रित न हो। साथ ही विशेष अभियान चलाकर ऐसा करने वालों को चिन्हित करते हुए नगर निगम अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जुमार्ने की राशि वसूल करें। डेंगू प्रभावित क्षेत्र जैसे संभावित एरिया को चिन्हित करने के पश्चात वहां पर नियमित रुप से फोगिंग, एण्टी लार्वा केमिकल का छिड़काव कराया जाय। साथ ही लोगों को डेंगू से बचने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर जागरुक करने के अलावा लोगों मे लक्षण होने पर उन्हें टेस्ट करवाने के लिए भी प्रेरित किया जाए। वहीं अगर आप चाहें तो हेल्पलाईन नंबर 9113315572 पर कॉल करके डैंगू, मलेरिया व चिकनगुनियां से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उपायुक्त ने मच्छर जनित रोगों जैसे डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया आदि को लेकर स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम को सतर्क एवं एक्टिव रहने का निर्देश दिया गया है। इन गंभीर रोगों से निपटने के लिए सिविल सर्जन, देवघर को पूर्ण व्यवस्था के इंतजाम के साथ रैपिड रिस्पाँस टीम के गठन का निर्देश दिया गया है।

साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम को जिला व सामुदायिक स्तर पर इन रोगों के प्रति जागरुकता लाने व आपातकाल स्थिति में सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है। जिला, प्रखण्ड व पंचायत स्तर पर लोगों को जागरूक करने के अलावा संबंधित विभागों को आपसी सहयोग से इस दिशा में कार्य करने का निदेश दिया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा, जिला भीभीडी पदाधिकारी डॉ गणेश, डॉ विभू विनोद, डॉ0 मनीष, नगर निगम के सहायक अभियंता वैदेही शरण, सिटी मैनेजर सुधांशु रंजन, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### सघन मिशन इंद्रधनुष का द्वितीय चरण का आयोजन

**हजारीबाग :** हजारीबाग सघन मिशन इंद्रधनुष का द्वितीय चरण का आयोजन आगामी 11 सितंबर से 16 सितंबर तक विभिन्न प्रखंडों में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उक्त अभियान में कुल 751 सत्र का निर्धारण किया गया है। जिसमें 894 गर्भवती महिलाएं एवं जीरो से 5 वर्ष के 4196 बच्चों का टीकाकरण कराया जाना है। युक्त कार्य में 294 एएनएम के द्वारा टीकाकरण कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। प्रखंड स्तर से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा क्षेत्र पर्यवेक्षण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। संचालित टीकाकरण अभियान का प्रत्येक कार्य दिवस में अनिवार्य रूप से सभी प्रखंडों के द्वारा जिले को रिपोर्टिंग कराए जाने हेतु निर्देशित किया जा चुका है। उक्त अभियान में कोई भी लाभुक टीकाकरण से वंचित न रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व सिविल सर्जन,आरसीएच पदाधिकारी तथा सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर संयुक्त रूप से करेंगे।

### बिजली मीटर लगाये और पाए एक सौ यूनिट मुफ्त बिजली : अमित



**इचाक :** इचाक बिजली बिभाग के द्वारा कैम्प लगाकर ओटीएस बिजली बिल में सूद माफी योजना का लाभ दिया जा रहा है यह योजना सितम्बर 2023 तक रहेगी जिन उपभोक्ता का बिजली बिल बाकि है सूद माफी योजना का लाभ उठाये साथ ही मीटर से ही बिजली जलाये जिनके यहाँ मीटर नहीं लगा विजली कार्यालय से सम्पर्क कर अपने परिसर में मीटर अवश्य लगाए बिना मीटर बिजली का उपभोग अवैध हैं।मीटर लगा कर 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ उठाये। युक्त बातें की जानकारी विद्युत अभियंता अमित कुमार शर्मा ने दिया।

### घरों से किया गया मिट्टी का संग्रह



**इचाक :** इचाक भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग घोषित राष्ट्रीय कार्यक्रम मेरा माटी मेरा देश मिट्टी संग्रह अभियान दरिया गांव में हर घर से मिट्टी लेकर अमृत महोत्सव मेरी माटी, मेरा देश मिट्टी के नमन वीरो का वंदन। साथ में चल रहे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य बटेश्वर मेहता हजारीबाग भाजपा के जिला मंत्री सह इचाक पुरबि के परभारी नंदलाल मेहता इचाक पूर्वी के बद्री मेहता, बीरबल मेहता सुरेश मेहता, बलदेव मेहता, जगदीश मेहता, अशोक मेहता, दामोदर मेहता, संजय मेहता, भेखलाल मेहता, बद्री मेहता, चत्रधारी मेहता, राजेंद्र मिश्र, धारी राम, चंद्र राम, बैजनाथ मिश्र,सतीश मेहता, रोहित मेहता, रोशन कुमार, बिपिन कुमार, रियाश कुमार, अर्जुन मेहता, शेखर कुमार, दुवेरका मेहता, मनोज मेहता,बंसी मेहता, बंगली मेहता समेत सैकड़ो लोग कार्यक्रम में भाग लिए।

### प्रबंधन व प्राचार्य पर मनमानी लगाते हुऐ जांच की मांग



**चौपारण :** चौपारण प्रखंड के सिंघरावा गांव में सुंदर लाल जैन उच्च विद्यालय के प्राचार्य के मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा लिखित आवेदन बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, जिला शिक्षा अधिकारी एवम संबंधित अधिकारियों को दिया गया। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय के प्राचार्य प्रभु राणा व प्रबंधन के द्वारा अपने ही मनचाहे तरीके से विद्यालय संचालित करने में लगे हैं। जब कि यह विद्यालय सरकारी अनुदानित राशि से चल रहा है। लेकिन विद्यालय के समीप सरकारी प्राइमरी विद्यालय होने के वाजूद भी गलत तरीके से विद्यालय प्रांगण में निजी प्राइमरी विद्यालय संचालन करने लगे है। जबकि ये उच्च विद्यालय के रूप में संचालित है। इसके ही साथ शिक्षक की नियुक्ति नियमानुसार नही कर रहे है। जिसके कारण छात्रों का पठन पाठन और व्यवस्था में बहुत सुस्ती देखी जा रही है। इसके अलावा हाल के महीनो में सुन्दर लाल जैन उच्च विद्यालय के प्रांगण में लगे पेड़ों को मन-चाहे तरीके से कई पेड़ो को काट कर अवैध रूप से बेचने का भी आरोप विद्यालय प्राचार्य और समिति पर लगी है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा जिला अधिकारी से गई थी। विधायक उमाशंकर अकेला ने ग्रामीणों का लिखित शिकायत पर जिला शिक्षा विभाग को लिखित कारवाई करने आदेश दिया। मनमानी रोकने को कहते हुए कहा की छात्रों को बेहतर शिक्षा और व्यवस्था सुधारने पर हमें पूरी चिंता है बहुत जल्द हमलोग बेहतर कदम उठाएंगे।

### खेलो झारखण्ड प्रतियोगिता का आयोजन

**दारु :** दारू प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन हरली मैदान मे किया गया। इसका उद्घाटन दारू थाना प्रभारी अमित कुमार, हरली पंचायत मुखिया फरजाना खातून, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक रोहित केशरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलीत कर किया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बच्चों को कहा खेल बच्चों के जीवन का अहम हिस्सा है। यह उन्हें अपने आसपास की दुनिया का पता लगाने और नई चीजें सीखने की अनुमति देता है। खेल बच्चों को उनके शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक कौशल विकसित करने में मदद करता है। यह उन्हें दूसरों के साथ बातचीत करने का तरीका सीखने में भी मदद करता है। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रोहित केशरी ने कहा कि खेलना हमारे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। खेलना हमें तनाव से मुक्त करने में मदद करता है और हमारे शारीरिक एवं मानशिक रूप से स्वस्थ रहने में भी मदद करता है। और सभी छात्र छात्राओ से प्रखंड स्तर से ज़िला स्तर और फिर राज्य स्तर में भी अपना प्रतिभा को उजागर करने की बात कही। प्रखंड स्तरीय झारखंड खेलो में खिलाड़ियों ने 100 मी, 200 मी, 400 मी, 800 मी की दौड़ एवं जेबलीन, खो-खो, कबड्डी, इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसे सफल बनाने में महेशरा उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापक प्रेम प्रकाश, कन्या मध्य विद्यालय धीरज कुमार, महेशरा मध्य विद्यालय सैयद मंजर हसन, सी०आर०पी मीनाक्षी अम्बष्ठ, सहदेव प्रसाद, मुकुल प्रसाद, बीआरपी सुशांत अकेला, गौतम पांडे, डीईओ शिबु कुमार पासवान शारीरिक शिक्षक अमित कुमार, त्रिवेणी प्रसाद ,संजू कुमारी एवं अन्य सैकड़ो संख्या में लोग उपस्थित थे।

### नेत्र जांच शिविर आयोजित

**जमशेदपुर :** भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले नेत्र शिविर की कड़ी में 691वां नेत्र शिविर रोटेरियन एवं रेड क्रॉस के पेट्रन दिलीप गोयल के जन्म दिन के उपलक्ष्य में यहां बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में नेत्र रोगियों की जांच के साथ शुरू हुआ।

## प्रदेश >> अपडेट

### वाहनों से 45000 रुपए जुर्माना वसूला

**महेशपुर (पाकुड़):** जिला सड़क सुरक्षा पदाधिकारी रितेश कुमार सिंह ने कार्यालय कर्मी अंकित कुमार के साथ सोनारपाड़ा चेकपोस्ट के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दो पहिया वाहनों से बिना हेल्मेट, ट्रिपल लोड एवं कागजात के अभाव में तथा चार पहिया वाहनों के जांच के दौरान सीट बेल्ट नहीं लगाने पर समाचार भेजे जाने तक 32 वाहनों से लगभग 45 हजार रुपए का ऑनलाइन जुर्माना लगाया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### दिव्यांग बच्चों का शिविर लगाकर किया जांच

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड के गढ़बाड़ी स्थित बीआरसी भवन के सभागार में शनिवार को झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से आयोजित समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत तीन से 18 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों के लिए जांच एवं वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बीईईओ दो बाबूराम मुर्मू ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में भुवनेश्वर उड़ीसा के एलिमको के टीम के सदस्य द्वारा जिसमें डॉ. दीपक कुमार, डॉ. शशी, डॉ.जयचांद, टेक्नीशियन सुधीर, डांटामेन नीतीश शामिल थे। डॉक्टरों के द्वारा कुल 50 दिव्यांग बच्चे-बच्चियों की जांच की गई। वही शिविर में पूर्व में जांच किए गए 65 दिव्यांग बच्चे बच्चियों के बीच सात व्हीलचेयर, दो ट्राई साइकिल, नौ एल्बो स्पीच, 60 स्पेशल सु एवं कैलीपर, 16 एमएसआईईडी किट तथा तीन ब्लाइंड्स किट कुल 97 सामग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर बीपीओ श्याम ठाकुर, रिसोर्स टीचर रिंकु मंडल, दीपक कुमार मंडल, कंप्यूटर ऑपरेटर जोगेंद्र दरबे सहित बीआरसी के अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पौधारोपण कार्य का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**महेशपुर:** बीडीओ उमेश मंडल ने प्रखंड के शहरग्राम पंचायत अंतर्गत कालूपाड़ा गांव में पौधारोपण कार्य का निरीक्षण किया। बीडीओ ने कालूपाड़ा गांव में एक पैच में 22 एकड़ जमीन पर 22 लाभुकों द्वारा किए गए पौधारोपण कार्य का निरीक्षण किया। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पौधारोपण कार्य करते हुए पाया गया। लाभुकों को पौधों में एच टेका लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही ट्रेंच कटिंग करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही योजना से संबंधित सूचना पट्ट लगाने का निर्देश दिया गया है। मौके पर पंचायत की मुखिया सुजाता हेम्ब्रम, जीआईएस एक्सपर्ट संजय कुमार, कनीय अभियंता रंजीत मंडल सहित लाभुक उपस्थित थे।

### बीडीओ ने की मासिक बैठक

**महेशपुर :** सीओ के कार्यालय कक्ष में शनिवार को बीडीओ सह सीओ उमेश मंडल ने अंचल कर्मियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक किया। बैठक में मुख्य रूप से सभी प्रकार के नामांतरण वाद को ससमय निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। आम जनता से जो भी आवेदन प्राप्त होता है उसका ससमय जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। सभी हल्का कर्मचारी को अपने-अपने हल्का में रहने का निर्देश दिया गया। बैठक में सुखाड़ राहत से संबंधित आवेदनों का दो दिनों के अंदर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अंचल निरीक्षक राजेश कुमार साहा के अलावे राजस्व उप निरीक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर, कार्यालय सहायक सहित अन्य अंचल कर्मी उपस्थित थे।

**प्राथमिकता** ग्राम-प्रधान व जनप्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त ने किया सीधा संवाद

# जनता की समस्याओं का समाधान यथाशीघ्र हो : उपायुक्त

- जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने गांव की जन समस्या उपायुक्त के समक्ष रखा
- बालू घाट नहीं रहने के कारण कंस्ट्रक्शन कार्य बाधित हो रहा है



राष्ट्रीय खबर

**अमड़ापाड़ा:** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय में ग्राम-प्रधान व जनप्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने सीधा संवाद किया। इस संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल, डीडीसी मो० शाहिद अख्तर, प्रखंड प्रमुख जूहीप्रिया मरांडी, बीडीओ कुमार देवेश द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। इस जन संवाद कार्यक्रम में ग्राम प्रधान और मुखिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने गांव की जन समस्या उपायुक्त के समक्ष रखा। सिंगारसी पंचायत के ग्राम प्रधान सिकंदर किस्कु ने मोरियो गांव की पानी, बिजली, सड़क बुनियादी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया।

वहीं अमड़ापाड़ा संथाली पंचायत के मुखिया गयलाल देहरी ने बताया कि इस प्रखंड में कंस्ट्रक्शन का काम सहित मनरेगा, पीएम आवास कोई भी काम नहीं हो रहा है क्योंकि यहां पर बालू घाट नहीं है। बालू घाट नहीं रहने के कारण कंस्ट्रक्शन कार्य बाधित हो रहा है। वही इस समस्या को लेकर बीडीओ ने कहा कि आमदारी और बरमसिया गांव में बालू घाटों को लेकर चिन्हित किया गया है जल्द ही बालू घाट को चालू कर दिया जाएगा।

वहीं धमनीचुआ गांव के ग्राम प्रधान कार्तिक पहाड़िया ने बताया कि यह गांव उत्खनन प्रभावित गांव है जिसके चलते यहां कोई सुविधा नहीं मिल रही है। इस गांव में 50 परिवार है बच्चों को स्कूल जाने में कठिनाई होती है कंपनी के द्वारा पानी सप्लाई नहीं की जाती है। डूमरचीर गांव के ग्राम प्रधान कालू पहाड़िया ने बताया कि पहाड़िया टोला में 45 परिवार है इस टोला में पानी बिजली सड़क की सुविधा न रहने के कारण हम सभी पहाड़ियां संथाली गांव में आकर बसे हुए हैं। बोहड़ा पंचायत के मुखिया क्रांति पहाड़ी ने बताया कि चांदपुर पहाड़िया टोला में पानी की समस्या है और इस सड़क भी नहीं है बच्चों को आने-जाने में काफी समस्या होती है सड़क जर्जर हो चुका है। बरनडीहा, बड़ा बास्को, गौरपाड़ा सहित दर्जनों गांव के ग्राम ग्राम प्रधानों ने अपनी अपनी गांव की समस्या उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी को अस्वस्थ करते हुए कहां की जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## न्यूज फटाफट

### बंद एफसीआई गोदाम खुला, सत्यापन के बाद हुआ भंडारण



**हरिहरगंज :** वरीय अधिकारियों के निर्देश पर हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित राज्य खाद्य निगम के काफी दिनों से बंद गोदाम का बीते शुक्रवार को ताला खोला गया। इस दौरान बीडीओ जय प्रकाश नारायण , प्रभारी एमओ ब्रजेश कुमार के अलावा नए एजीएम , एएसआई जितेंद्र कुमार के साथ कई पुलिस बल के जवान सहित पीडीएस विक्रेताओं की मौजूदगी में बंद गोदाम का ताला खोलवाते हुए गोदाम का भौतिक सत्यापन के साथ ही गोदाम में पहले से रखे चावल ,गेहूं,नमक ,चीनी की मात्रा जांच की गई। बता दें कि आंगनबाड़ी केंद्रों में लाभुकों को खिचड़ी पोषाहार के लिए आवंटित 341 क्विंटल चावल गबन मामले में आपूर्ति विभाग के दो अफसरों प्रभारी एमओ निर्मल कुमार और एजीएम राजेंद्र सिंह पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। तब से गोदाम बंद रहने की वजह से खाद्यान्न का भंडारण और उठाव प्रभावित था।

### व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

**पाकुड़ :** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निदेर्शानुसार आज 9 सितंबर 2023 को व्यवहार व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में की गई उक्त कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय राधा कृष्ण, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय चौधरी एहसान मोईज ,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रफुल्ल कुमार कुमार ,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अजय कुमार गुड़िया, न्यायिक अनुमंडल दंडाधिकारी निर्मल भारत, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कमल प्रकाश, जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव शिल्पा मुर्मू ,एसोसिएशन बार का अध्यक्ष मोहम्मद मोइनुद्दीन, पीएलए अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला,ए सी मंजू स्वंशी, डीएसपी बैधनाथ प्रसाद मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के बाल कृष्ण तिवारी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय राधा कृष्ण, पीएलए के अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला , एसी मंजू रानी स्वांशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां किसी भी पक्षकार की हार नही होती दोनों पक्षों की जीत होती है लोक अदालत के माध्यम से आपसी सुलह समझौता से वाद को जड़ से समाप्त करना है। लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में वादों का निष्पादन होने से लोगों को वादों से मुक्त कर तनाव रहित जीवन प्रदान करता है। लोक अदालत के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी से उपस्थित लोगो को अवगत कराया। मंच का संचालन सचिव शिल्पा मुर्मू ने की। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल सात बेंचो का गठन किया गया जिसमे 5940 वादों का निष्पादन और 5,46,66,554 रुपए पांच करोड़ छियालीस लाख छियासठ हजार पांच सौ चोवन रुपए मात्र का समझौता किया गया। सरकारी योजनाओं के तहत प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना से दादपुर पंचायत के दो लाभुक, डॉ भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत झिकरहटी पूर्वी के दो लाभुकों को स्वीकृति पत्र दी गई।

# वोटर आईडी कार्ड बनवाने में करें सहयोग :बीपीएम

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन, सोसाइटी, पाकुड़ सदर के अंतर्गत चांचकी संकुल स्तरीय महिला प्राथमिक स्वावलंबी सहयोग समिति लिमिटेड के सखी मंडल की दीदियों के मासिक बैठक का आयोजन शनिवार को हिरानंदनपुर पंचायत भवन में किया गया। इस बैठक में चांचकी, जयकीस्टोपुर, पृथ्वीनगर, चांदपुर,हिरानंदनपुर, भवानीपुर तथा फरसा पंचायत के ग्राम संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित बीपीएम फैज आलम ने छुटे हुऐ सभी सदस्यो को लोकोस में जोड़ना,छुटे हुए सभी दीदियों का वोटर आईडी कार्ड बनवाने में सेविका एवं बीएलओ को सहयोग करने का निर्देश दिया एवं बैंक लिंकेज करवाना,दीन दयाल उपाध्याय - ग्रामीण कौशल योजना के तहत बेरोजगार युवक एवं युवतियों को प्रशिक्षण के लिए भेजना,पोषण माह अभियान की महत्वपूर्ण जानकारी,मुद्रा लोन, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान,चास हाट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के तहत नर्सरी करवाना एवं जूट उत्पादन से संबंधित जानकारी,हुनर योजना के अंतर्गत वेजकार्ट एवं सिलाई मशीन के द्वारा किये जा रहे दीदियों का मासिक आय का भी जानकारी ली साथ ही साथ दीदियों को सखी मंडल और ग्राम संगठन का नियमित बैठक करना तथा महिलाओ को रोजगार से जोड़कर स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने पर विस्तारपूर्वक अहम जानकारी दी गई। इस बैठक में बीएपी शबीना यास्मीन,सामुदायिक समन्यवयक सुमित बर्मन तथा यासीन आलम एवं पीआरपी बुलबुली माल सहित दर्जनों सखी मंडल की महिलाये उपस्थित थी।

# हिदायतुल्लाह खान को दी बधाई



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के नए अध्यक्ष के रूप में हिदायतुल्लाह खान की नियुक्ति पर हुसैनाबाद के झामुमो नेताओं ने खुशी का इजहार किया है। पार्टी के कई नेताओं ने आयोग के अध्यक्ष बनाये जाने पर खान साहब को मुबारकबाद देते हुए पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन एवं राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया है। बधाई व मुबारकबाद देने वालों में झामुमो के वरीय नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खां, नेहाल असगर,डॉ. एजाज आलम, राम प्रवेश सिंह,अशोक कुमार सिंह, रफी खान,विवेकानंद सिंह,विजय प्रसाद,डबली भाई एवं मुन्ना कुमार देव के नाम प्रमुख हैं।वरीय नेता एजाज हुसैन ने बधाई संदेश में इस नियुक्ति को अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों और प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण कदम माना है। उन्होंने कहा है कि इस नए अध्यक्ष के नेतृत्व में, आयोग की कार्यवाही में सुधार होने की आशा है, जिससे अल्पसंख्यक समुदायों के मुद्दों का समाधान हो सके। वहीं डॉ. एजाज आलम ने कहा कि इस नियुक्ति से सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से यह महत्वपूर्ण संकेत मिलता है कि सरकार अल्पसंख्यक समुदायों के मुद्दों पर गंभीरता से काम कर रही है।अल्पसंख्यक आयोग के नए अध्यक्ष के नाम में हिदायतुल्लाह खान की नियुक्ति होने पर समर्पित कार्यकताओं में नई ऊर्जा और नये उत्साह का संचार हुआ है। इस नियुक्ति का समाचार मिलते ही अल्पसंख्यक समुदाय व पार्टी के अन्य नेताओं और सदस्यों ने जनाब खान का एक बड़े उत्सव के साथ स्वागत किया है।झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राम प्रवेश सिंह ने अपने बधाई सन्देश में कहा कि हिदायतुल्लाह खान को अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के रूप में नामित किया जाना अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों और प्रतिनिधित्व को मजबूती प्रदान करेगा और उनकी समस्याओं का तवरित समाधान हो सकेगा।

# जरूरमंदों की सेवा करें : मिथलेश ठाकुर



राष्ट्रीय खबर

छत्तरपुर (पलामू) छत्तरपुर के उदयगढ़ में विजयतारा चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित स्व तारा देवी ( पत्नी स्व विजय बहादुर सिंह )की चौथी पुण्यतिथि पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में करीब दर्जन भर मशहूर डॉक्टरों की टीम ने करीब 700 लोगो का इलाज किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथलेश ठाकुर, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर ,छत्तरपुर एसडीपीओ अजय कुमार उपस्थित रहे कार्यक्रम के शुरूआत विजयतारा चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रविशंकर कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को मेमोंटो देकर सम्मानित किया तथा मंत्री मिथलेश ठाकुर व पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सयुंक्त रूप से सभी डॉक्टरों को उपहार देकर सम्मानित किया। मंत्री मिथलेश ठाकुर ने अपने सम्बोधन में कहा कि विजयतारा चेरिटेबल ट्रस्ट के पूर्वजो से लेकर अभी तक के पीढ़ी के लोगों में सेवा भावना भरी हुई है जो ऐसे कार्यक्रम करके पूण्य के भागी बन रहे है तथा लोगों का आशीर्वाद भी प्राप्त कर रहे हैं मंत्री ठाकुर ने मंच से आह्वान किया । कि ग्रामीणों क्षेत्र के अलावा छत्तरपुर ऐसे जगहों में भी ईश्वर ने जिन्हें क्षमता दिया है वो ऐसे आयोजन कर पूण्य के भागी बने पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि विजयतारा चेरिटेबल ट्रस्ट ने उदयगढ़ की पावन भूमि पर एक और दिन को ऐतिहासिक बना दिया पूर्व विधायक ने कहा सरकार छत्तरपुर नौडीहा के उन 512 सहायक अध्यापक के भविष्य का ध्यान रखते हुये सरकार से इन्हें स्थायी करने की मांग की लेकिन सूबे के मंत्री ने पारा शिक्षकों के मामले में कुछ न बोलकर मामले को ठंढ़े बस्ते में डाल दिया कार्यक्रम की अध्यक्षता तिलक सिंह ने किया । इस कार्यक्रम में विजयतारा चेरिटेबल ट्रस्ट के राजेंद्र कुमार सिंह (राजन बाबू) राजेश कुमार सिंह (चुन्नू बाबू) रविशंकर कुमार सिंह (बबुआ जी) बिनोद सिंह, गोपाल सिंह, अंजनी सिंह, पप्पू सिंह, लप्पू सिंह, गोलू सिंह, अंकित सिंह, सिंटू सिंह, सहित हजारों लोग उपस्थित थे कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन नीरज जी ने किया।

# सरकारी उपक्रमों की समिति ने की समीक्षा

राष्ट्रीय खबर



**मेदिनीनगर:** झारखण्ड विधानसभा के सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति सरयू राय व समिति के अन्य सदस्य शनिवार को मेदनीनगर पहुंचे।

यहां स्थानीय परिसदन भवन में समिति ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक की।बैठक की अध्यक्षता कर रहे समिति के सभापति सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग,वन विभाग, खनन विभाग,पर्यटन विभाग पुलिसिंग हाउसिंग,आपूर्ति विभाग,कल्याण विभाग,विद्युत विभाग,भवन निर्माण विभाग उत्पाद विभाग,शहरी एवं ग्रामीण विकास विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।स्वास्थ्य विभाग के तहत कॉरपोरेशन के माध्यम से प्राप्त दवाइयों की उपयोगिता के बारे में जानकारी ली गयी। राय ने कॉरपोरेशन द्वारा उपलब्ध करायी गयी दवाइयों की मैन्युफैक्चर डेट एवं एक्सपायरी डेट आदि के बारे में पूछा साथ ही मेडिकल इक्विपमेंट की आवश्यकता,सदर अस्पताल में उपलब्ध सुविधायें,एंबुलेंस की अद्यतन स्थिति तथा उनका परिचालन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी.श्री राय ने सिविल सर्जन को बाहर से क्रय किये जा रहे दवाइयों को बंद करते हुए अपने सरकारी सिस्टम के सप्लाई को सुदृढ़ करने पर बल दिया।

पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए जिले में जेटीडीसी भवनों की जानकारी ली।इसी तरह समिति द्वारा कई विभागों के कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुझाव दिये गये.बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे।

**अनाज व पानी घोटाला** लाखों रुपए पेयजल मद की राशि का बंदर बांट किया गया है

# गुमला में अनाज व पानी घोटाले की जांच के लिए मुख्य सचिव को जेएनडी ने ज्ञापन भेजा

राष्ट्रीय खबर

**गुमला:** झारखंड नवनिर्माण दल जिला समिति ने गुमला जिला में हुए अनाज व पानी घोटाले पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर ईमेल द्वारा झारखंड सरकार के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को ज्ञापन भेज कर उच्चस्तरीय जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में 2021 से लेकर जुलाई माह 2023 तक गुमला जिला में हुए जन वितरण प्रणाली द्वारा अनाज की आपूर्ति व वितरण की जांच की मांग की गई है।



दावा किया गया है कि गरीबों के हजारों क्विंटल अनाज व अन्य सामग्री का जिला आपूर्ति विभाग द्वारा गड़बड़ी कर घपला किया गया है। वहीं पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल- गुमला द्वारा शहरी क्षेत्र गुमला में एक करोड़ 20 लाख लीटर पानी आपूर्ति करना है, लेकिन मात्र 40 से 50 लाख लीटर पानी का आपूर्ति कर बाकी पानी का पैसा को पानी आपूर्तिकर्ता के द्वारा अधिकारियों के मिली भगत से इस तरह का धांधली व गबन किया जा रहा है। पानी आपूर्ति नहीं कर भी पैसे की निकासी पीएचडी विभाग के एक अधिकारी के पानी आपूर्तिकर्ता के रिश्तेदार होने की वजह से अवैध ढंग से पैसे निकासी आसानी से की जा रही है। पीएचडी के अधिकारी कार्यपालक अभियंता के चहेते हैं, जिस कारण पानी आपूर्तिकर्ता मनमानी करने में लगे हुए हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि 2020 से लेकर अब तक बने जिले में जलमीनार में भी भारी गड़बड़ी की गई है और लाखों रुपए पेयजल मद की राशि का बंदर बांट किया गया है।

इस बाबत मुख्य सचिव झारखंड सरकार के अलावे गुमला उपायुक्त को भी कार्रवाई के लिए प्रतिलिपि दी गई है। झारखंड नवनिर्माण दल जिला समिति द्वारा कहा गया है की जल्द कार्रवाई शुरू नहीं होने की स्थिति में अनाज व पानी घोटाले की उच्चस्तरीय जांचोपरांत कार्रवाई की मांग को लेकर 14 सितंबर 2023 को जिला मुख्यालय गुमला में विरोध प्रदर्शन कर आंदोलन शुरू करने की बात कही गई है।

# ब्लॉक डेवेलपमेंट स्ट्रेटेजी प्लान को लेकर बीडीओ ने की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**लिट्टीपाड़ा:** पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड अन्तर्गत प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी लिट्टीपाड़ा संजय कुमार की अध्यक्षता में 'ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटेजी प्लान' बनाने पर चर्चा की गई। उन्होंने सभी विभागों के प्रखंड स्तरीय लीडर को साथ मिलकर नीति आयोग के 39 विभिन्न इंडिकेटर के आधार पर ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी प्लान तैयार कर 13 सितंबर 2023 तक ब्लॉक प्रोफाइल तैयार करने को कहा जिसके आधार पर लिट्टीपाड़ा प्रखंड का सवार्गीण विकास सुनिश्चित कराई जा सके। इस निमित्त विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत आंकड़े पर उन्होंने लिट्टीपाड़ा प्रखंड के भौगोलिक क्षेत्रफल एवं प्रखंड में मौजूद चिकित्सा सुविधा, शिक्षा व्यवस्था, समेत अन्य विभागों में कार्यरत कर्मियों की संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटेजी प्लान बनाने को लेकर विभिन्न विभागों की भूमिका एवं उनके दायित्व पर विचार-विमर्श किया गया।स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास एवं बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर समेत अन्य प्रमुख बिंदुओं पर जोर देकर उनमें बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित कर लिट्टीपाड़ा प्रखंड को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए को नीति आयोग के द्वारा 39 इंडिकेटर पर बेहतर कार्य करने को लेकर ब्लॉक डेवेलपमेंट स्ट्रेटेजी प्लान 13 सितंबर 2023 तक प्रखंड कार्यालय में समर्पित करने का निर्देश दिया।इस बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिट्टीपाड़ा के डा मुकेश बेसरा, आकांक्षी जिला समन्वयक सुदीप्तो हाजरा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रकाश मंडल, विद्यानंद मुर्मू, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका चन्दना सिंह, प्रमिला हेम्ब्रम, बीपीएम जेएसएलपीएस के हितेंद्र चौबे बीपीएम (स्वास्थ्य) के ओम प्रकाश पांडे, एवं स्वच्छता विभाग के जेम्स मुर्मू, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# शहर >> अपडेट

## पति से विवाद के बाद पत्नी ने खाया जहर

कोडरमा: जिले के डोमचांच के दूरोडीह में एक 23 वर्षीया महिला ने पति से विवाद के बाद जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जहर खाने वाली महिला की पहचान ललिता देवी (उम्र 23 वर्ष, पति सतीश साव) के रूप में हुई है। महिला के परिजनों को जब महिला के द्वारा जहर खाने की जानकारी मिली तो परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। प्राथमिक इलाज कर-के बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

# सिटी अपडेट्स >>

## कुत्तों का आतंक, लोगों में दहशत

कोडरमा: जिले में प्रतिदिन कुत्ते कहीं ना कहीं लोगों का काट कर घायल कर रहे हैं। शनिवार को जिले के अलग-अलग इलाकों में कुत्ते के हमले से कई लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा में भर्ती कराया गया है। घायलों में तेलोडीह निवासी मनीषा कुमारी उम्र 19 वर्ष पति उमेश साव, अमजो निवासी बबीता देवी उम्र 23 वर्ष पति अनिल शर्मा, मरकच्चो निवासी पार्वती देवी उम्र 59 वर्ष पति मुंशी साव, बरकट्ठा निवासी अंशु कुमारी उम्र 10 वर्ष माता अनु देवी शामिल है। जानकारी के अनुसार कई लोगों को घर के बाहर अवारे कुत्ते ने काट कर घायल किया है। सभी लोगो को सदर अस्पताल लाया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है।

# संक्षिप्त >> अपडेट्स

## बाइक से गिरकर तीन युवक घायल

**कोडरमा**:शनिवार को जिले के जयनगर थाना अंतर्गत टिटाया पुल के समीप बाइक से गिरकर तीन युवा घायल हो गए। घायलों की पहचान समीर खान (उम्र 15, पिता अकरम खान), समीर खान (उम्र 17 वर्ष, पिता महफुज खान), रिजवान खान (उम्र 16, पिता अहमद हुसैन) सभी जयनगर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से तीन लोग सवार होकर गरचाच से जयनगर आ रहे थे जो टिटाया पुल के समीप बाइक अनियंत्रित होकर पलटने से तीनों गिर कर घायल हो गए। इसके बाद इन्हें कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## नाबालिग युवती का अपहरण, मामला दर्ज

**चतरा**: पिपरवार थाना क्षेत्र के बिशुझापा आवासीय कॉलोनी से एक 17 वर्षीय नाबालिग युवती का अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर युवती के चाचा के बयान पर पिपरवार थाना में कांड संख्या 41/2023 धारा 363, 366 (ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में पुछे जाने पर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग का मामला लग रहा है। पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही इस मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

## बिजली कनेक्शन काटा

चतरा: बिजली विभाग के एसडीओ हरिमोहन चौधरी हंटरगंज प्रखंड पहुंचे। इस दौरान भोंदल, गोदवार, मुख्य बाजार, नावाडीह, केदली बाजार आदि गांवो में आभियान चलाया। बिना कनेक्शन के बिजली जलाने वाले आधा दर्जन लोगो का कनेक्शन काटा गया। एसडीओ ने बिजली कनेक्शन लेने के बाद ही बिजली जलाने का निर्देश दिया। बिना कनेक्शन के बिजली जलाने वालो को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। अविलंब बिना कनेक्शन वाले बिजली उपयोग करना बंद करने को कहा। दोबारा पकड़े जाने पर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर सुपरवाइजर पप्पू मिश्रा, मिस्त्री अशीश कुमार, आशीष कुमार, पवन कुमार, सरदार सतपाल सिंह, तनु नाज, पिंटू सिंह, बलवीर कुमार के अलावा कई कर्मी उपस्थित थे।

**आयोजन** > जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने व्यवहार न्यायालय में किया लोक अदालत का आयोजन

# 10517 वादों का हुआ निष्पादन, 13 करोड़ से अधिक की वसूली

राष्ट्रीय कबर




**कोडरमाः** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में 10517 वादों का निष्पादन किया गया। इसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रधान जिला जज विरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता, एवं सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से जहाँ एक ओर लोगों के समय एवं पैंसो की बचत होती है, वहीं लोगों को त्वरित न्याय भी मिल पाता है। जिला जज प्रथम गुलाम हैदर ने कहा कि लोक अदालत की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा ने कहा कि लोक अदालत आज के समय में किसी परिचय का मोहताज नहीं है। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष डा. आरके तिवारी ने कहा कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है इसमें कोई पक्ष हारता नहीं है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा एवं सचिव मनीष कुमार सिंह ने प्राधिकार के सभी कार्यकर्मो में अपना भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया। अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया। लोक अदालत में कुल नौ बेंचो के माध्यम से कुल 10517 वादो का निष्पादन किया गया जिसमे लंबित वादों की संख्या 682 तथा प्री-लिटिगेशन के 9835 मामले शामिल है। जबकि विभिन्न विभागों से कुल 13 करोड़ 88 लाख 84 हजार 882 रुपये राजस्व की वसूली की गई। मौके पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी जूही कुमारी, प्रशांत कुमार वर्मा, एलडीएम निवास कुमार, स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक वन विभाग, उत्पाद विभाग, विद्युत विभाग एवं विभिन्न बैंकों के अधिकारी-कर्मचारी, न्यायालयकर्मी रंजीत कुमार, रविन्द्र कुमार, अनील कुमार सिंह, संजय कुमार, प्रमोद कुमार चौधरी, अनिल गुप्ता, दीपक कुमार, राजीव रंजन, अजीत कुमार, मनोज कुमार, विकास कुमार, कुमार संजय, रवि कुमार, प्रियंका कुमारी, राजीव कुमार, महेंद्र नारायण, अभिमन्यु कुमार, संतोष कुमार सहित अधिवक्ता न्यायालयकर्मी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि व पक्षकार उपस्थित थे।

# मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगाः** सदर प्रखण्ड के ग्राम हरमु में आज भाजपा के द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में हरमु गांव के घरों से एक कलश में मिट्टी संग्रहित किया गया। हरमू गांव के प्रबुद्धजनों,महिलाओं ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ का भाग लिया,ग्रामिणों में भाजपा तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अप्रतिम उत्साह दिखलाई पड़ा,कार्यक्रम में ग्रामिणों के बीच भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने संबोधित करते हुवे कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तिवारी के आव्हान पर मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत देश की संस्कृति,सभ्यता तथा समाज के लिये कार्य करने वाले,वीर सैनिकों के परिवार देश के लिये सर्वस्व निछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानी,किसान, मजदूर सामन्य वर्ग में आने वाले घरों से मिट्टी संग्रहित कर दिल्ली ले जाना है।जहां इस मिट्टी से अमृत वाटिका का निर्माण कर संरक्षित करना है,उन्होंने कहा कि जल्द ही देश श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्रीतत्व में आज जी20 देशों का नेतृत्व कर विश्व पटल में एक नई लकीर खिंच दी है,देश को विश्वगुरु बनाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। कार्यक्रम में भाजपा जिलामंत्रीजगनंदन पौराणिक,दीपक सर्राफ, शशि भूषण सिंह,संजय ,आशीष मारसानिया उरांव,शंभू प्रसाद साहू,ज्योति देवी,बसंत साहू,भिखू पहान,तेजू ,विश्वनाथसिंह,निर्मला साहू,शीला उरांव,प्रेमचंद उरांव आदि थे।

# किसानों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण




राष्ट्रीय खबर

**कुडू:**आज चंदलासो पंचायत सचिवालय के सभागार में राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के तहत ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी औफ झारखंड के बैनर तले के एन बायो साइंस रिसर्च फाऊंडेशन रांची के द्वारा किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत के उप मुखिया अखिलेश सिंह एवं रिसर्च फाउंडेशन के मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया इस कार्यक्रम में उप मुखिया द्वारा बताया गया कि किसान भाई जैविक खेती करके अपनी भूमि को लंबे समय तक उपजाऊ बनाकर टिकाऊ खेती कर सकते हैं साथ ही साथ कम लागत में उत्पादन कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं जैविक उत्पाद का प्रयोग अपने भोजन के रूप में करके हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं इस अवसर पर किसानों को प्रशिक्षण देते हुए मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार ने कहां की जैविक खेती एक शून्य बजट का खेती है इससे हम अपने गांव में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से कई प्रकार के खाद कीटनाशक टॉनिक का निर्माण कर अपने खेतों में प्रयोग कर सकते हैं उन्होंने इस कार्यक्रम में किसानों को नीम अर्क जीवामृत बिजामृत दसपॉर्न केंचुआ खाद सहित कई प्राकृतिक कीटनाशक एवं अन्य दवा बनाने की विधि को विस्तार पूर्वक बताया एवं इनसे होने वाले फायदे को बताया इस कार्यक्रम में वार्ड सदस्य राम उरांव शिवनाथ यादव कोशिला देवी देवंती देवी अनिल सिंह अभय सिंह सोमे उरांव बिंदेश्वर भगत रामबल यादव प्रकाश कुमार कलिंदर महतो प्रमोद कुमार प्रजापति लक्ष्मण मुंडा रूदना उरांव बुद्धे मचश्वर उरांव गोवर्धन उरांव दशरथ उरांव जगजीवन महली श्याम कुमार शिवनंदन साहू महावीर राम सहित कई किसान एवं के एन बायो साइंस रिसर्च फाऊंडेशन रांची के कर्मी उपस्थित हुए भाजयुमो अध्यक्ष सरजू कुमार साहू ने सेवानिवृत्त शिक्षिका अनीता केरकेटा एवं निर्मला मिंज को बुके एवं सोल ओढाकर विदाई किया ।

# प्रशासक नगर पंचायत ने किया योजनाओं का निरीक्षण

राष्ट्रीय कबर



**कोडरमाः** नगर पंचायत प्रशासक शशि शेखर सुमन ने शनिवार को नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न कार्य एवं योजनाओं का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए ' उन्होंने बरसोतियाबार वार्ड नंबर 15 में स्थिति आश्रयगृह का निरिक्षण किया, उसके बाद अरधोती नदी का निरीक्षण कर सफाई तथा सुंदरीकरण के लिये योजना तैयार करने का निर्देश कनीय अभियंता हरी सोरेन को दिया। प्रेम सागर तालाब के सुंदरीकरण के कार्य का निरीक्षण किया एवं संवेदक को गुणवत्ता युक्त कार्य करने का निर्देश दिया। सुधा स्वीट्स के पास मार्केट काम्प्लेक्स और वेंडिंग मार्किट का निरीक्षण एवं सभी को वेंडिंग जोन में दुकान लगाने का निर्देश दिया एवं नाली के ऊपर स्लैप में दुकान नहीं लगाने का निर्देश दिया। सभी दुकानदारों को अपना एक डस्टबिन रखने के लिए कहा गया, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी योजना के अंतर्गत वर्टीकल 3 किफायती आवास योजना बोनकाली का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर नगर मिशन प्रबंधक संजीत कुमार साहू, कनीय अभियंता हरि सोरेन उपस्थित थे ।

# हिदायतुल्ला खान को दी गई बधाई



राष्ट्रीय कबर

**मरकच्चोः** झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष हिदायतुल्ल्हा खान को झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष बनने पर मरकच्चो प्रखंड झामुमो कार्यकर्ताओ ने बधाई दी है। साथ ही साथ दिशोम गुरु शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केबिनेट मंत्री हफिजुल हसन के प्रति आभार प्रकट किया है। बधाई देने वालो मे प्रखंड अध्यक्ष दीवाकर तिवारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नौसाद आलम, नौसाद अंसारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के मो खलील, बीस सूत्री सदस्य मो जावेद, सुरेश साव, गोपी यादव, अफजल मियाँ, सोहराब आलम, मो युसूफ, रियासात अली, दिलीप साव, रामचंद्र सिंह, रामेश्वर मुर्मू आदि के नाम शामिल हैं।

**मुकाबला** > कुडू के जिमा में शांतिपूर्ण चेहल्लुम मुकाबला प्रतियोगिता संपन्न

# पुलिस अधीक्षक ने भांजी लाठी, दिया सदभावना का संदेश

राष्ट्रीय खबर



**कुडू :** कुडू प्रखंड के जिमा चौक स्थित ईदगाह मैदान में शनिवार को चंडू - जिमा चेहल्लुम कमिटी के तत्वाधान में चेहल्लुम मेला सह नुमाइश खेल मुकाबला प्रतियोगिता शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, विशिष्ट अतिथि पुलिस कप्तान आर रामकुमार उपस्थित हुए। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर एवं पगड़ी पोशी कर स्वागत किया गया। नुमाइश खेल का शुभारंभ उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने लाठी खेल कर किया। और शानदार और विधिवत तरीके से मेले के सफल आयोजन को लेकर चेहल्लुम कमिटी को बधाई दी। और आपसी सद्भावना के साथ इसी प्रकार जिले के सभी त्योहारों को मनाने की अपील की। ततपश्चात अस्त्र शस्त्र का इनामी मुकाबला प्रतियोगिता शुरू हुई जिसमें कुडू प्रखंड के अलावा आसपास के कई प्रखंडो से दर्जनों अखाडों ने हिस्सा लिया और लाठी व तलवारबाजी कर अपनी - अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन किया।

जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ों का अतिथियों द्वारा पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन कर रहे आजाद फैजी ने अपने शेर शायरी से खूब वाहवाही बटोरी। मौके पर सीओ प्रवीण कुमार सिंह, बीडीओ मनोरंजन कुमार, थाना प्रभारी विश्वजित कुमार कुमार सिंह, कमेटी के अध्यक्ष एनुल अंसारी, कमिटी के सिकरेटरी परवेज आलम, गुड्डू खान, हलीम अंसारी, तल्हा अंसारी, वारिश अंसारी, नूरानी खान, खुर्शीद आलम, हजरत अंसारी, अबू जफर, कमरुद्दीन खान, मुताज खान, मोतालिब अंसारी, तबरेज आलम, खालिद अंसारी सहित कमिटी के अन्य सदस्य और भारी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे।

# न्यूज फटाफट

## शिक्षिका को दी गई विदाई



कुडू :राजकीय बुनियादी विद्यालय जिलिंग के शिक्षिका अनीता केर-केट्टा का विदाई समारोह विद्यालय प्रांगण में रखा गया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सरजू कुमार साहू भी विदाई समारोह में पहुंचे हुए थे ।श्री साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि अनीता मैडम का पहली पोस्टिंग राजकीय बुनियादी विद्यालय जिलिंग मे 2001 मे हुआ था। तब से लेकर आज तक लगातार 23 वर्षो से अनीता मैडम ने विद्यालय में बच्चों का भविष्य संवारने मे लगा दिया। आज उनके द्वारा पढ़ाई हुए सैकड़ो छात्र एवं छात्राएं अलग-अलग विभागो में पदस्थापित है। श्री साहू ने कहां की मैंने खुद भी अनीता मैडम से प्राथमिक शिक्षा ग्रहण किया है उनका पढ़ने का शैली सबसे अलग एवं सरल था जिसके कारण बच्चे आसानी से उनका बताए हुए बातो को समझ पाते थे। इस दौरान सरजू कुमार साहू ने अनीता मैंम के सेवानिवृत्ति पर लंबी आयु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना किया। इस दौरान प्रबंधन समिति के सदस्य पंडरा पंचायत के मुखिया अमर महली ज्ञानी भारती संजय कुमार साहू मुकेश कुमार साहू प्रकाश भारती सुदामा चौधरी पंकज साहू चरकू महतो आकाश भारती कृष्ण प्रजापति आदिलो को उपस्थित थे।

## शारदा विद्या मंदिर का प्रथम सर्वाधिक परीक्षा परिणाम घोषित



**जयनगर :** प्रखंड के शारदा विद्या मंदिर योगियाटिल्हा में प्रथम सर्वाधिक परीक्षा का परिणाम विद्यालय के निदेशक वासुदेव गोप, प्राचार्य विजय कुमार यादव ने घोषित किया। एलकेजी आरोही कुमारी, यूकेजी दीपा भारती, वर्ग प्रथम कोमल कुमारी, वर्ग द्वितीय सुप्रभा भारती, वर्ग तृतीय युवराज पंडित, वर्ग चतुर्थ आदित्य कुमार, वर्ग पंचम प्रियंका कुमारी, सृष्टि कुमारी, वर्ग षष्ट सूरज यादव, वर्ग सप्तम अनिशा कुमारी, वर्ग अष्टम पल्लवी कुमारी, वर्ग नवम ऋषि देव यादव, वर्ग दशम जमील अंसारी सभी ने अपने वर्ग में 87 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किया। विद्यालय के शिक्षक सुजीत कुमार रजक, सिकंदर सिंह, सचिन कुमार यादव, रंजीत रजक, सुखदेव यादव, वीरेंद्र पंडित, आजाद अंसारी, सूरज कुमार सिंह, विनय तिवारी, गायत्री देवी, शिल्पी देवी, दीपिका यादव, किरण देवी, रिंकी देवी, सुनील कुमार रंजन, श्याम सुंदर यादव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## परीक्षा परिणाम घोषित




**जयनगर :** प्रखंड के मां गंगा पब्लिक स्कूल मधवाटांड़ (पंडियाडीह रोड) में विद्यालय के प्राचार्य मुन्ना प्रसाद यादव ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच प्रथम सावधिक परीक्षा का परीक्षाफल घोषित किया। वहीं निदेशक गंगाधर यादव शिक्षक शिवशंकर कुमार यादव, घनश्याम राणा, ओमकेश यादव, सुमन कुमारी, श्वेता कुमारी, रामेश्वर राणा, आफताब आलम सहित कई लोगों ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## क्रिकेट मैच का किया आयोजन



**कुडू :** विनोबा भावे स्टेडियम कुडू मे युवा सद्भावना मंच कुडू प्रखंड के द्वारा सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जिसमें स्टार इलेवन कुंदो एवं सिक्सर इलेवन कुडू के बीच मैच खेला गया जिसमें दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर मे सिक्सर इलेवन ने तीन रन से जीत हासिल की। इस मौके पर मुख्य रूप से युवा सद्भावनामंच सदस्य सलीम अमीर, सबरेज आलम,बी.पी.ओ अरबिन्द कुमार, राजेश कुमार, समाजसेवी मो इकबाल, जुनेद समसाद अंसारी, इम्तेयाज अंसारी समसाद, मो अफरीदी, मोहम्मद जैद, आदि मौजूद रहे।

## पार्क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**चतरा :** वन विभाग के द्वारा कौलेश्वरी के तलहटी स्थित हटवरिया में आरोग्य वन पार्क का निर्माण कराया जा रहा हैं। जिसका फ.उ.उ.ऋसतीश चंद्र राय व ऊ.ऋ.ड राहुल मीणा निरीक्षण किया. पार्क के सुंदरीकरण को लेकर कई दिशा निर्देश दिया. पार्क का निर्माण 55 एकड़ वन विभाग की जमीन पर लगभग छह करोड़ की लागत से निर्माण किया जा रहा है। पार्क में बना रहे वॉच टावर, तालाब, चेक डैम, भवय गेट, पार्क के सुंदरीकरण व पर्यटक के सुविधा के लिए जगह-जगह पर शौचालय, स्वच्छ पानी, उनके बैठने का इंतजाम आदि का जायजा लिया।

## फुटबॉल मैच का उद्घाटन

**चतरा :** जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में चल रहे सरदार वल्लभभाई पटेल फुटबॉल टूनार्मेंट में सिमरीया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने किक मारकर शुभारम्भ किया।जिसमे जापुट बनाम जांगी की टीम के बीच खेला जा रहा था।इस दौरान एसडीपीओ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल को खेल की भावना से खेलने की अपील की।मौके पर यूनाइटेड क्लब के अध्यक्ष सहित समिति सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे

## पति ने की पत्नी हत्या

**चतरा :** एक शराबी पति ने पैसा नहीं देने पर पत्नी को गला घोट कर मार दिया है। यह घटना पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के जेहरा गांव का है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। और महिला के शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है।

## न्यूज फटाफट

### एएफसी अंडर23 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम कर रही है कड़ी मेहनत



**डालियान (चीन):** एएफसी अंडर23 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए चार दिन पहले डालियान स्पोर्ट्स सेंटर पहुंचने के बाद से भारतीय टीम कड़ी मेहनत कर रही है। भारतीय टीम का आखिरी क्षण में मालदीव के खिलाफ उनका निर्धारित शुरुआती मैच रद्द कर दिया गया था। डालियान शहर के बाहरी इलाके में स्थित स्पोर्ट्स सेंटर में जबरदस्त सुविधा का इंतजाम किया गया है। इनडोर और आउटडोर दोनों लगभग 20 फुटबॉल पिचें तैयार की गयी हैं। स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम की क्षमता 61,000 दर्शकों के बैठने की है। स्टेडियम प्रमुख शहर की हलचल से दूर और सुंदर पहाड़ियों से घिरा हुआ है। भारत अंडर23 टीम ने शुक्रवार को मुख्य कोच मिरांडा के नेतृत्व में चीन में अपना चौथा प्रशिक्षण सत्र पूरा किया और भारतीय टीम मेजबान चीन पीआर के खिलाफ मैच में अपना प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के सूत्रों ने बताया कि यह मैच शनिवार को भारतीय समयानुसार शाम 5:05 बजे डालियान सुओयुवान स्टेडियम में शुरू होगा। मिरांडा से जब पिछले कुछ दिनों के प्रशिक्षण सत्रों के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा, '' शुक्र है कि मालदीव के साथ मैच रद्द होने के कारण हमें दो अतिरिक्त दिनों का प्रशिक्षण का समय मिला, जो हमारे लिए वरदान साबित हुआ। हमें अतिरिक्त समय मिलने से हमारे खिलाड़ियों को जो अनुभव हुआ, वह उनके लिए बहुत उपयोगी रहा। '' मिरांडा ने कहा कि वह इस बात से प्रभावित हैं कि कैसे उनके खिलाड़ी नयी टीम के गठन के बाद कम समय में एकजुट हुए।

एशियाई क्रिकेट

### बांग्लादेश बोर्ड ने किया कोच के बयान का खंडन, कहा-

# भारत -पाकिस्तान मैच के लिए 'रिजर्व' दिन के फैसले को बताया सर्वसम्मत

▶▶ मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघा ने शुक्रवार को इस फैसले पर नाराजगी व्यक्त की थी




एजेंसियां

**कोलंबो:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भारत और पाकिस्तान के बीच 'सुपर फोर' मैच के लिए एक 'रिजर्व' दिन रखने के एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीबी) के फैसले को सर्वसम्मति से लिया निर्णय बताया जो सभी चार क्रिकेट बोर्ड की सहमति के बाद ही लिया गया। बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघा ने शुक्रवार को इस फैसले पर नाराजगी व्यक्त की थी और श्रीलंकाई कोच क्रिस सिल्वरवुड ने भी 'सुपर फोर' मुकाबले की पूर्व संध्या पर हैरानी व्यक्त की थी। लेकिन अपने कोच की टिप्पणी के कुछ घंटों बाद बीसीबी ने हैरानी भरी घोषणा करते हुए कहा कि एहतियाती कदम के लिये 'सुपर फोर' चरण में भाग लेने वाली सभी चारों टीमों से इसके लिए सर्वसम्मत मंजूरी मिल गयी थी।

बीसीबी ने 'एक्स' पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया, ''सुपर 11 एशिया कप के 'सुपर चार' चरण में भारत-पाकिस्तान मैच के लिए खेलने की परिस्थितियों को देखते हुए एक 'रिजर्व' दिन रखा गया है। '' उन्होंने कहा, ''स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह फैसला भाग लेने वाली सभी चारों टीम और एसीसी की सर्वसम्मति से लिया गया। '' एसीबी ने शुक्रवार को घोषणा की कि अगर रविवार को बारिश ने खलल डाला तो भारत-पाक मुकाबला सोमवार को फिर से शुरू होगा। हालांकि 'सुपर फोर' के अन्य मैचों में कोई 'रिजर्व' दिन नहीं होगा जबकि सभी मुकाबलों के लिए श्रीलंकाई राजधानी में बारिश की भविष्यवाणी की गई है।

## खेल जगत अपडेट्स »

### एस श्रीराम एलएसजी के सहायक कोच नियुक्त



**लखनऊ :** ऑस्ट्रेलियाट के दिग्गज क्रिकेटर जस्टिन लैंगर के लखनऊ सुपर जायंट्स में मुख्य कोच के तौर पर शामिल होने के बाद श्रीधरन श्रीराम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीज़न के लिए सहायक कोच नियुक्त किया गया है। श्रीराम की नियुक्ति से मुख्य कोच जस्टिन लैंगर और ग्लोबल मेंटर गौतम गंभीर के नेतृत्व वाले सुपर जायंट्स के शानदार बैकरूम स्टाफ के साथ-साथ विजय दहिया, प्रवीण तांबे और मोर्ने मोर्कल और जोंटी रोड्स की दक्षिण अफ्रीकी जोड़ी टीम के सहायक कोच के रूप में पूरी हो गई है। श्रीधरन श्रीराम बांग्लादेश की टी-20 टीम के तकनीकी सलाहकार रह चुके हैं। उनके नेतृत्व में टीम ने पिछले साल आस्ट्रेलिया में आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में दो जीत हासिल की थी। वह 2016 तक छह साल के लिए आस्ट्रेलियाई टीम से भी जुड़े थे और टीम को टी20 विश्व कप और 2021-22 में एशेज जीत दर्ज करने में मदद की थी। वह आईपीएल से भी जुड़े रहे हैं और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी में विशेषज्ञता वाले सहायक कोच के रूप में काम कर चुके हैं। श्रीराम ने 2008 में ईसीबी लेवल-3 'हेड कोच' का प्रतिष्ठित सम्मान भी अर्जित किया है।

### दिवंगत फुटबॉलर पेलेसे आगे निकले नेमार, ब्राजील के लिए हासिल की खास उपलब्धि

**साओ पाउलो:** नेमार शुक्रवार को तीन बार के विश्व कप विजेता और महान फुटबॉलर पेले को पछाड़कर ब्राजील के लिए सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गये। नेमार ने यह उपलब्धित बोलिविया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में 61वें मिनट में गोल करके हासिल की। अमेजन शहर के बेलेम में इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने 78वां गोल दागा जिससे वह पेले के 77 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने में सफल रहे।ब्राजील ने इस विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में 5-1 से जीत दर्ज की।

## अमेरिकी ओपन के खिताब के लिये भिड़ेंगे मेदवेदेव और जोकोविच



एजेंसियां

**न्यूयार्क :** अमेरिकी ओपन के खिताब के लिये विश्व के नंबर तीन खिलाड़ी रूस के दानिल मेदवेदेव की भिड़ंत 23 ग्रैंडस्लैम जीत चुके सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच से होगी। जोकोविच ने शुक्रवार को अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में गैर वरीयता प्राप्त अमेरिका के बेन शेल्टन को 6-3, 6-2, 7-6 (4) से हरा दिया। इससे पहले दानिल मेदवेदेव ने गत चैंपियन स्पेनिश खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज को 7-6(3), 6-1, 3-6, 6-3 से हराया। 36 वर्षीय जोकोविच 36वीं बार ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंचे है और अगर वह अमेरिकी ओपन का खिताब अपने नाम करते हैं तो यह पेशेवर युग में अमेरिकी ओपन जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जायेंगे। जोकोविच इसी साल जनवरी में आस्ट्रेलियन ओपन और जून में फ्रेंच ओपन में ट्राफी जीतने में सफल रहे थे। रविवार को जोकोविच का सामना 2021 अमेरिकी ओपन चैम्पियन दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने 2021 में फ्लशिंग मिडोज के फाइनल में जोकोविच को हराकर उनकी कैलेंडर वर्ष ग्रैंडस्लैम पूरा करने की उम्मीद पर पानी फेर दिया था। मेदवेदेव ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, '' अलकराज को हराना सुखद अनुभव रहा।

# सीएबी विश्व कप की भव्य मेजबानी के लिए तैयार



एजेंसियां

**कोलकाता:** बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली कहा है कि ईडन गार्डन्स आगामी आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 की भव्य मेजबानी के लिए तैयार है । ईडन गार्डन्स में आईसीसी विश्व कप ट्रॉफी टूर कार्यक्रम में गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि प्रतिष्ठित स्टेडियम में मैच देखने लायक होंगे। गांगुली ने कहा, '' यह वास्तव में हमारे लिए एक विशेष अवसर है कि हम प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में पांच विश्व कप मैचों का आयोजन कर पाएंगे। मुझे उम्मीद है कि यह एक रोमांचक अवसर होगा और हर कोई मैचों का आनंद उठाएगा। मैं यह अवसर देने के लिए आईसीसी, बीसीसीआई को धन्यवाद देता हूं और उन्हें हमारी काबलियत पर विश्वास है। '' सीएबी अध्यक्ष ने कहा, '' मैं विश्व कप के लिए भारतीय टीम को शुभकामनाएं देता हूं। मैं आज के आयोजन को सफल बनाने की खातिर कड़ी मेहनत करने के लिए सीएबी के पदाधिकारियों और इसमें शामिल अन्य लोगों को भी धन्यवाद देता हूं। मैं निश्चित रूप से उत्सुक हूं और उम्मीद करता हूं कि प्रशंसक भी ऐसा करेंगे। क्रिकेट प्रेमी ईडन गार्डन्स में किए जा रहे इंतजामों से खुश हैं। '' सीएबी अध्यक्ष गांगुली के साथ उपाध्यक्ष अमलेंदु विश्वास, सचिव नरेश ओझा, संयुक्त सचिव देवब्रत दास और कोषाध्यक्ष प्रबीर चक्रवर्ती भी मौजूद थे। इस अवसर पर मौजूद भारतीय टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने कहा, '' मैं आज इतने शानदार कार्यक्रम की व्यवस्था करने के लिए सीएबी अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली को धन्यवाद देता हूं। वास्तव में, विश्व कप देखना एक बहुत ही खास एहसास होगा। '' पेस ने कहा, '' मैं विश्व कप के लिए भारतीय टीम को शुभकामनाएं देता हूं। मैं मैचों पर नजर रखूंगा और मुझे यकीन है कि ईडन गार्डन्स में मैच के दौरान स्टेडियम खचाखच भरे होंगे। मुझे लगता है कि सबसे अच्छा मैच अहमदाबाद में भारत-पाकिस्तान के बीच होगा। '' भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी भी मौजूद थीं।

## नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड विश्वकप शिविर के लिए भारतीय नेट गेंदबाजों की तलाश में



एजेंसियां

**नई दिल्ली:** नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर भारतीय क्रिकेटरों को विश्व कप के लिए अभ्यास शिविर में नेट गेंदबाज के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। स्थानीय राज्य संघ मेहमान टीमों को नेट गेंदबाज उपलब्ध कराते रहे हैं। भले ही इसके लिए कोई नियम नहीं है लेकिन यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड हालांकि अलूर में 20 से 24 सितंबर तक लगने वाले पांच दिवसीय अभ्यास शिविर के लिए एक बाएं हाथ का तेज गेंदबाज, एक दाएं हाथ का तेज गेंदबाज, एक रहस्यमयी स्पिनर और एक बाएं हाथ का स्पिनर चाहता है।ऑस्ट्रेलिया में जन्मे स्कॉट एडवर्ड्स के नेतृत्व में नीदरलैंड की टीम अगस्त में तीन दिवसीय अनुकूलन शिविर के लिए बेंगलुरु आई थी लेकिन समझा जाता है कि नीदरलैंड के पास या तो अच्छे नेट गेंदबाज नहीं है या फिर वह उनका खर्चा उठाने में सक्षम नहीं है। नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपनी विश्वकप टीम का नेट गेंदबाज बनने के लिए कुछ शर्तें भी रखी है। उसने कहा है, टीम को ऐसा तेज गेंदबाज चाहिए जो 120 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करता हो जबकि स्पिनर की गति कम से कम 80 किमी प्रति घंटे की होनी चाहिए और वह गेंद को टर्न कराने में सक्षम हो। नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड में गेंदबाजों से ऐसे वीडियो भेजने के लिए कहा है जिसमें उन्होंने कम से कम एक ओवर किया हो।

# फिल्म 'यारियां 2' का प्रमोशन जोर-शोर से शुरू



एजेंसियां

**कोलकाता:** सप्रू फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा निर्देशित फिल्म 'यारियां 2' का प्रमोशन जोर-शोर से जारी है। इस फिल्म में दिव्या खोसला कुमार, यश दासगुप्ता, मिजान जाफरी, अनास्वरा राजन, वरीना हुसैन, प्रिया वारियर और पर्ल वी पुरी जैसे महान कलाकार हैं । दिव्या, मीज़ान और पर्ल की बहन तिकड़ी ने कमाल किया है। दर्शक इस फिल्म में दिव्या और यश के बीच की मनमोहक केमिस्ट्री को भी देखने का अवसर पायेंगे । खासकर 'सिमरूं तेरा नाम' गाने की रिलीज के बाद लोगों का उत्साह काफी बढ़ गया है। प्रशंसक बेसब्री से 'लाडली' और 'अभय की प्रेम कहानी की' और 'झलक' गाने का इंतजार कर रहे हैं । हाल ही में, दिव्या और यश इस फिल्म के प्रमोशन के लिए कोलकाता में नज़र आये थे । गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ टी-सीरीज़ और राव और सप्रू फिल्म्स प्रोडक्शन इस फिल्म के निर्माता हैं । यह फिल्म भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, दिव्या खोसला कुमार और आयुष माहेश्वरी द्वारा निर्मित और राधिका राव और विनय सप्रू द्वारा निर्देशित है । यह फिल्म 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी ।

## रिचा शर्मा ने खेसारीलाल यादव की फिल्म 'रंग दे बसंती' में गाया गाना

एजेंसियां



**मुंबई:** जानीमानी गायिका रिचा शर्मा ने खेसारीलाल यादव की आने वाली फिल्म 'रंग दे बसंती' में गाना गाया है। एस आर के म्यूजिक फिल्म्स के बैनर तले बन रही 'रंग दे बसंती' के निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। इस फिल्म में खेसारीलाल यादव के साथ रति पांडे, डायना खान, अमित तिवारी, मीर सरवर, फिरोज खान, राज प्रेमी और सुजान सिंह भी मुख्य भूमिका में हैं। लंबी जुदाई, लज्जा, जोर का झटका जैसे चार्टबस्टर बॉलीवुड गानों से लोगों के बीच पहचाने जाने वाली रिचा शर्मा फिल्म रंग दे बसंती से जुड़ गई हैं। रिचा शर्मा ने इस फिल्म में एक खूबसूरत सा गाना गया है। रिचा शर्मा ने कहा कि भाषा मेरे लिए कोई बैरियर नहीं है और यदि भारतीय भाषाओं में अच्छे गाने मिले तो मैं हमेशा करना पसंद करूंगी।

## रितेश पांडेय का गाना पिरितिया के मारल रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने गायक-अभिनेता रितेश पांडेय का नया गाना पिरितिया के मारल रिलीज हो गया है। पिरितिया के मारल गाना सैड सॉन्ग है, जो सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने में रितेश पांडेय की आवाज बेहद दर्द भरी है जो लोगों के दिलों को टच करती है। गाने के म्यूजिक वीडियो में रितेश के साथ तोशी और कोमल सोनी नजर आ रही हैं। वहीं, गाना पिरितिया के मारल को लेकर रितेश पांडेय ने कहा कि गाने के लिरिक्स और भाव बेहद सेंटीमेंटल है।

# आमिर खान निर्मित फिल्म लापता लेडीज का टीजर रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार आमिर खान निर्मित फिल्म लापता लेडीज का टीजर रिलीज हो गया है। आमिर खान की पूर्व पत्नी किरण राव ने वर्ष 2011 में प्रदर्शित फिल्म 'धोबी घाट' का निर्देशन किया था। इस फिल्म में आमिर ने निर्माता के रुप में काम किया था। किरण राव लंबे अरसे के बाद लापता लेडीज के जरिये सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने जा रही हैं।किरण राव के निर्देशन में बनी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'लापता लेडीज' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर में जो दो नई दुल्हनों की कहानी देखने को मिलती है, जो ट्रेन यात्रा के दौरान खो जाती हैं। इसके बाद उनके पति पुलिस स्टेशन में जाकर उनके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवाते हैं।पुलिस वाले बने रवि किशन जब उनसे उनकी पत्नी की फोटो मांगते हैं, तो वो उन्हें शादी वाली फोटो देते हैं। जिसे देख एक्टर चौंक जाते हैं, क्योंकि उसमें लड़की घूंघट में होती है और उसका चेहरा दिखाई नहीं देता। फिल्म 'लापता लेडीज' में नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव, छाया कदम और रवि किशन जैसे कई कलाकार मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाले हैं।

## नेहा राज और लवली काजल का गाना 'गोबर ना पाथब' रिलीज



**मुंबई:** सिंगर नेहा राज और अभिनेत्री लवली काजल का गाना 'गोबर ना पाथब' रिलीज हो गया है। भोजपुरी लोकगीत 'गोबर ना पाथब' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में जहा सिंगर नेहा राज ने अपनी सुरीली आवाज दी है तो वहीं अभिनेत्री लवली काजल ने जबरदस्त परफॉर्मेंस दी है।

## इस साल करेगी 09 फिल्मों का निर्माण करेगी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स




एजेंसियां

**मुंबई:** म्यूजिक कंपनी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स इस साल करेगी 09 फिल्मों का निर्माण करेगी। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के एमडी रत्नाकर कुमार ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर अपनी आगामी फिल्मों की लिस्ट शेयर की है, जिसमें एक से बढ़ाकर एक फिल्मों की शूटिंग शुरू होने की घोषणा की है। इन फिल्मों के नाम उन्होंने महीने के हिसाब से शेयर किये हैं कि किसी माह में किस फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। रत्नाकर कुमार के इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर के कैप्शन में लिखा है शूटिंग कमिंग सून... । गौरतलब है कि सितंबर में भोजपुरी फिल्म लाटरी, भाभी, छठ के बरतिया की शूटिंग शुरू होगी, वहीं इसके बाद अक्टूबर में बाबूजी, काली मेहंदी, सनम शुरू करेंगे।

## रांची के 92 मतदान केंद्रों के नाम में परिवर्तन

रांचीः जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा आगामी लोकसभा/विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित रांची जिला अंतर्गत पड़नेवाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 58-तमाड़ (अ.ज.जा.), 61-सिल्ली एवं 64-हटिया के मतदान केन्द्रों के नाम में परिवर्तन संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी है।विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 58-तमाड़ (अ.ज.जा.), 61-सिल्ली एवं 64-हटिया के वैसे मतदान केन्द्र जो विद्यालयों में अवस्थित ह

**लापरवाही** जी20 समिट के डिनर में शामिल होने दिल्ली गये

# ईडी की पूछताछ में शामिल नहीं हुए सीएम

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने तीसरी बार समन जारी कर 9 सितंबर को पूछताछ के लिए दफ्तर बुलाया गया था। लेकिन : मुख्यमंत्री ईडी कार्यलय पूछताछ में शामिल नहीं होंगे। इसके बजाये मुख्यमंत्री जी20 समिट की डिनर पार्टी के लिए मिले आमंत्रण पर दिल्ली रवाना हो गये।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित डिनर में शामिल होने आमंत्रण मिला था। राष्ट्रपति भवन द्वारा जी20 को लेकर इस डिनर का आयोजन किया गया है। जिसमें शामिल होने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया है। इसी आमंत्रण पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली गये हैं।

जमीन घोटाला मामले में ईडी की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इसके लिए आज सीएम को ईडी के दफ्तर में हाजिर होना था। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस समन से पहले भी ईडी दो बार समन भेज चुकी है। ऐसे में यह ईडी का तीसरा समन है। जिस पर मुख्यमंत्री पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय नहीं गये। रांची जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री से पूछताछ के लिए ईडी ने पहली बार 14 अगस्त को उन्हें बुलाया था लेकिन मुख्यमंत्री उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने एक पत्र ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा को भेजा था। जिसमें उन्होंने ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कानून की शरण में जाने की बात कही थी।

वहीं ईडी से समन वापस लेने की मांग की थी। जिसके बाद ईडी ने भी सीएम को जवाबी पत्र भेजते हुए दूसरा समन भेज दिया था, जिसमें उन्हें 24 अगस्त को आने को कहा गया था। लेकिन उस दिन भी सीएम उपस्थित नहीं हुए और उन्होंने इस मामले में राहत पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दूसरी तरफ जमीन घोटाले मामले में ईडी के दो-दो समन के विरुद्ध मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तो ईडी भी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। मुख्यमंत्री ने सर्वोच्च न्यायालय में ईडी के अधिकार को चुनौती दी है, जिसके खिलाफ ईडी ने भी केविएट फाइल कर दिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि बिना ईडी के पक्ष को जाने कोई भी आदेश पारित न किया जाए।

# चंदन सिन्हा ने रांची एसएसपी का लिया चार्ज, कहा जनता को बेहतर पुलिसिंग देना एकमात्र लक्ष्य

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**आईपीएस चंदन सिन्हा ने शनिवार को रांची के सीनियर एसपी का चार्ज ले लिया है। रांची के निवर्तमान एसएसपी किशोर कौशल आईपीएस चंदन सिन्हा को पुष्प गुच्छ देकर पदभार ग्रहण करने को लेकर बधाई दी। बता दें कि किशोर कौशल को जमशेदपुर का एसएसपी बनाया गया है। रांची के सीनियर एसपी का पदभार संभालने के बाद चंदन सिन्हा ने कहा कि राजधानी रांची में काम करना अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। जिसे निभाने के लिए वो हरसंभव प्रयास करेंगे। एसएसपी ने बताया कि सरकार ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे वह पूरी तन्मयता के साथ पूरा करेंगे। एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि राजधानी राज्य का हृदय स्थल होता है। राजधानी में होने वाली घटनाएं पूरे राज्य में असर डालती हैं। ऐसे में बड़े आपराधिक कांड हो या फिर छोटे-छोटे अपराध सब पर नकेल कसना बेहद जरूरी है। रांची में अफसरों की अच्छी टीम है और उनके सहयोग से शहर में बेहतर पुलिसिंग लोगों को देखने को मिलेगी। एसएसपी ने आम जनता को यह संदेश दिया कि वह 24 घंटे उनके लिए उपलब्ध हैं और उनका मोबाइल फोन हर समय ऑन रहता है, कोई भी किसी भी समय उनसे संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है।शुक्रवार की शाम राज्य सरकार ने 18 आईपीएस अफसरों का एक साथ तबादला किया था। रांची एसएसपी रहे किशोर कौशल अब जमशेदपुर के नए एसएसपी के तौर पर योगदान देंगे। बता दें कि राजधानी रांची में सीनियर एसपी, सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी तीनों नए बनाए गए हैं। नये आईपीएस अफसरों को राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए एक साथ मिलकर काम करना होगा। फिलहाल रांची ट्रैफिक एसपी के पद पर कोई भी नहीं है। ऐसे में ट्रैफिक एसपी का पद प्रभार में ही चलेगा।

# रांची सिविल कोर्ट में लगी राष्ट्रीय लोक अदालत, 91 हजार से अधिक वादों का हुआ निष्पादन

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** व्यववहार न्यायालय, रांची में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची की ओर से शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 91 हजार से अधिक वादों का निष्पादन किया गया एवं 123 करोड़ से अधिक रूपयों की समझौता राशि की वसूली विभिन्न वादों में किया गया। जिसमें प्रीलिटिगेशन एवं लिटिगेशन के वादों का निष्पादन सम्मिलित है।

राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के अवसर पर 6 लाख 38 हजार से अधिक लाभुकों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ दिलाया गया, लगभग 174 करोड़ से अधिक राशि की योजनओं का लाभ लाभूकों को दिया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर व्यवहार न्यायालय रांची में 35 पीड़ितों के बीच लगभग 65 लाख रुपए का वितरण झारखण्ड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत किया गया। इससे पहले उदघाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायायुक्त अरूण कुमार राय, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, रशिकेष कुमार, डालसा सचिव, राकेश रंजन, अध्यक्ष, आरडीबीए, रांची, सम्भू प्रसाद अग्रवाल, सचिव, आरडीबीए, रांची, संजय विद्रोही आदि उपस्थित थे। स्वागत भाषण एवं मंच का संचालन डालसा सचिव राकेश रंजन ने किया।

राष्ट्रीय लोक अदलात के आयोजन के दौरान ही झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर, न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायमूर्ति नवनीत कुमार, राष्ट्रीय लोक अदालत की गतिविधियों को देखने के लिए आये थे एवं इसका निरीक्षण किया था। बता दें कि व्यवहार न्यायालय रांची में राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के लिए न्यायिक दण्डाधिकारियों के लिए 25 बेंच एवं कार्यपालक दण्डाधिकारियों के लिए 19 बेंच का गठन किया गया था।

### रांची में 27 अक्टूबर को आमने सामने होगी भारत और थाइलैंड की टीम

रांची : झारखंड की राजधानी रांची में वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक किया जायेगा। यह प्रतियोगिता का सातवां संस्करण है। देश में पहली बार आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी प्रतियोगिता का नाम इस बार झारखंड एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 रखा गया है जिसके लिए एशिया हॉकी महासंघ ने मैच शेड्यूल शनिवार को जारी किया। प्रतियोगिता में कुल 06 टीमें भाग लेंगी। मेजबान भारत के साथ जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीम इनमें शामिल हैं।प्रतियोगिता का पहला मैच 27अक्तूबर को जापान और मलेशिया के बीच होगा। फाइनल मैच 05 नवंबर को शाम 8।30 बजे से होगा।भारत का पहला मैच 27अक्तूबर को थाइलैंड के साथ शाम को 8।30 बजे से होगा। 28 को मलेशिया से, 30 को चीन से, 31 अक्टूबर को जापान से और 02 नवम्बर को कोरिया के साथ होगा।

# एनसीबी के फर्जी केस को एचसी ने किया निरस्त, निर्दोष होने के बावजूद 8 साल जेल में बिताने पर प्रार्थी को 8 लाख मुआवजा देने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा फर्जी ढंग से केस किए जाने से संबंधित एक मामले को निरस्त करने का आग्रह करने वाली मंगा सिंह की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने रांची में एनसीबी द्वारा प्रार्थी के खिलाफ दर्ज केस को निरस्त करते हुए उसे तत्काल जेल से छोड़ने का आदेश दिया।कोर्ट के आदेश के आलोक में प्रार्थी को जेल से रिहा कर दिया गया है। 8 साल फर्जी केस में प्रार्थी के जेल में रहने को देखते हुए कोर्ट ने आठ लाख का मुआवजा एडिशनल डायरेक्टर जनरल एनसीबी, सब जोन, रांची के माध्यम से प्रार्थी को देने का निर्देश दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया की एनसीबी के अधिकारियों ने फर्जी तरीके से मंगा सिंह सहित दो के खिलाफ वर्ष 2015 में रांची में प्राथमिकी दर्ज की थी। एनसीबी के अधिकारियों ने प्रार्थी को 6 अक्टूबर 2015 को बिहार के गया जिला स्थित बाराचट्टी के पटियाला ढाबे से पकड़ा था, जहां वह वेटर और साफ- सफाई का काम करता था। बाद में एनसीबी के अधिकारियों ने उसे रांची लाकर और उसके सहित दो के खिलाफ ड्रग के केस में प्राथमिकी दर्ज कर दी थी। बाद में गया जिला की पुलिस ने वहां दर्ज इससे संबंधित एक केस में जांच की थी, जिसमें गया पुलिस ने भी रांची में एनसीबी के इस केस को फर्जी बताया था। एनसीबी ने इस मामले में एनसीबी के 8 अधिकारियों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दायर करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है और उनके खिलाफ उनके कार्रवाई शुरू की है। उन एनसीबी के अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है। प्रार्थी बिना किसी जुर्म के 8 साल से जेल में है, एनसीबी खुद इस केस को फर्जी बता रही है, ऐसे में इस केस को निरस्त किया जाए। बता दें कि प्रार्थी ने अपने खिलाफ रांची में एनसीबी द्वारा दर्ज कराए गए केस को निरस्त करने, इस मामले में संबंधित रांची की अदालत द्वारा एक अप्रैल 2016 को लिए गए संज्ञान आदेश को निरस्त करने एवं बिना जुर्म के जेल में 8 साल बिताने को लेकर 50 लाख मुआवजा की दिलाने का आग्रह कोर्ट से किया था।

### रांची के सिकिदिरी थाना इलाके में युवक की हत्या




रांची : राजधानी रांची के सिकीदिरी थाना इलाके में एक युवक की हत्या कर दी गई है। युवक के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा है। इधर, हत्या के विरोध में गोला-ओरमांझी सड़क को जाम कर दिया गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद सिकीदिरी थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है।

# डॉ रामेश्वर उरांव करेंगे 5000 से अधिक निजी विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** राज्य का सबसे बड़ा शिक्षक सम्मान समारोह आर्यभट्ट सभागार मोराबादी रांची में आयोजित होगा उसे भव्य सम्मान समारोह की तैयारी के लिए झारखंड पासवा की पूरी टीम पूरी तरह से तैयार है। आज इस तैयारी की समीक्षा और आर्यभट्ट सभागार में तैयारी का जायजा लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री आलोक कुमार दूबे ने कहा कि इस भव्य आयोजन में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष माननीय श्री रविंद्र नाथ महतो मुख्य अतिथि रहेंगे। झारखंड के वित्त मंत्री माननीय डॉक्टर रामेश्वर उरांव शिक्षक सम्मान समारोह का दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन करेंगे। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अजीत कुमार सिन्हा एवं डीएवी मैनेजिंग कमेटी के पूर्व निदेशक एल आर सैनी इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहेंगे। इसके साथ ही झारखंड के प्रत्येक जिले से पासवा के पदाधिकारी गण एवं झारखंड के प्रत्येक जिले से निजी विद्यालयों के शिक्षक गण इस सम्मान समारोह में उपस्थित रहेंगे। सभागार में अतिथियों के बैठने की व्यवस्था साउंड सिस्टम बैनर तथा पोस्टर की व्यवस्था रजिस्ट्रेशन काउंटर एवं अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। लगभग 5000 शिक्षकों ईमेल और व्हाट्सएप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर लिया है और निश्चित रूप से कल आयोजित होने वाले शिक्षक सम्मान समारोह में ऐतिहासिक रूप से 5000 से अधिक शिक्षकों की उपस्थिति रहेगी। उन्होंने सम्मान समारोह आयोजित होने की समय सारणी को बताते हुए कहा कि सम्मानित होने वाले शिक्षकगण के लिए ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन के लिए काउंटर बनाए गए हैं तथा ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी सुबह 08:30 बजे से प्रारंभ रहेगा। झारखंड के प्रत्येक जिले से आने वाले शिक्षकों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रातः 10:00 बजे से ही शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम प्रारंभ होगा।

**कार्यशाला** निर्वाचन मामलों से संबंधित एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में राज्य के प्रशिक्षु आईएस अधिकारियों को दिया गया चुनाव प्रबंधन प्रशिक्षण

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की पहल और निर्देश पर भारतीय प्रशासनिक सेवा 2022 बैच के 6 प्रशिक्षु पदाधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु निर्वाचन मामलों से संबंधित एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षु पदाधिकारियों को चुनाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया. कार्यशाला के आरंभ में के. रवि कुमार ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को निर्वाचन कार्य की महत्ता के बारे में बताया, साथ ही निर्वाचन कार्यों के कुशल प्रबंधन को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोक प्रशासकों से जो अपेक्षाएं हैं, उनके बारे में भी विस्तार से बताया. उन्होंने अपने प्रशासकीय अनुभव को प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच साझा किया। उन्हें भविष्य में बेहतर चुनाव प्रबंधन के लिए शुभकामनाएं भी दीं.इस चुनाव प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षु पदाधिकारियों को निर्वाचन संबंधी जिन क्रियाकलापों के बारे में पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया गया, उनमें विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024, इलेक्ट्रॉनिक मतदाता सूची, मतदान केंद्र, स्वीप, चुनाव साक्षरता क्लब, जिला चुनाव प्रबंधन योजना, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, ईआरओ नेट, आईटी टूल आदि शामिल हैं।

इसके अलावा उन्हें वोटर टर्नआउट प्लान 2024 के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई.इस प्रशिक्षण कार्यशाला में जिन प्रशिक्षु आईएएस पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया, वे हैं- श्रुति राजलक्ष्मी, रवि कुमार, दीपेश कुमारी, प्रांजल, कृष्णकांत कांवरिया व सुलोचना मीना. कार्यशाला में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धनबाद पूर्णिमा कुमारी, कार्यपालक दंडाधिकारी हजारीबाग सुनील कुमार सिंह, एनएलएमटी एसएन जमील आदि मौजूद रहे।


